e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 289
गुरुवार
24.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जिंदगी जीने का सही तरिका सिर्फ उन्ही को आया है, जिन्हों ने जिंदगी में हर जगह बादाम बही, बल्कि धोखा खाया है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### सरकार ने 70 रुपये प्रति किलो की दर से भारत ब्रांड चना दाल चरण-2 किया लॉन्च

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने बढ़ती महंगाई पर नकेल कसने के लिए सख्त कदम उठाया है। सरकार ने दिपावली से पहले भारत ब्रांड योजना का दूसरा चरण लॉन्च किया है। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर दिल्ली-एनसीआर में भारत चना दाल चरण-2 की खुदरा बिक्री शुरू की।केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामले मंत्री प्रह्लाद जोशी ने दूसरे चरण की बिक्री की शुरुआत करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को चना दाल 70 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर उपलब्ध होगी।

### जम्मू में सड़क दुर्घटना में दो नीट अभ्यर्थियों की मौत

**जम्मू :** मोटरसाइकिल सवार दो नीट अभ्यर्थियों की सिधरा पुल पर ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान राजौरी के तौहीद वानी और डोडा के मेहरुन निसा के रूप में हुई है दोनों की उम्र 20 साल के आसपास है।दोनों छात्र नगरोटा से भटिंडी आ रहे थे जब मंगलवार देर रात सिधरा पुल पार करते समय उनकी मोटरसाइकिल सड़क पर फिसल गई और एक ट्रक ने उन्हें कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### कांग्रेस ने चीन-भारत एलएसी पर बनी सहमति को लेकर केन्द्र से पूछे सवाल

**नई दिल्ली :** कांग्रेस पार्टी ने भरोसा व्यक्त किया है कि भारत-चीन के बीच 2020 में पैदा हुए वास्तविक नियंत्रण रेखा संबंधित विवाद का केन्द्र सरकार सम्मानजनक हल निकालेगी। साथ ही विवाद समाधान को लेकर अस्पष्टता की बात कहते हुए सवाल खड़े किए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को वक्तव्य जारी कर कहा कि एलएसी पर पेट्रोलिंग व्यवस्था को लेकर चीन के साथ समझौते की घोषणा को लेकर कई सवाल बने हुए हैं। अब जब चीन के साथ समझौता हुआ है तब सरकार को देश के लोगों को विश्वास में लेना चाहिए और महत्वपूर्ण सवालों के जवाब देना चाहिए।

### कार से 71 लाख 97 हजार रुपये बरामद

**धनबाद :** तेलमच्चो स्थित धनबाद-बोकारो इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट पर बुधवार तड़के तीन बजे एक टोयोटा इनोवा क्रिस्टा कार (जेएच 10 बीवाई 9655) जो बोकारो से धनबाद में प्रवेश कर रही थी, उसकी जांच के दौरान 71 लाख 97 हजार रुपये बरामद हुए।इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बताया कि तेलमच्चो से बरामद राशि को लेकर अब तक एक करोड़ 25 लाख रुपये से अधिक की नकदी जिला प्रशासन ने बरामद की है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना जिला प्रशासन का उद्देश्य है।

### कर्नाटक : इमारत गिरने से 6 लोगों की मौत

**बेंगलुरु :** कर्नाटक में बेंगलुरु के बाबूसापल्या में एक निर्माणाधीन सात मंजिला इमारत ढह जाने के बाद खोज एवं बचाव अभियान के दौरान पांच और लोगों के शव बरामद किए गए हैं। इन शवों के मिलने के बाद, हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या अब 6 हो गई है। यह घटना मंगलवार को हुई थी जिसके बाद से ही अग्निशमन एवं आपातकालीन विभाग, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर राहत-बचाव अभियान चला रही हैं। यह घटना उस दौरान हुई जब बेंगलुरु में भारी बारिश हो रही थी। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया।

### बांग्लादेश में राष्ट्रपति आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ाई गई

**ढाका :** बांग्लादेश में राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के इस खुलासे के बाद कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के दस्तावेजी साक्ष्य नहीं हैं के बाद स्थित तनावपूर्ण हो गई है। इससे नाराज लोगों ने राष्ट्रपति से त्यागपत्र देने की मांग की है। बंगभवन के आसपास बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों के पहुंचने की आशंका के मद्देनजर अंतरिम सरकार ने सुरक्षा बढ़ा दी है। बंगभवन राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्युनतम | 20⁰ |

भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह के नामांकन में शामिल हुए हिमंत विश्वा सरमा, कहा

# भाजपा की सरकार बनते ही डेढ़ लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

**21** सौ रुपए मिलेंगे गोगो दीदी योजना के तहत माता एवं बहनों को सरकार बनने पर

झारखंड को घुसपैठियों से बचाना है: हेमंता बिस्वा सरमा

**20** प्रतिशत मुसलमानों की संख्या बढ़ते बढ़ते घुसपैठियों ने 45 प्रतिशत कर दी।



### राज्य में बनेगा डबल इंजन की सरकार : कमलेश

भाजपा प्रत्याशी विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने हेमंत सरकार को जिला बनाने के लिए समर्थन दिया था। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की हालत खराब है। बालू के लिए लोग भटक रहे हैं। सरकार कोयला बालू और पत्थर की कालाबाजारी के सिवा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि राज्य में नरेंद्र भाई मोदी की डबल इंजन की सरकार बना कर राज्य को खुशहाल बनाया जाएगा।उन्होंने भाजपा के झारखंड सह प्रभारी हेमंता बिस्वा सरमा को हुसैनाबाद की बंद जपला सिमट फैक्ट्री की खाली जमीन पर उद्योग लगाकर युवाओं को रोजगार देने के साथ जपला को जिला बनाने के लिए आने वाली सरकार से आग्रह किया।

**बालू व साल में दो गैस सिलेंडर भी फ्री मिलेगा**

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

विधायक सह भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह, भाजपा नेता सूर्या सिंह, यूपी के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, यूपी के विधायक लाल बहादुर चौधरी,भाजपा के हुसैनाबाद चुनाव प्रभारी जवाहिर पासवान, भाजपा के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, अशोक सिंह समेत भाजपा नेताओं ने भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह को जीत दिलाने का आह्वान किया। आशीर्वाद जनसभा में हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान पूरी तरह भरा था। कार्यक्रम में भरी संख्या में पहुंचे लोगों से शहर जाम रहा।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद में भाजपा नेता विधायक कमलेश कुमार सिंह के नामांकन के मौके पर अनुमंडल मैदान में आयोजित आशीर्वाद जनसभा में असम के मुख्यमंत्री सह भाजपा के झारखंड चुनाव प्रभारी हेमंता बिस्वा सरमा ने हुसैनाबाद से हुंकार भरा।उन्होंने हेमंत सोरेन पर हमला बोलते हुए कहा कि यह चुनाव सिर्फ कमलेश कुमार सिंह को जीतने का चुनाव नहीं है। यह चुनाव झारखंड बचाने का चुनाव है। उन्होंने हुसैनाबाद को पहली कैबिनेट में जिला बनाने का भी वादा किया।लेकिन नाम हुसैनाबाद नहीं रहेगा। किसी आंदोलनकारी के नाम पर होगा जिला। हिमंता ने कहा कि झारखण्ड में पहली कैबिनेट में जिला की फाइल पर मुहर लगेगी। यह काम नरेंद्र मोदी की गारंटी है। हेमंत सोरेन तो बालू बेचने का काम करते है। हेमंत सोरेन के रहते कभी जिला का सपना पूरा नहीं हो सकता है। राज्य अटल बिहारी भाजपाई ने दिया है। अब जिला भी भाजपा ही देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में एनडीए की सरकार बनते ही बालू फ्री होगा। उन्होंने कहा कि सरकार सबसे पहले डेढ़ लाख युवाओं को नौकरी देने का काम करेगी। उन्होंने साल में दो त्योहारों पर दो गैस सिलेंडर फ्री देने का वादा किया। साथ ही गोगो दीदी योजना से झारखंड की लड़कियों व महिलाओं को प्रतिमाह 21 सौ रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में सरकार नहीं एक दूजे की फिल्म की शूटिंग चल रही है। कभी हेमंत कल्पना को देखते है और कभी कल्पना हेमंत को। ऐसा लगता है कि सरकार नहीं फिल्म की शूटिंग चल रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड को घुसपैठियों से बचाना है। आसाम की हालत भी इसी तरह की थी। 20 प्रतिशत मुसलमानों की संख्या बढ़ते बढ़ते घुसपैठियों ने 45 प्रतिशत कर दी। यही हालत झारखंड की भी हो जाएगी। झारखंड की प्रतिष्ठा हिन्दू संस्कृति को बचाने के लिए झारखंड में भाजपा की सरकार लाना होगा। हेमंत सोरेन घुसपैठियों के बल पर राज्य में सरकार बनाने का खेल खेल रहे हैं। इसे ध्वस्त करना होगा। उन्होंने कहा कि बाबर को अयोध्या से खदेड़ा गया।अब अन्य जगहों से भी भागना आप के हाथ में है।

# महाराष्ट्र : महाविकास अघाड़ी में तय हुआ सीटों का फॉर्मूला

**कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार गुट) व शिवसेना (यूबीटी) 85-85-85 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव**



**महाविकास अघाड़ी में सीटों का फॉर्मूला तय होने के बाद शिवसेना यूबीटी ने 65 उम्मीदवारों की लिस्ट भी जारी कर दी है।**

**सीटों का बंटवारा होने से पहले शिवसेना-यूबीटी राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा था कि एमवीए के बीच सीटों के बंटवारे पर 99 फीसदी काम पूरा हो गया है।**

**एजेंसी**

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर महाविकास अघाड़ी में सीटों का फॉर्मूला तय हो गया है। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने बताया, हमने तय किया है कि कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार गुट) और शिवसेना (यूबीटी) 85-85-85 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और शेष 18 सीटों पर हम समाजवादी पार्टी और अपने गठबंधन दलों के साथ बातचीत करेंगे और कल तक स्थिति साफ हो जाएगी। हम महाविकास अघाड़ी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं और हम सरकार बनाएंगे।

महाविकास अघाड़ी में सीटों का फॉर्मूला तय होने के बाद शिवसेना यूबीटी ने 65 उम्मीदवारों की लिस्ट भी जारी कर दी है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को मतदान किया जाएगा। वहीं 23 नवंबर को चुनाव का परिणाम जारी किया जाएगा। बता दें कि महाविकास अघाड़ी में सीटों के बंटवारे को लेकर खींचतान मची हुई थी। उद्धव ठाकरे की शिवसेना-यूबीटी 100 सीट से कम पर मानने को तैयार नहीं थी, लेकिन कांग्रेस इतनी सीटें देने के लिए राजी नहीं थी। सीट बंटवारा फाइनल नहीं होने की वजह से संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस का समय भी तय नहीं हो पा रहा था। सीट बंटवारा विवाद सार्वजनिक ना हो, इसलिए बुधवार दोपहर से एमवीए के कुछ नेताओं की मुंबई में गुप्त बैठक हो रही थी। जितेंद्र आव्हाड ने शरद पवार से मुलाकात कर मौजूदा डेडलॉक की पूरी जानकारी दी थी। सीटों का बंटवारा होने से पहले शिवसेना-यूबीटी राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा था कि एमवीए के बीच सीटों के बंटवारे पर 99 फीसदी काम पूरा हो गया है। राउत ने यह भी संकेत दिया था।

# रांची से महुआ माजी होंगी जेएमएम प्रत्याशी



**मुख्यमंत्री और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन फिर एक बार बरहेट से चुनाव लड़ेंगे.**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने रांची सीट पर प्रत्याशी की घोषणा कर दी. यहां से पार्टी ने महुआ माजी को प्रत्याशी बनाया गया है. बता दें कि वर्तमान में डॉ महुआ माजी राज्यसभा सांसद हैं.

इससे पहले विधानसभा चुनाव के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मंगलवार देर रात अपनी पहली लिस्ट जारी की थी. इस लिस्ट में 35 प्रत्याशियों के नाम हैं. मुख्यमंत्री और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन फिर एक बार बरहेट से चुनाव लड़ेंगे. वहीं उनके भाई बसंत सोरेन दुमका से और पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन गांडेय से झामुमो उम्मीदवार होंगी. झारखंड मुक्ति मोर्चा ने लिट्टीपाड़ा से अपने सिटिंग विधायक दिनेश विलियम मरांडी का टिकट काटकर उनकी जगह हेमलाल मुर्मू को उम्मीदवार बनाया है, जबकि इस बार बोरियो विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बनें लोबिन हेम्ब्रम से मुकाबला करने के लिए धनंजय सोरेन को मैदान में उतारा है. धनवार सीट से पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी को उम्मीदवार बनाया है। जेएमएम द्वारा अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करने के बाद दूसरी सूची जारी की गई। जारी सूची के अनुसार महुआ मांझी राजधानी रांची से झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी होंगी।

# वायनाड से प्रियंका गांधी ने किया नामांकन दाखिल

**13** नवंबर को वायनाड लोकसभा सीट उपचुनाव के लिए होगी वोटिंग



**एजेंसी**

**वायनाड :** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन का पर्चा भरा। इस दौरान उसके साथ स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। पर्चा भरने के बाद उन्होंने एक रोड-शो किया। इस रोड-शो में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी में मौजूद हैं। बता दें कि वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए जहां कांग्रेस ने प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनावी मैदान में उतारा है तो वहीं भाजपा ने नव्या हरिदास को उम्मीदवार बनाया। नव्या ने पहले ही कांग्रेस को कड़े मुकाबले की चुनौती दे चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि आगामी उपचुनाव में प्रियंका गांधी को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।प्रियंका गांधी के नामांकन पर कांग्रेस सांसद जेबी माथेर ने कहा,आप जो ऊर्जा यहां देख रहे हैं, यह कुछ ऐसा है, जिसका हम सभी इंतजार कर रहे थे। हम चाहते थे कि प्रियंका गांधी किसी भी सीट से चुनाव लड़े, लेकिन हमने कभी ऐसा नहीं सोचा था कि किस्मत हमारे पास चलकर आएगी। हम सभी उत्साहित हैं। हर तरफ उत्साह है। यह वायनाड और केरल के लिए दोहरा सौभाग्य है, क्योंकि इसे अब स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा- प्रियंका गांधी वाड्रा, लोकसभा की सदस्य, वायनाड, केरल। बता दें कि प्रियंका गांधी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ेंगी। वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को वोटिंग होगी। ये सीट राहुल गांधी के इस्तीफे से खाली हुई है। राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से भी जीते हैं, इसलिए उन्होंने वायनाड सीट से इस्तीफा दिया है।

**ब्रिक्स समिट को पीएम मोदी ने किया संबोधित**

# हमें आतंकवाद से लड़ना होगा : पीएम मोदी



**एजेंसी**

**मास्को :** पीएम मोदी ने बुधवार को ब्रिक्स समिट को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि ब्रिक्स विभाजनकारी नहीं जनहितकारी है. वैश्विक संस्थाओं में सुधार के लिए आवाज उठानी होगी. हम सुरक्षित समृद्ध भविष्य के लिए सक्षम हैं. इस दौरान पीएम ने आतंकवाद के खिलाफ भी आवाज उठाई.उन्होंने कहा कि हमें आतंकवाद और टेटर फंडिंग से मजबूती से लड़ना होगा. हमें युवाओं को कट्टरपंथ की ओर जाने से रोकना होगा. भारत युद्ध नहीं संवाद और कूटनीति का समर्थन करता है.पीएम मोदी ने कहा कि जिस तरह हमने कोविड को हराया, उसी तरह सुरक्षित, मजबूत और समृद्ध भविष्य के लिए नए अवसरों के सृजन के लिए भी सक्षम हैं. आतंकवाद के मामले पर पीएम ने कहा कि इससे निपटने के लिए हम सभी को सर्वसम्मति से सहयोग करना होगा. ऐसे गंभीर मामले पर दोहरे मानदंडों की कोई जगह नहीं है.पीएम मोदी ने कहा कि हमें अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर यूएन में व्यापक सम्मेलन के लंबित मुद्दे को लेकर मिलकर काम करना होगा. इसके साथ ही हमें साइबर सिक्योरिटी के साथ ही सुरक्षित एआई के लिए काम करना चाहिए. ब्रिक्स ऐसा संगठन है जो समय के अनुसार खुद में बदलाव करने की इच्छाशक्ति रखता है.

## अबुआ आवास के लाभुक से पांच हजार लेते पंचायत सचिव गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने पांच हजार रुपये नकदी घूस लेते पंचायत सचिव को गिरफ्तार किया है। पंचायत सचिव ने अबुआ आवास की पहली किस्त जारी करने पर लाभुक से घूस की मांग की थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग की टीम चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड के इचाक व पुंडरा पंचायत सचिव को घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर हजारीबाग ले गई है। जानकारी के अनुसार अबुआ आवास की लाभुक सोनिया देवी पत्नी प्रकाश यादव, ग्राम इचाक नावाटांड़, पोस्ट शीला, थाना-सिमरिया, जिला चतरा ने हजारीबाग भ्रष्टाचार निरोधक कार्यालय को आवेदन देकर सूचना दी कि अबुआ आवास बनाने के लिए प्रथम किस्त 30,000 रुपये आया है।पंचायत सचिव खुशबु लता 19 अक्टूबर को इनके घर पर आयी और बोली कि आवास निर्माण के लिए जो 30 हजार रुपये खाते में आया है, उससे 5,000 रुपये निकालकर मुझे तुरंत दो तथा इसके बाद आगे से जो पैसा निकलेगा उसमें से भी कमीशन देना पड़ेगा।

असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद
General Medicine
• Fever and Sepsis
• Blood Pressure
• Diabetes Management
• Thyroid Management
Dr. Pankaj
General Medicine / Physician
MBBS, DNB (Medicine)
Dr. Sumeet kumar
General Medicine / Physician
MD MEDICINE (MGMMC, INDORE)
O.P.D
Monday to Saturday
10 AM to 2 PM
7808368888 www.asarfihospital.com
Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

# दो सौ से अधिक कार्यकर्ताओं ने थामा झामुमो का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। गढ़वा से भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी के करीबी और भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय भगत अपने दर्जनों सहयोगियों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए। सभी ने गढ़वा विधायक झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को फुल माला, पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री चंदन कुमार, महेन्द्र प्रसाद, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हरि किशुन मेहता, महेंद्र प्रसाद, राजेश भगत, अरविन्द भगत, फारुक अली, संजीव कुमार, सत्य मल्होत्रा, नागेन्द्र प्रसाद पटवा, डॉ विनोद विहारी भगत, आशुतोष कुमार (गोलु), शशिकान्त यादव, अविनाश कुमार (बाबु), यमुना प्रसाद गुप्ता, राधेश्याम मेहता, अजय प्रजापति, शिवनाथ कुशवाहा, सुजित कुमार (डब्लु), उनमन कुमार, संजय साव, नुरुल हक, अजय ठाकुर, सुभाष कुमार, सागर कुमार, विशाल कुमार, बबलु ठाकुर, उपेन्द्र प्रसाद पटवा, अरुणा मेहता, अनुराग मलहोत्रा, सत्येन्द्र मालाकार, लड्डू कुमार, वंशीधर मेहता, ओम प्रकाश ठाकुर, दुर्गेश कुमार, रबिन्द्र राम, विकाश शर्मा, अयुब अंसारी, फारुख अली, संजय राम, रेयाजुद्दीन अंसारी, राहुल मलहोत्रा, राजु कुमार सहित विभिन्न क्षेत्रों के दो सौ से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि संजय भगत काफी कर्मठ एवं जुझारू नेता हैं। इन्हें झामुमो में आने से पार्टी और मजबूत होगी। विकास का साथ देने वाले ऐसे सभी तमाम सहयोगियों को दिल से स्वागत एवं धन्यवाद है। उनके कुशल नेतृत्व क्षमता का लाभ पार्टी को मिलेगा। मंत्री ने कहा कि गढ़वा की जनता ने उन्हें एक बार सेवा का मौका दिया तो गढ़वा की तस्वीर बदल गई। आज गढ़वा में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्य एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे राज्य किए जा रहे जनहित के बेहतर कार्यों का असर जनता पर साफ दिख रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले 30 वर्षों के कार्यों पर उनका तीन साल का कार्यकाल भारी पड़ेगा। यदि कोई इसे कम साबित कर दे तो वे अपना नामांकन वापस ले लेंगे। उन्होंने कहा कि जनता पूरी तरह मन बना चुकी है। इस बार पुनः राज्य में महागठबंधन की सरकार बनेगी।

## विकास की रफ्तार को कायम रखने के लिए भाजपा को दें समर्थन : रामचंद्र चंद्रवंशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** पूर्व मंत्री सह निवर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने बुधवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के पांडेयपुर,भलूआनी, लेदुका, बंदला, रेहला, विशुनपुर सहित दर्जनों गांवों में जनसंपर्क चलाया। इसके अलावा उन्होंने जनता से सीधा संवाद भी किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पिछले दस वर्षों से बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र का विकास तेज गति के साथ हुआ है। विकास के इस रफ्तार को कायम रखने के लिए भाजपा को समर्थन दें। क्षेत्र का विकास हमने किया है और आगे भी हम ही करेंगे। जब काम हमने किया है तो मजदूरी भी मुझे ही मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में कई वोट कटवा लोग भेष बदल बदल कर आयेंगे, कई तरह का प्रलोभन देंगे, लेकिन किसी के बहकावे में नहीं आना है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, डॉ वी पी शुक्ला, पार्षद देवनाथ यादव, सुनील कुमार चौधरी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,शिवबंश मिश्रा, संजय ठाकुर, संतोष राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## जनता ही मेरा सिंबल : जागृति विकाश दुबे



**बिश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र से झारखंड युवा विकास पार्टी की प्रत्यासी जागृति विकाश दुबे ने नामांकन रैली के द्वारा शक्ति प्रदर्शन किया. उन्होंने कांडी प्रखंड मुख्यालय से रोड शो शुरू किया. उनका रोड शो मझिआंव, बरडीहा, उटारी होते हुए बी मोड़ पहुंचा. जहां पार्टी सुप्रीमो विकाश दुबे व विस प्रत्यासी जागृति विकाश दुबे ने कार्यकर्ताओं व आमलोगों को संबोधित किया. रैली में उमड़े जनसैलाब से उत्साहित जागृति विकाश दुबे ने कहा कि जनता ही मेरी पार्टी है और जनता ही मेरा सिंबल. बिश्रामपुर की जानता के सम्मान की रक्षा हेतु ही चुनावी मैदान में उतरी हूं.मौका मिला तो बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र को न्याय के साथ विकसित करके दिखाऊंगी.पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विकाश दुबे ने कहा कि हमारे पास विकास का विजन है. उसे धरातल पर उतारने के लिए परफैक्ट रोड मैप के साथ अटल संकल्प है. मौके पर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रोहित तिवारी, युवा समाजसेवी विवेक शुक्ला ढुल्लू, सत्यनारायण तिवारी, सुधीर पांडेय, प्रदीप पांडेय, रविशंकर चौबे सेठ, प्रवीण मिश्रा, अजय शुक्ला, विष्णु शुक्ला, जय प्रकाश शुक्ला, आमिर अंसारी, रहमत अंसारी, प्रियव्रत सिंह, रामकुमार महतो, गंगा महतो, धर्मेंद्र चौबे डबलू सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# छतरपुर को ज़िला और भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड बनाने को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण जनता त्राहिमाम है। झारखंड अगेंस्ट करप्शन के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन राज्यपाल संतोष गंगवार को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि कालांतर से भ्रष्टाचार की कलंक कथाओं से कराह रहा रत्नगर्भा झारखंड राज्य राजभवन के दखल से भ्रष्टाचार से मुक्त हो। झारखंड में होने वाली नियुक्तियां अक्सर विवादों में ही रही हैं, जिसके कारण राज्य के युवाओं में निराशा का भाव व्याप्त है। वहीं ज्ञापन में यह भी कहा गया कि वर्तमान पलामू ज़िला मुख्यालय से 50 किमी की दूरी पर स्थित छतरपुर अनुमण्डल सारी अहर्ता रखता है जिसे जिला बनाने की पहल आपके द्वारा की जाये ताकि इलाके के विकास के मार्ग प्रशस्त हो। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्षों तक नक्सलवाद का दंश झेल रहे छतरपुर के जिला बनने से इलाके का विकास और उत्थान तेज़ी से सम्भव हो पायेगा. प्रतिनिधिमंडल को कहा कि वर्तमान में हो रहे चुनाव में संगठन जन जागरुकता का काम करे, ताकि अच्छे लोग चुन कर आयें और नेतृत्व करें, ताकि राज्य में भ्रष्टाचार कम हो और राज्य का विकास तीव्रगति से हो। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से केन्द्रीय अध्यक्ष दुर्गा उरॉव÷मुंडा, केन्द्रीय संयोजक चितरंजन कुमार, केंद्रीय सह महामंत्री अरविंद, उपमहासचिव अमित यादव और केन्द्रीय सदस्य संतोष कुमार सिंह शामिल थे।

## भव्यता व पवित्रता के साथ होगा चित्रगुप्त पूजा : अविनाश वर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** श्री चित्रगुप्त पूजा समिति 2024 के द्वारा स्थानीय अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पलामू के जेल हाता स्थित कार्यालय में बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूजा समिति 2024 के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह उर्फ राकेश ने की एवं संचालन सचिव शशांक सुमन ने किया। बैठक में पूजा समिति के संयोजक अविनाश कुमार वर्मा एवं सह संयोजक चि गोपाल सिन्हा उर्फ मुन्ना भी उपस्थित रहे।बैठक में आगामी 3 नवंबर को होने वाले श्री चित्रगुप्त पूजा महोत्सव के कार्यक्रमों के उपर चर्चा की गई एवं पूजा को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में सदस्यों ने भव्य भक्ति जागरण करने एवं भंडारा करने पर बल दिया एवं समिति के साथ अपना विश्वास जताते हुए पूर्ण रूप से समर्थन एवं अपने कर्तव्यों को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए अविनाश कुमार वर्मा ने कहा की वर्षों से होते आ रहे चित्रगुप्त पूजा में जिन लोगों ने भी अपना सहयोग और साथ दिया है। उन सभी को धन्यवाद देता हूं और आगामी पूजा को पूरे पवित्रता और भव्यता के साथ करने का वचन देता हूं। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश पदाधिकारी स्नेह रंजन श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पलामू के जिलाध्यक्ष कमल किशोर, रंजन श्रीवास्तव, महासचिव लाल बहादुर सिन्हा, संजय शरण, प्रसून कुमार, चि प्रभाकर सिन्हा, पप्पू श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, नवीन सिन्हा, सुबोध कुमार सिन्हा आदि लोग सम्मिलित हुए।

## बीजेपी कार्यकर्ताओं ने विधायक के नामांकन में शामिल होने का सभी को दिया निमंत्रण



**विशुनपुरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा विशुनपुरा बाजार में बैंड बाजा के साथ सभी दुकानदारों एवम आम जनों को भानु प्रताप शाही के नामांकन में चलने का किया अपील किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विशुनपुरा मार्किट में गाजे बाजे के साथ पूरे प्रखंड के लोगो को 24 अक्टूबर को नामांकन में शामिल होने का अपील किया है। लोगो ने इसे बहुत ही अनोखा पहल बताया है।

## विशुनपुरा में जेएमएम कार्यालय का किया गया शुभारम्भ



**विशुनपुरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विशुनपुरा में चकचक मोड़ के पास जेएमएम के चुनावी कार्यालय का बुधवार को शुभारम्भ किया गया। कार्यालय का शुभारंभ पूर्व विधायक के पुत्र मानवेन्द्र प्रताप देव् ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में जेएमएम कार्यालय के समीप कार्यकर्ता जुटे। सभी ने जमकर नारा लगाया और छोटे राजा के पक्ष में तीर धनुष छाप पर मुहर लगाकर विजयी बनाने का अपील किया। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, विजय चौरसिया, अभिजीत सिंह, हेमेन्द्र कुमार, मिथलेश सिंह, संजय चंद्रवंशी, संजय गुप्ता, ग्यासुद्दीन अंसारी, भरदुल चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ऐतिहासिक होगा नामांकन सह जन आशीर्वाद सभा : कर्नल संजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** निर्दलीय प्रत्याशी कर्नल संजय सिंह ने घोषणा की है कि वह 24 अक्तूबर को हुसैनाबाद विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर को ऐतिहासिक बनाने के लिए कर्नल संजय सिंह ने कई गांवों का दौरा कर जनता से मुलाकात की और उनका समर्थन मांगा। उन्होंने कहा, हुसैनाबाद की धरती पर पहली बार किसानों का एक सच्चा प्रतिनिधि चुनाव लड़ रहा है। मैं स्वयं एक किसान हूं और अपनी सैन्य सेवा को छोड़कर अब जनता की सेवा में उतर आया हूं। कर्नल संजय सिंह ने जोर देकर कहा कि हुसैनाबाद के युवाओं और महिलाओं का पूरा समर्थन उन्हें मिल रहा है, और वे जनता के हर वर्ग की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके चुनावी अभियान के दौरान उन्होंने जनता से अपील की कि वे भारी संख्या में 24 अक्तूबर को उनके नामांकन में शामिल हों और उन्हें समर्थन दें। सैन्य सेवा से राजनीति में आने के पीछे उनका उद्देश्य हुसैनाबाद के किसानों और गरीबों की समस्याओं को हल करना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास की कमी है, और यदि वे चुनाव जीतते हैं, तो वे इसे दूर करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। जनता के बीच कर्नल संजय सिंह के समर्थन में माहौल देखा जा रहा है।

## भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी ने किया क्षेत्र का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** विधायक सह भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी ने बुधवार को दर्जनों गांव मे तूफानी दौरा किया। इस दौरान पुष्पा देवी ने ग्रामीणों के सामने अपने किए गए विकास कार्यो का उल्लेख भी किया। पाटन प्रखंड अंतर्गत नावांजयपुर, पचकेडिया, कोल्हूआ, हरैया, द्वामा, खजुरी, दीपौआ इत्यादि गांव का दौरा किया। और लोगो को आवाहन किया। कि 24 अक्टूबर को नॉमिनेशन मे जाने का न्योता दिया। क्षेत्र की ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि विधानसभा प्रत्याशी के तौर पर पुष्पा देवी सबसे लोकप्रिय पब्लिक की पसंद है। ग्रामीणों ने बताया कि पुष्पा देवी इस क्षेत्र की पहली विधायक है जो काम के बदले वोट मांग रही है।इस दौरान कई एक गांव में एक नई स्थिति देखने को भी मिली। राजद के परंपरागत वोटर का झुकाव पुष्पा देवी के पक्ष में दिखा। बातचीत के दौरान हरैया खुर्द के मुस्लिम वोटरों ने बताया कि अब वो विकास कार्यो के साथ है और अब उन्हें कोई बरगला नहीं सकता। एक स्वर में उन्होंने कहा कि उनका समर्थन विकास की नई परिभाषा गढ़ने वाली विधायक पुष्पा देवी के साथ है। फिर से अबकी भाजपा की सरकार राज्य मे बनाई जाएगी।

## स्वीप कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** प्रखंड अंतर्गत अत्यंत सुदूर बूथ संख्या 276 उत्क्रमित मध्य विद्यालय होमियां में स्वीप का भव्य आयोजन किया गया। आदिम जनजाति के गांव में दिन भर हुआ मनोरंजक खेलों का आयोजन। इस अवसर पर आंखों में पट्टी बांध कर मटका फोड़ प्रतियोगिता, हैंडबॉल से ग्लास का पिलर गिराओ प्रतियोगिता, गुलेल से निशाना लगाओ प्रतियोगिता, बच्चों का ड्राइंग बुक में रंग भरो कार्यक्रम, प्लास्टिक बाल को बाल्टी में गोल करो प्रतियोगिता, चक्कर खाओ दौड़ लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर गांव के बच्चों में बिस्कुट, मिठाई, चॉकलेट के साथ दिया, तेल की डिब्बी, फुलझड़ी, कापी, पेन और खेल सामग्री का किया गया वितरण।अंत में सभी ग्राम वासियों को बैठा कर सामूहिक भोजन कराया गया।

**बूथ 276 ही क्यों?**

विलुप्त हो रहे परहिया जनजातियों का गांव। पाटन प्रखंड का एक मात्र पीवीटीजी चिन्हित बूथ। पाटन प्रखंड का दूरस्थ बूथ।अति नक्सल प्रभावित चिन्हित बूथ। दुर्गम भौगोलिक अवस्थिति के कारण शासन प्रशासन द्वारा ध्यान न दिया जा पाना। विगत लोक सभा चुनाव में मात्र 48 प्रतिशत मतदान होना।

## कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव को किया सपोर्ट

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडिया गठबंधन से चुनाव लड़ रहे जेएमएम के नेता अनंत प्रताप देव को कांग्रेस के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता समर्थन कर रहे है। उक्त बातें नगर गढ़ में प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि मोबिन अंसारी ने कहा है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस के लोग तन मन धन से छोटे राजा उर्फ अनंत प्रताप देव के साथ खड़े है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बिना वजह उनका विरोध कर रहे है और जो लोग विरोध कर रहे है, वे पार्टी के लोग नही है। ये सभी लोग भाजपा के भानु प्रताप शाही के एजेंट है। इस प्रकार का अनाप सनाप प्रचार करके लोगो के मन मे भ्रम पैदा कर रहे है। उन्होंने कहा कि छोटे राजा द्वारा कभी भी कांग्रेस का सिम्बल को नही फाड़ा गया। ये सब मनगढंत बातें है।भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के लोग एक जुट है और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के साथ है। जो लोग ऐसा कर रहे है, वैसे लोगो को पार्टी से निकालने की मांग सभी लोग हाई कमान से करेंगे।मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सगमा रेयाज अंसारी,प्रखंड अध्यक्ष नगर उंटारी संजय प्रसाद,कांग्रेस सेवादल कार्यकारी जिला मुख्य संगठक ईश्वरी चौधरी,जिला सचिव मानिक राम,बीस सूत्रीय अध्यक्ष धुरकी मन्नान अंसारी, सेवादल प्रभारी सुदर्शन उरांव,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुनीता देवी,राम नाथ उरांव तथा श्याम सुंदर राम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को लूटने को लुटेरों ने किया प्रयास, हुए असफल, भागने में कामयाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** थाना क्षेत्र के बिलासपुर स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को लूटने के इरादे से आए 4 अज्ञात अपराधियों ने बैंक में फायरिंग कर दी। फायरिंग में बैंक मैनेजर जितेन्द्र सिंह मीना बाल बच गए। गोली बैंक मैनेजर के चैंबर में लगे कूलर को चीरते हुए दिवाल में जा लगी। गोली लगने के बाद कूलर में तेज आवाज होने लगी। जिसके बाद अपराधी फरार हो गए। स्थानीय ग्रामीण चंदन कुमार ने बताया कि वे पैसा डिपोजिट करने आए थे। लगभग 3 बजे के करीब तीन लोग मास्क लगाकर बैंक में घुसे। एक व्यक्ति बैंक के गेट के पास खड़ा हो गया। जबकि दो लोग बैंक में आते ही सभी ग्राहकों को एक जगह बैठ जाने की चेतावनी दी। इसके बाद दो अपराधी चतुर्थ वर्गीय कर्मी मंटू का मोबाइल छिन कर पटक दिया। उसके बाद बैंक मैनेजर के चैंबर में घुसकर मोबाइल छिन कर पटकने का प्रयास किया। जिसका विरोध मैनेजर करने लगे। इसी दौरान एक अपराधी बैंक मैनेजर के सर पर रिवॉल्वर के बट से मारते हुए फायरिंग कर दी। घटना के समय बैंक में 20 से 25 ग्राहक मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि सभी अपराधी बाइक से आये थे। एक बाइक यूपी की ओर जबकि दूसरे बाइक से अपराधी शहर की ओर भाग निकले। वहीं घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक दल बल के साथ बैंक पहुंच कर मामले की जानकारी ली। बैंक मैनेजर सहित अन्य कर्मियों से पूछताछ कर मामले के बारे में जानकारी लिया। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी गहनता से जांच पुलिस कर रही है। जब कि बैंक के प्रबंधक जितेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि लगभग तीन बजे चार की संख्या में लुटेरे घुसे।घुसते ही वे लोग ग्राहकों को एक तरफ कर मोबाइल छिनने का प्रयास करने लगे।मेरा भी मोबाइल छिनने का प्रयास करने लगे।विरोध करने पर रिवाल्वर के बट से मेरे सर पर हमला कर दिया उस दौरान गोली चल गई जिससे गोली कुछ दूरी पर रखे कूलर को बेधती हुई दीवाल में छत के नजदीक घुस गई। उसने बताया कि कूलर का पर टूटने से कूलर जोर से आवाज करने लगा। जिससे घबरा कर लुटेरे भाग निकले।

# 40 वर्षीय व्यक्ति की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय डालटनगंज के एसपी कोठी रोड आबादगंज के शुभम अग्रवाल उम्र (40) की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया है।उसका शव मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सुआ के डीटीएस टोला में डालटनगंज-चियांकी रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक किनारे से बरामद किया गया है। घटना को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तेजी से अनुसंधान किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह सात बजे सुआ डीटीएस टोला में रेलवे ट्रैक किनारे शव देखा गया। बाद में डेड बॉडी की पहचान की गई। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन और सदर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। छानबीन की गई। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लगी रही।डेड बॉडी को देखने से प्रतीत हो रहा था कि उसके सिर पर वार किया गया होगा। दाहिने हाथ की उंगलियां भी क्षतिग्रस्त पाई गई।संभावना है कि हत्या से पहले युवक जान बचाने के लिए हमलावरों से भिड़ गया होगा।ऐसे में उसकी हाथ की तीन उंगली क्षतिग्रस्त नजर आई। उसके गले का सोने का चैन, मोबाइल, पर्स गायब मिले हैं। मोटरसाइकिल बरामद हुई है। परिजनों के अनुसार मंगलवार शाम 4 बजे से शुभम का कोई अता पता नहीं चल रहा था।ग्रामीणों में चर्चा है कि प्रेम प्रसंग में शुभम की हत्या हुई, जहां घटना हुई उसके अगल-बगल की किसी युवती के साथ उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था।इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। पूरे गांव में इस घटना की चर्चा है। प्रेम प्रसंग होने के कारण शुभम उपरोक्त इलाके में आना-जाना करता था।

## चियांकि रेलवे स्टेशन के नजदीक घायल अवस्था में मिली महिला, आरपीएफ जवानों ने पहुंचाया अस्पताल

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी रेलवे स्टेशन के समीप पाटन थाना क्षेत्र के जोड़ा खुर्द निवासी राजू सिंह की पत्नी पायल देवी उम्र 30 वर्ष बुधवार की शाम घायल अवस्था में पड़ी हुई थी। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी आरपीएफ थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर घायल को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए आरपीएफ थाना थाना की पुलिस द्वारा इस घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दे दी गई है। घटना की जानकारी मिलने पर घायल के परिजन अस्पताल पहुंचने वाले हैं। अस्पताल में घायल महिला का इलाज आरपीएफ पुलिस कर्मियों की देखरेख में चल रहा है


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संक्षिप्त खबरें

## हटिया से कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव आज करेंगे नामांकन



**रांची।** कांग्रेस से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव कल 24 अक्टूबर दिन गुरुवार को हटिया विधानसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे।शाहदेव सुबह 8 बजे पी पी कंपाउंड स्थित आवास से निकलकर मेन रोड स्थित आनंदमयी आश्रम ,डोरंडा स्थित रेसालदार बाबा मजार, हिनु चौक स्थित मंदिर फिर वहां से बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा में माल्यार्पण कर मुड़मा स्थित जतरा खुंटा शक्ति स्थल में पूजा करते हुए रातु गढ़ जाएंगे वहां से समाहरणालय पहुंचेंगे और अपना नामांकन दाखिल करेंगे और यहां के बाद एचइसी स्थित पुराना विधानसभा मैदान पहुंचकर आशीर्वाद सह नामांकन सभा को संबोधित करेंगे।

## मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित

**रांची :** रांची के पतरा गोंदा में आगामी विधानसभा आम चुनाव को लेकर बुधवार को समाजसेवी डॉ. दीपक गुप्ता के जरिये जिला निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन के सहयोग से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से सुंडील पंचायत की उप मुखिया नमिता देवी और आंगनबाड़ी सेविका सुमन देवी की उपस्थिति रही। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आयोजित इस अभियान का उद्देश्य लोगों को उनके मतदान के अधिकार और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के प्रति प्रेरित करना है।

# आईपीएस अधिकारियों के लिए भाजपा और आजसू में कोई जगह नहीं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी अपने समर्पित कार्यकर्ताओं से दूरी बना रही है , अब तक जो पहली सूची जारी की है उसमें सबसे ज्यादा उम्मीदवारों में जेवीएम,जेएमएम के नेताओं को भाजपा ने टिकट दिया है। इसलिए नाराज कार्यकर्ताओं ने भाजपा से दूरी बना रहे हैं। जिसमें पूर्व डीआईजी रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन सिंह को भी भुगतना पड़ा। जब उन्हें जमशेदपुर पश्चिम सीट के काबिल नहीं समझ गया , तो राजीव रंजन सिंह ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने बातचीत में बताया कि वह निर्दलीय या फिर किसी दूसरे पार्टी से चुनाव लड़ने का मन नहीं बनाया है, लेकिन भाजपा समर्पित जिन कार्यकर्ताओं को टिकट बीजेपी ने नहीं दिया है और वे निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं , तो उनको मदद करने के लिए मन जरुर बनाया है। राजीव सिंह ने बताया कि दुख की बात यह है कि जमशेदपुर पश्चिम सीट पर जिसे उम्मीदवार बनाया गया है वह भाजपा से 2019 में बगावत कर चुके थे, जिसका खामियाजा यह हुआ कि भाजपा को बहुमत नहीं मिली, और आज भाजपा सरकार में नहीं है।



ऐसे व्यक्ति जो भाजपा के विरोध काम किया , वे रातों-रात जदयू में जाते हैं और भाजपा के गठबंधन है, इसलिए भाजपा जमशेदपुर पश्चिमी सीट जदयू के खाते में डाल देते हैं। जिस पर सरयू राय जदयू से उम्मीदवार है और वे चुनाव लड़ेंगे, और हम जैसे पार्टी कार्यकर्ता देखते रह जाते हैं।

### संजय रंजन को भी नहीं मिला टिकट

वहीं दूसरी तरफ हुसैनाबाद से आस लगाए पूर्व आईपीएस अधिकारी संजय रंजन बड़ी उम्मीद के साथ आजसू में शामिल हुए थे, उन्हें लगा था कि आजसू हुसैनाबाद से टिकट देगी, लेकिन भाजपा और आजसू का गठबंधन होने से हुसैनाबाद सीट भाजपा ने ले लिया और यहां से एनसीपी के बागी नेता कमलेश सिंह के भाजपा में जाने के बाद उन्हें हुसैनाबाद से टिकट दे दिया गया है। अब देखने वाली बात यह है कि आईपीएस अधिकारियों के लिए भाजपा और आजसू में कोई जगह नहीं है। वहीं अब तक भाजपा से दूरी बनाने वाले कुणाल सारंगी, लुईस मरांडी, कमलेश राम, आजसू से उमाकांत रजक सैकड़ों नेता, विधायक शामिल हैं।

# ये झारखंड की माटी, बेटी और रोटी बचाने का चुनाव है : शिवराज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को गढ़वा विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार सत्येन्द्र नाथ तिवारी के समर्थन में नामांकन कार्यक्रम में सहभागिता की और विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने जेएमएम और हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि, हेमंत सोरेन और गठबंधन की सरकार ने वन संपदा, जल संपदा, खनिज संपदा और सौंदर्य से भरपूर राज्य को पूरी तरह तबाह और बर्बाद कर दिया है। बेईमान सरकार के घोटालों और भ्रष्टाचारों की लंबी फेहरिस्त है। इनके मंत्रियों के घरों से नोटों के पहाड बरामद हुए हैं और गरीब जनता त्राही त्राही कर रही है, इसलिए अब झारखंड की जनता ने जेएमएम की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फैंकने का मन बना लिया है। झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही सुशासन स्थापित करेगी।



**ईट, बालू, पत्थर, कोयला सब खा गए**

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, जेएमएम और उनके मंत्रियों ने पूरे झारखंड को लूट लिया है। हमने सुना था कि, रावण का भाई कुम्भकरण 6 महीने सोता था और जब 6 महीने के बाद उठता था तो केवल खाता ही रहता था। कुम्भकरण तो 6 महीने ही खाता था, लेकिन यहां मंत्री 12 महीने ही खाते रहते हैं। ये ईंट, पत्थर, बालू, कोयला खा जाते हैं, जल जीवन मिशन का पैसा खा जाते हैं, मानरेगा का पैसा खा जाते हैं। इन्होंने 5 साल झारखंड की भोली-भाली जनता को खाया है। यहां जनता बालू के लिए तरस रही है, बालू बाल्टी में बिक रही है। प्रधानमंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी ने गरीब के पक्के मकान बनाने के लिए पैसा तो भेज दिया लेकिन यहां बालू के दाम आसमान छूं रहे हैं, गरीब को मकान बनाने के लिए बालू ही नहीं मिल रही है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मैं आज वचन देने आया हूं कि, भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही पक्के मकान बनाने के लिए बालू मुफ्त दी जाएगी।

# बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में पुलिस की छापेमारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आगामी विधानसभा सभा चुनाव 2024 को लेकर 23 अक्टूबर 2024 की सुबह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार में पुलिस अधीक्षक(नगर) रांची, राजकुमार मेहता एवं अनुमंडल दंडाधिकारी सदर, रांची, उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में केंद्रीय कारा, होटवार में औचक छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। छापामारी में पुलिस उपाधीक्षक, सदर, कार्यपालक दंडाधिकारी, रांची, थाना प्रभारी सदर, खेलगांव के अतिरिक्त,12 एस आइ एवं पुलिस बल शामिल थे। सभी वार्ड एवं बैरक की सघन जांच पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस जवानों द्वारा जेल के अंदर प्रत्येक वार्ड और सेल की गहन जांच की गई।

# आज कई उम्मीदवार करेंगे नॉमिनेशन रांची में रहेगी सड़क जाम की स्थिति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** झारखंड विधानसभा को लेकर रांची में आपाधापी मचा हुआ है। रांची लोकसभा संसदीय क्षेत्र के खासकर हटिया विधानसभा, रांची,मांडर, कांके के विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार गुरुवार को नामांकन करने रांची समहरणालय पहुंचेंगे।

हटिया से कांग्रेस उम्मीदवार अजय नाथ शाहदेव , भाजपा के उम्मीदवार नवीन जायसवाल 11ः00 बजे नामांकन करने पहुंचेंगे , तो वहीं रांची विधानसभा से झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार डॉ महुआ मांझी नामांकन करने अपने समर्थकों के साथ 11ः30 बजे समाहरणालय पहुंचेंगी। इसके अलावा मांडर से कांग्रेस उम्मीदवार नेहा शिल्पी तिर्की, मोरहाबादी मैदान आएंगे और यहां से फिर अपने समर्थकों के साथ रांची से ममाहरणालय पहुंचेगी और मांडर से ही भाजपा प्रत्याशी सनी टोप्पो मोरहाबादी से अपने कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन करने पहुंचेंगे। कांके के विधानसभा,खिजरी विधानसभा से भी उम्मीदवार नामांकन करने पहुंचेंगे। वहीं बुधवार को तमाड़ विधानसभा से राजा पीटर, कांके के विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार फुलेश्वर बैठा ने अपना नामांकन किया है।




# ईंट-बालू की सप्लायर की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के यमुना नगर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान 25 वर्षीय निरंजन के रूप में हुई है, जो ईंट-बालू की सप्लाई का काम करता था।

निरंजन के परिजनों ने कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है और दावा किया है कि उसे शराब में जहर मिलाकर मारा गया है। परिजनों के अनुसार, निरंजन मंगलवार रात लगभग 12 बजे घर लौटा था और पूरी तरह स्वस्थ था।

लेकिन बुधवार सुबह जब उसका छोटा भाई उसे जगाने गया, तो उसने देखा कि निरंजन के मुंह से झाग निकल रहा था और वह बेहोश पड़ा था। परिवारवालों ने तुरंत उसे रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक के पिता बिहारी प्रसाद ने दावा किया कि उनके बेटे की हत्या उसके जान-पहचान के लोगों ने की है। उनका कहना है कि निरंजन की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी, लेकिन उसे साजिशन शराब में जहर देकर मारा गया।

घटना की जानकारी मिलते ही सुखदेव नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि फिलहाल जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रांची का ज्वैलरी मार्केट धनतेरस में चमकने के लिए तैयार हो रहा है

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** स्टोर गतिविधि के साथ हलचल कर रहे हैं और ग्राहकों को बेहतरीन आभूषण और गहने प्रदान करने के लिए कमर कस रहे हैं जो उत्सव के सार को पकड़ते हैं।हमें एसी मार्केट, चर्च कॉम्प्लेक्स में स्थित टीबीजेड द ओरिजिनल (tbz - the original) के स्टोर मैनेजर शरण से बात करने का मौका मिला। उन्होंने इस वर्ष के उत्सव के लिए विशेष पेशकशों के बारे में जानकारी साझा की। ग्राहकों ने टीबीजेड के सोने और हीरे दोनों के आभूषणों के उत्कृष्ट संग्रह के प्रति उल्लेखनीय आकर्षण दिखाया है, जिसमें एंटीक आभूषण सुर्खियों में हैं। उभरती मांगों को पूरा करने के लिए, उन्होंने इस वर्ष अपने संग्रह में नए सिरे से हल्के आभूषण और ब्राइडल के विशेष कलेक्शन जोड़े हैं। इसके अलावा, उत्सव की भीड़ को कम करने के लिए, टीबीजेड ने आभूषणों की प्री-बुकिंग शुरू कर दी है।



**शरण ने कुछ आकर्षक प्रस्तावों पर प्रकाश डाला:** सोने के आभूषण बनाने का शुल्क केवल 499 से शुरू होता है, और हीरे के आभूषणों के लिए कोई बनवाई शुल्क नहीं है।ग्राहक अपने पुराने सोने के आभूषणों को बदलने पर भी 100त्र मूल्य का आनंद ले सकते हैं।प्रत्येक खरीदारी एक सुनिश्चित उपहार के साथ आती है, और एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वालों को 5000 का कैशबैक प्राप्त होगा।यह धनतेरस, इन शानदार पेशकशों का पता लगाने और शैली और सुंदरता के साथ त्योहार मनाने के लिए टीबीजेड द ओरिजिनल का दौरा करना सुनिश्चित करें।

# जेसोवा का सामाजिक उत्थान की दिशा में बेहतर प्रयास: मुख्य सचिव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्य सचिव एल ख्यांगते ने मोरहाबादी मैदान में जेसोवा के बहुप्रतिक्षित दिवाला मेला 2024 का उदघाटन करते हुए कहा कि जेसोवा का यह मेला एक सामाजिक उत्थान की दिशा में उठाया गया कदम है। यह मेला ग्रामीण स्तर के हुनर को एक मंच देने का प्रयास है। यहां ग्रामीण परंपराओं को संजोने का प्रयास किया गया है। साथ ही पूरे देश के बुनकरों एवं हस्तशिल्पियों के माध्यम से उत्पादों की प्रदर्शनी काफी आकर्षक है। ख्यांगते ने सभी लोगों से अपील की है कि मेले में एकबार भ्रमण करने जरूर आयें और छोटे छोटे कारीगरों के प्रोडक्ट को खरीद कर उनके आर्थिक स्वाबलंबन में सहयोगी बन सकते हैं।

**मेले में दिखा ग्रामीण परिवेश:** मेले में एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है जिसे ग्रामीण परिवेश के रूप से सजाया गया है। जहां बड़ी संख्या में लोग सेल्फी और फोटोग्राफी का लुत्फ उठा रहे हैं। झारखंड आईएएस ऑफिसर वाइव्स एसोसिएशन के तत्वावधान में यह 23 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक दिवाली मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला मोराबादी मैदान में लगा। सुबह 11 से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। दिवाली मेला हर साल एसोसिएशन की ओर से लगाया जाता है।पांच दिनों तक चलने वाले इस मेले में देशभर से स्टाल लगाये गये है। मैसूर, जयपुर, कश्मीर, नागपुर, सिलीगुड़ी, भागलपुर जैसे कई शहरों के हैंडलूम वर्क के स्टाल लगाए गये हैं। बड़ी संख्या में बुनकर भी भाग ले रहे हैं और अपने हुनर से सबको परिचित करा रहे है। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड आईएएस ऑफिसर वाइव्स



एसोसिएशन की सचिव गायत्री सिंह, संयुक्त सचिव दिव्या श्रीनिवासन, कोषाध्यक्ष यामिनी, दीप्ति जयराज, निक्की टोप्पो, जे रविकुमार, जेसिना सिद्दीकी, अपर्णा शर्मा, सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# राज्यहित में हिंदू समाज करें शत-प्रतिशत मतदान : विहिप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद झारखण्ड प्रांत कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक बुधवार को दो सत्रों में स्टेशन रोड स्थित होटल ग्रीन होरिजन में हुई। बैठक में विगत माहों में संपन्न हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। बैठक में नौ नवंबर को गोपाष्टमी तथा 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक धर्मरक्षा दिवस कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। झारखंड के सभी जिलों के विद्यालयों से संपर्क कर नैतिक शिक्षा के तहत रामायण ज्ञान की पुस्तकों को पढ़ाकर बच्चों को भगवान राम के जीवनमूल्यों से परिचय कराने पर बल दिया गया। बैठक में लोकतंत्र के महापर्व में समस्त हिंदू समाज को राज्यहित में शत-प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया गया। इस महापर्व को सफल बनाने के लिए सभी स्तरीय कार्यकर्ताओं को गांव-गांव तक जोड़कर संपन्न करने पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा सनातन हिंदू समाज की संस्कृति एवं परंपरा निरंतर निर्वाध रूप से भारतीय भू-धरा पर बनी रहे इसके लिए राष्ट्रीय चिंतन करने वाले समूह को अपना मतदान करें। बैठक में क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, क्षेत्र सहमंत्री डॉ. वीरेंद्र साहू, झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, सुनील गुप्ता, प्रांत धर्माचार्य संपर्क प्रमुख युगल किशोर सहित अन्य उपस्थित थे।

# विस चुनाव में जेएलकेएम ने नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की

**रांची :** विधानसभा चुनाव को लेकर जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने बुधवार को नौ उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी अब तक 58 उम्मीदवारों को चुनाव में उतार चुकी है। इन नौ उम्मीदवारों में चतरा से अशोक भरती, तोरपा से विल्सन भेंगरा, कोलेबिरा से पुनित कुमार, जमशेदपुर पश्चिमी से तपन कुमार, बाघमारा से दीपक कुमार रवानी, गिरिडीह से नवीन आनंद चौरसिया,बगोदर से डॉ सलीम अंसारी, गुमला से निशा कुमारी भगत और लोहरदगा किशकोर उरांव शामिल हैं।

# राज्यपाल से झारखंड अगेंस्ट करप्शन का प्रतिनिधिमंडल मिला, सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखंड अगेंस्ट करप्शन के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष गंगवार से बुधवार को राजभवन में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन सौंपते कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण जनता त्राहिमाम है। सरकार और ब्यूरोक्रेसी में व्याप्त करप्शन के कारण राज्य का विकास बाधित हो रहा है। कालांतर से भ्रष्टाचार की कलंक कथाओं से रत्नगर्भा झारखंड कराह रहा है। राजभवन के दखल से राज्य को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने में मदद मिलेगी। झारखंड में होने वाली नियुक्तियां अक्सर विवादों में ही रही हैं, जिसके कारण राज्य के युवाओं में निराशा का भाव व्याप्त है। राज्यपाल से आग्रह किया गया कि पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया झारखंड में पूरी हो, इसके लिए राजभवन भी समय-समय पर इसमें हस्तक्षेप करे। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि वर्तमान ज़िला मुख्यालय पलामू से 50 किमी की दूरी पर स्थित छतरपुर अनुमण्डल को जिला बनाने की पहल राज्यपाल द्वारा की जाए। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्षो तक नक्सलवाद का दंश झेल रहे छतरपुर के जिला बनने से इलाके का विकास और उत्थान तेज़ी से सम्भव हो पायेगा। राज्यपाल को यह भी बताया गया कि झारखंड एक अत्यंत रमणीक और रत्नगर्भा धरती है जहां के जरें-जरें में स्वाधीनता के नायकों की वीरता के गीत गाये जाते हैं। लेकिन इस राज्य को राष्ट्र के फलक पर जहां होना चाहिए था, आजतक वहां नहीं पहुंच पाया है।



राज्यपाल से आग्रह किया गया कि उनकी निगहबानी में झारखंड का विकास सुनिश्चित हो, राज्य भ्रष्टाचार से मुक्त हो। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को कहा कि वर्तमान में हो रहे चुनाव में संगठन जन जागरुकता का काम करे, ताकि अच्छे लोग चुन कर आयें और नेतृत्व करें ताकि राज्य में भ्रष्टाचार कम हो और राज्य का विकास तीव्रगति से हो। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को आश्वस्त किया कि झारखंड अगेंस्ट करप्शन राज्य में जन जागरुकता अभियान चलाएगी।

# राजद के लालू, तेजस्वी, तेजप्रताप, राणा सहित 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखण्ड प्रदेश विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए राष्ट्रीय जनता दल ने 40 स्टार प्रचारक की सूची जारी कर मुख्य चुनाव आयोग को सूचनार्थ भेजा है और प्रचार प्रसार के लिए अनुमति कार्ड उपलब्ध कराने का आग्रह किया है । यादव ने बताया कि राजद झारखंड में काफी मजबूती से चुनाव लड़ रहा है और राजद का दावा है कि सभी उम्मीदवार प्रचंड वोटो से जीत दर्ज करेंगे।

**स्टार प्रचारक की सूची इस प्रकार है :** 1.लालू प्रसाद यादव 2.तेजस्वी प्र यादव 3.अब्दुल बारी सिद्दीकी 4. मो.अली अशरफ फातमी 5.तेजप्रताप यादव 6.डॉ.रामानंद यादव 7.जयप्रकाश नारायण यादव 8.भोला यादव 9.ललित कु यादव 10.प्रो.चंद्रशेखर 11. अर्जुन राय 12. रितु जायसवाल 13.आलोक कु मेहता 14.भूदेव चौधरी 15.डॉ रामचंद्र पूर्वे 16.अभय कुशवाहा 17.शिवचंद्र राम 18.जितेन्द्र कु राय



19.संजय कु गुप्ता 20. कांति सिंह 21.जावेद इकबाल अंसारी 22.उदय नारायण चौधरी 23. स्वीटी सीमा हेंब्रम 24.तनवीर हसन 25.फैयाज अहमद 26.कारी सोहेब 27.शक्ति सिंह यादव 28.समीर कु महासेठ 29.मो.महबूब अली कैंसर 30.सत्यानंद भोक्ता 31.गौतम सागर राणा 32.अभय सिंह 33.रंजन कु यादव 34.गिरधारी गोप 35.श्रीमती अनीता यादव 36.जमीरुद्दीन अंसारी 37.कुमार सर्वजीत 38. ममता भुइयां 39.आबिद अली 40. रानी कुमारी यादव ने बताया कि सभी 40 स्टार प्रचारक की सूची के अनुसार प्रचार प्रसार के लिए चुनाव आयोग द्वारा अनुमति कार्ड निर्गत किया जाएगा ।

# भारी मात्रा अवैध शराब जप्त, दो गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। यह छापेमारी डोरंडा थाना क्षेत्र के घाघरा स्थित सरना टोली के सोमरा कच्छप एवं मिसर टोली के मंटू कच्छप के घर पर पुलिस द्वारा छापामारी किया गया । जिसमें सोमरा कच्छप के घर से विभिन्न ब्रांड के अवैध अंग्रेजी शराब के कुल 441 बोतल बरामद किया गया, जिसके आधार पर सोमरा कच्छप को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं सिरम टोली स्थित मंटू कच्छप के घर से विभिन्न ब्रांड के अवैध अंग्रेजी शराब की कुल 93 बोतल बरामद किया गया है ।



## पिपरवार के बिलारी निवासी जितेंद्र राम को सिमरिया से जेएलकेएम ने बनाया उम्मीदवार

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी गांव निवासी और झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति एवं जेएलकेएम के सक्रिय सदस्य जितेंद्र कुमार राम को पार्टी ने भरोसा जताते हुए सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है।पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने सूची जारी करते हुए इसकी घोषणा की है।जितेंद्र कुमार राम को सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।इस संबंध में प्रत्याशी जितेंद्र कुमार राम ने बताया कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है उस पर वह पूरी तरह से मेहनत के साथ चुनाव लड़ने का काम करेंगे।झारखंडियों के हक एवं अधिकार को लेकर टाइगर जयराम महतो के नीति एवं सिद्धांत को आम जनता तक पहुंचाते हुए विधानसभा चुनाव में भारी मतों से जीतकर पार्टी को मजबूत बनाने का काम करेंगे।उन्होंने कहा कि शुक्रवार 25 अक्टूबर को वह अपने कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ सिमरिया अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल करेंगे।जिसके बाद जनसभा एवं रैली का भी आयोजन किया जाएगा,जिसमें पार्टी के कई नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकर्ता एवं समर्थकों से नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



## अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के जरिया गांव के पुल के समीप रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बुधवार की प्रातःलगभग सात बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल सड़क पर पड़ा था। खबर मिलते घायल को एक एम्बुलेंस चालक ने उसे उठा कर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेडो पहुंचाया। घायल की पहचान ईमरान शेख पिता अमरान शेख, गांव मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। घायल ने बताया कि वह फेरी का काम करता है। जो अपने मामा मामी के पास मुर्शिदाबाद से अम्बिकापुर छतीशगढ़ अकेले बाइक से जा रहा था। इधर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ सुमन ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलने के थाना प्रभारी नकुल साह ने पुलिस बल भेजकर घायल का हाल जाना। जहां घायल के किसी परिचित नहीं रहने पर एम्बुलेंस में चौकीदार के साथ रिम्स भेजवाया।



## रमेश उरांव ने किया कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कच्छप से मुलाकात, कहा खिजरी से होगी सबसे प्रचंड जीत

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सह खिजरी विधायक के सलाहकार रमेश उरांव ने खिजरी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कच्छप के कार्यालय में जाकर शिष्टाचार मुलाकात की। श्री उरांव ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर राजेश कच्छप का सम्मान किया और आगामी चुनाव के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्री उरांव ने दृढ़ विश्वास के साथ कहा कि खिजरी से कांग्रेस की जीत ऐतिहासिक होगी और यह क्षेत्र 81 विधानसभा सीटों में सबसे बड़ी जीत का गवाह बनेगा । श्री उरांव ने कहा, राजेश कच्छप के नेतृत्व में खिजरी के विकास की नई दिशा तय होगी। जनता का अपार समर्थन और कांग्रेस कार्यकताओं की मेहनत इस बार भी खिजरी में प्रचंड जीत सुनिश्चित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राजेश कच्छप जी सबसे अधिक मतों से विजयी होंगे और यह जीत खिजरी की जनता के कांग्रेस पर भरोसे और पार्टी की नीतियों की जीत होगी। बैठक के दौरान दोनों नेताओं के बीच चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल करने की रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर पूर्व मुखिया लालमोहन बेदिया, ग्राम प्रधान कैलाश बेदिया, बालेश्वर उरांव, घणेनाथ करमाली आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## खलारी डीएसपी ने किया अवैध शराब भट्ठी के खिलाफ कारवाई

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी से सटे बुढ़मू थानाक्षेत्र के जॉब्रो गांव में पुलिस उप अधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में अवैध शराब भट्ठी के खिलाफ अभियान चलाया गया। बुढ़मू थाना प्रभारी एवं सेट बल के जवानों के साथ की गई इस कार्रवाई में करीब ढाई सौ लीटर महुआ निर्मित शराब, शराब बनाने का उपकरण, गुड़, अल्युमिनियम का आठ बड़ा तसला, तथा अन्य कई सामान बरामद किया गया। साथ ही भट्ठी में रखा करीब 1000 किलो ग्राम महुआ गुड़ मिश्रित घोल को नष्ट किया गया। इस दौरान तीन बड़ा भट्ठी नष्ट किया गया। डीएसपी आरएन चौधरी ने बताया कि आरोपियों के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।



## डॉ.जीतूचरण के नामांकन में आज शामिल होंगे खलारी के भाजपा कार्यकर्ता

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांके विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार डॉ.जीतूचरण राम के नामांकन में खलारी से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसे लेकर भाजपा खलारी मंडल की एक बैठक मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाने को लेकर सुझाव रखा गया। तय हुआ कि नामांकन के दिन गुरूवार सुबह 7.30 बजे सभी भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक खलारी झील होटल के निकट से एक साथ रांची के लिए रवाना होंगे। बैठक में फूलेश्वर महतो, अरविंद सिंह, भरत रजक, चतुर्गुण भुईया, श्यामसुंदर सिंह, शैलेंद्र शर्मा, रामसूरत यादव, अभिषेक चौहान, परमेश्वर महतो, मनोज गुप्ता, प्रदीप प्रमाणिक, शिवकुमार चौधरी, कार्तिक पांडेय, रवि भूषण, नीरा देवी, ममता केशरी, किरण देवी, सरोजनी देवी, कमलेश महतो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में विज्ञान प्रदर्शनी कल

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस संबंध में स्कूल की प्राचार्या सिस्टर जयंती ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी को लेकर बच्चे पूरी तैयारी में लगे हुए हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डान बास्को एकेडमी मैकलुस्कीगंज के उप प्राचार्य जोशी टीडी उपस्थित रहेंगे। विज्ञान प्रदर्शनी के लिए बच्चों द्वारा विभिन्न विषयों पर माडल तैयार किया जा रहा है।

# खलारी के सभी छठ घाटों पर फैली है गंदगी, अबतक किसी भी छठ घाटों की नहीं हुई सफाई शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी कोयलांचल में करीब एक दर्जन घाट है, जहां छठव्रती अर्ध्य देती है और छठ महापर्व का महज 12 दिन शेष है। परतुं आलम यह है कि वर्तमान में एक भी छठ घाट ऐसा नहीं है, जहां नियमित साफ सफाई होता हो। इसके कारण क्षेत्र के सभी छठ घाटों पर गंदगी फैल जाती है। इसके अलावा क्षेत्र के आज भी कई ऐसे छठ घाट हैं, जहां छठ घाट पहुंच पथ मार्ग जर्जर अवस्था मे है। दीपावली उत्सव के ठीक चौथे दिन से चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू हो जाता है। इस क्रम में नहाय-खाय से लेकर खरना एवं पहली व दूसरी अर्ध्य मिलाकर कुल चार दिनों तक छठ व्रतियों को छठ घाटों पर आना-जाना लगा रहता है। बावजूद अबतक छठ घाटों की सफाई को लेकर कोई रुझान नहीं दिखाई दे रही है। हालांकि दीपवाली समाप्त के बाद छठ घाटों की सफाई के लिए छठ पूजा समिति के साथ स्थानीय समाजसेवी, सामाजिक संगठन, प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधि सफाई कार्यक्रम में जुट जाते हैं। वहीं एनके एरिया के सीसीएल प्रबंधन भी प्रत्येक वर्ष छठ घाटों से लेकर छठ घाट मार्ग की साफ-सफाई के लिए मशीन उपलब्ध करवाते है।



### जर्जर अवस्था में कई जगहों का छठ घाट पहुंच पथ मार्ग

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से नेम-निष्ठा और पवित्रता का प्रतीक छठ महापर्व का आरंभ होती है, जो पूरे 4 दिनों तक चलती है। ऐसे में खलारी कोयलांचल के करकट्टा दामोदर नदी छठ घाट मार्ग, धमधमिया दामोदर नदी छठ घाट मार्ग, जेहली टांड कब्रिस्तान स्थित सोनाडुबी नदी छठ घाट मार्ग सहित कई छठ घाट का मार्ग जर्जर हालात में है। जो इसी जर्जर मार्ग से छठ व्रतियों को गुजरना होगा। जिसे समय रहते उक्त मार्ग को ठीक करने की आवश्यकता है।



## रांची-चतरा सीमांत क्षेत्र पर पिपरवार पुलिस ने बनाया चेकनाका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** आगामी विधासभा चुनाव को लेकर सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में स्थानीय पिपरवार पुलिस पुरी तरह से सर्तक है।पिपरवार क्षेत्र के सीमांत क्षेत्रों में पुलिस के द्वारा बैरियर लगाकर व चेकनाका बनाकर वाहनों की जांच और हर आने जाने वालों की तलाशी ली जा रही है।जानकारी के अनुसार चतरा-रांची और चतरा हजारीबाग के सीमांत क्षेत्र पर पिपरवार पुलिस के द्वारा बैरियर लगाकर चैकनाका बनाया गया है,जिसमें प्रत्येक दिन वाहनों की जांच और आने-जाने वाले लोगों की तलाशी ली जा रही है।वही चेकनाका मे सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है,जिससे आने जाने वाले लोगों की निगरानी भी की जा रही है।चतरा पुलिस अधीक्षक विकास पाण्डेय के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें दो पहिया वाहनो के साथ चार पहिया वाहनों की तलाशी ली जा रही है,साथ ही वाहनो से संबंधित कागजात की जांच की जा रही है।इस चेकनाका में 24 घंटे पुलिस पदाधिकारी और जवान तैनात देखे जा रहे है।इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर पिपरवार पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और सीमांत क्षेत्रों में बैरियर व चेकनाका लगाकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के माध्यम से शरारती तत्व एवं मनचलो पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी लोगों से मोटर वाहन एक्ट का पालन करते हुए वाहन चलाने के वक्त सीट बेल्ट लगाने,दो पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेन्ट का उपयोग करने, नशा का सेवन नहीं करने, क्षमता से अधिक लोगो के वाहन में नहीं बैठने, नाबालिक से वाहन नहीं चलाने,वाहन से संबंधित दस्तावेज साथ मे रखने की अपील की है।उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।साथ ही कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगी।बुधवार को टंडवा बीडीओ देवलाल उरांव और थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने क्षेत्र में बनाए गए सभी चेकनाका में जाकर पुलिस द्वारा चले चलाए जा रहे हैं अभियान की जानकारी ली।



## अवैध महुआ शराब भट्ठी को बुढ़मू पुलिस ने किया ध्वस्त

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा चुनाव को देखते हुए नशे के विरुद्ध जगह जगह पर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व मे बुढ़मू थाना क्षेत्र के जॉब्रों गाँव में बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो एवं सेट बल के जवानों के साथ अवैध शराब भट्ठी पर छापामारी किया गया। छापामारी में करीब ढाई सौ लीटर महुआ निर्मित शराब और शराब बनाने का उपकरण, गुड़, अलमुनियम का बड़ा तसला 8, तथा अन्य कई सामान बरामद किया गया। साथ ही भट्ठी में रखा करीब 1000 किलो ग्राम महुआ गुड मिश्रित घोल को नष्ट किया गया। इस दौरान तीन बड़ा भट्ठी भी नष्ट किया गया. पुलिस द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।



## बुढ़मू पुलिस ने गाजे बाजे के साथ चिपकाया इस्तेहार

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में विधानसभा चुनाव शांति पूर्ण संपन्न कराने को लेकर झारखण्ड पुलिस कमर कस चुकी है, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची एवं ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र मे अपराधियों, वारंटीयों के खिलाफ पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है, इसी क्रम मे बुढ़मू पुलिस ने राहुल तुरी उर्फ़ आलोक जी, विशाल नायक, छोटन नायक उर्फ़ अमित व दीपक लोहरा, खलारी थाना क्षेत्र निवासी के घर पर गाजे बाजे के साथ जाकर इस्तेहार चिपकाया। मौके पर बुढ़मू थाना के एसआई रवि रंजन एवं एसआई शहदेव महतो के साथ बुढ़मू पुलिस बल के जवान शामिल थे।



## सर्तकता जागरूकता अभियान के तहत पिपरवार मे एक दिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल में चलाये जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को की पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफिसर्स क्लब में वित्त विभाग के द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की शुरुआत पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने दीप जलाकर किया।इस कार्यक्रम में सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के भी कई अधिकारी शामिल हुए।पिपरवार क्षेत्र के जीएम संजीव कुमार सहित आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया।जीएम संजीव कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है,जिसके तहत प्रबंधन के द्वारा कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहे हैं। जिसके माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि जागरूक होकर ही हम अपने कार्यो का बेहतर ढंग से निष्पादन कर सकते हैं।इस तरह के सेमिनार में अधिकारियों एवं कर्मियों को बढ चढ़कर भाग लेने की जरूरत है।आज के सेमिनार में उपस्थित अधिकारियों को वित्त विभाग एवं इनकम टैक्स विभाग से संबंधित कई बातों की जानकारी दी गई।इस मौके पर जीएम संजीव कुमार, अशोका पीओ जेके सिंह, मुख्यालय से आये सीए मनजीत वर्मा,एडवोकेट अहमद अली,पिपरवार के एसओपी नागेश कुमार गोपल,स्टॉफ ऑफिसर एक्सावेशन जीएसपी शर्मा, स्टॉफ ऑफिसर ईएंडटी आरएन गौतम,स्टॉफ ऑफिसर ईएंडएम पीके सिंह, स्टॉफ ऑफिसर सेल्स संजीव सिंह, एसओं माईनिंग सुभोजित हलदर, एसओ सेफ्टी मुकेश तोषांग, एसओ पीएंडपी डीके शर्मा, मोहनलाल सिंह,धीरप्रताप सिंह, संदीप कुमार,इन्द्रजीत सिंह, सुदाम लाल गुप्ता, राजेन्द्र कश्यप, जगदीश मंडल,एरिया सिक्युरीटी ऑफिसर हेमचंद महतो, संजय कुमार, अविनाश कुमार, मिथिलेश कुमार, सत्येन्द्र सिंह,कार्मिक प्रबंधक अरूण महतो,रवि बाड़ा, शिशिर गर्ग,ज्योति कुशवाहा,उज्जवल कुमार सहित कई विभागो के अधिकारी मौजुद थे।



## अवैध शराब बिक्री के खिलाफ छापेमारी, पुलिस ने तोड़ी भट्ठी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** महिलौंग पंचायत के होरहॉप जंगल में टाटीसिलवे थाना पुलिस ने छापेमारी की ।इस दौरान मिट्टी के एक घर से बरामद लगभग 05 क्विंटल जावा महुआ नष्ट किया और भट्ठी तोड़ दी।वही पुलिस ने लाली नावाटोली के बसंत कुमार को गिरफ्तार किया।छापेमारी की भनक लगते ही कारोबारी भाग खड़े हुए। वहीं छापेमारी टीम ने नामकुम के खरसिदाग ओपी अंतर्गत नया भूसुर में राजू गाड़ी के घर से अवैध शराब की 16 और बीयर की 10 बोतले बरामद की।शराब विक्रेता की गिरफ्तार किया।दूसरी ओर टाटीसिलवे पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।ये दोनो टाटी बस्ती पाहनटोली निवासी कालीशंकर महतो और मुकेश महतो है।दोनो पर अवैध शराब निर्माण करने का मामला था।काफी दिनों से फरार चल रहे थे।थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि अवैध शराब निर्माण के खिलाफ क्षेत्र में लगातार छापेमारी की जा रही है,जो आगे भी जारी रहेगी।



## आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा को मिली सीबीएसई से प्लस टू तक की मान्यता

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरटीसी पब्लिक स्कूल को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली, (सीबीएसई) से प्लस टू तक की तीनो संकाय साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स की मान्यता मिल गई है। यह जानकारी विद्यालय के चेयरमैन एवं पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने कहा की यह अनगड़ा क्षेत्र के लिए गर्व की बात है अब बच्चों की बारहवीं तक की पढ़ाई स्कूल में ही होगी अब उन्हें पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। स्कूल में प्लस टू के तीनो संकाय साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स में नामांकन और उनकी सभी कक्षाएं पूर्ण रूप से संचालित होगी। जीएवीएस सोसाइटी के प्रेसिडेंट प्यारेलाल महतो ने कहा कि छात्रों को आईआईटी, जेईई, एनईईटी, की पूर्ण तैयारी अनुभवी शिक्षकों के द्वारा कराई जाएगी। उन्होंने बताया की आरटीसी पब्लिक स्कूल की स्थापना 2016 में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक एवं बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से खोला गया था। विगत आठ वर्षो से स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर रही है। और क्षेत्र में एक अलग पहचान बना ली है। विद्यालय के सचिव डॉ पारसनाथ महतो ने बताया कि स्कूल में अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, बड़ी और पांच हजार से अधिक पुस्तकों की लाइब्रेरी,फिजिक्स लैब, केमेस्ट्री लैब, बायोलॉजी लैब, कंपोजित लैब, मैथ लैब, स्मार्ट कलास, खेलकूद की सभी सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा की इतने कम समय में ही स्कूल इस ऊंचाई तक पहुंच गया है यह शिक्षा के प्रति दृढ़ संकल्प और शिक्षकों की कड़ी मेहनत अभिभावकों एवं बच्चों के विश्वास और सहयोग के कारण ही हो पाया है। विद्यालय के निदेशक डॉ रूद्र नारायण महतो ने कहा कि सीबीएसई की मान्यता प्राप्त करने में बहुत सी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा लेकिन स्कूल सभी बाधाओं को पार करते हुए सीबीएसई की सभी मानदंड को पूरा किया और अंततः स्कूल को प्लस टू तक की मान्यता मिल गई द्य आगे और भी नईं ऊंचाइयों को छूना है निरंतर आगे बढ़ते रहना है द्य स्कूल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी वो सभी सुविधाएँ देना है जो बड़े सहरों के बच्चों को मिलती है ताकि वे भी जमाने के साथ कन्धा से कन्धा मिलकर चल सकें द्य नई ऊंचाइयों तक पहुंचें । वे देश और दुनिया में अपने क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन कर सकें। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेन्द्र नाथ महतो, शिक्षक उमेश मंडल, सुमंत कुमार,आनद प्रसाद, घासी राम महतो,भुनेवश्वर कुम्हार एव शिक्षिकाएं पुतुल नीलू , स्नेहा , कल्याणी कुमारी, अंजलि ,ललिता महतो ,पुलेश्वरी ,गयात्री ,अर्पणा, प्रियंका कुमारी,




## संत माईकल +2 स्कूल मुरी में ड्राइंग, पेंटिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** संत माईकल स्कूल, मुरी में ड्राइंग, पेंटिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित कि गई। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा बहुत सुंदर- सुंदर ड्राइंग तथा पेंटिंग बनाए। बहुत अच्छी तरह से कविता वाचन किए तथा सरल शब्दों में ज्ञानवर्धक निबंध भी लिखें। बच्चे काफी उत्साहित थे। इस प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। स्कूल निर्देशक श्री राकेश कुमार ने इस मौके पर विजेता बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह प्रतियोगिता परीक्षाओं में भाग लेने से छात्र छात्राओं का स्वर्णिम विकास होता है एवं उन्हें खुद को बेहतर साबित करने का अवसर भी मिलता है। स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सी. एल. प्रजापति ने कहा जितना अधिक बच्चे प्रतियोगिता में भाग लेंगे उतने ही अधिक अपनी छिपी प्रतिभा को निखारेंगे और अधिक सफलता मिलेगी। स्कूल प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी विजेताओ को बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दिए एवं सभी शिक्षको को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिए । इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ वि. वेनेकेट राव,किशोर कुमार , मनीषा सिंह, रमेश गोराई, सुशील कुमार, शिमा झा , प्रीति नंदा, श्वेता रेजिस भेंगरा,सोमंशी कुमारी तिवारी, हनी कश्यप एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे ।

## पिपरवार के सैकड़ो सीसीएल कर्मियों को दिया गया चुनाव का प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पिपरवार क्षेत्र में काम करने वाले सैकड़ो सीसीएल कर्मचारियों को चुनाव कार्य के लिए प्रशिक्षण दिया गया। जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन के द्वारा पिपरवार, अशोका, सीएचपी, बचरा एवं जीएम ऑफिस के सैकड़ो कर्मियों का चयन विधानसभा चुनाव के लिए किया गया है।चुनाव कार्य के लिए चयनित होने वाले कर्मियों की सूची जिला प्रशासन के द्वारा जारी कर दी गई है।वहीं जिला प्रशासन के आदेश पर चतरा में चयनित सीसीएल कर्मियों को चुनाव कराने का प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सभी सीसीएल कर्मचारी बचरा चार नंबर चौक से एक साथ बस एवं छोटे-छोटे वाहनों पर सवार होकर चतरा के लिए रवाना हुए। हालांकि प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कई कर्मियों का सूची में नाम नहीं होने के कारण उनमें संशय बना रहा। चार नंबर चौक में अपना-अपना नाम सूची में देखने के लिए कर्मियों की काफी भीड़ लगी रही।सूची में नाम देखने के बाद सभी लोग चतरा के लिए रवाना हुए।



## बिष्टुपुर गोपाल मैदान में एक दिवसीय कला महोत्सव आयोजित

# युवा मतदाताओं की सहभागिता मजबूत लोकतंत्र निर्माण में अहम : अनन्य मित्तल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर:** जिला प्रशासन पूर्वी सिंहभूम द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर एक दिवसीय कला महोत्सव का आयोजन गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में किया गया । आर्ट - 81 कनेक्टिंग वोटर्स थ्रो आर्ट थीम पर आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने किया।

इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ उपस्थित जनसमूह ने मतदाता शपथ लिया तथा मतदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम, बैंड परफॉर्मेंस कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उक्त आयोजन को लेकर कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण के लिए अहम है । एक दिवसीय कला महोत्सव के माध्यम से विशेषकर युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करना था जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की जा सके ।

परियोजना निदेशक आईटीडीए ने कहा कि कला के माध्यम से यहां के युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति आकर्षित करने के साथ मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन का कार्य किया गया। कार्यक्रम में आए विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच प्रतिस्पर्धा का भी आयोजन किया गया। प्रतिस्पर्धा में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

इस महोत्सव में परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, उप नगर आयुक्त जेएनएसी कृष्ण कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, जिला सहकारिता पदाधिकारी आशा टोप्पो, जिला खेल पदाधिकारी अविनेश त्रिपाठी, डीपीएम जेएसएलपीएस सुजीत बारी समेत स्वीप कोषांग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

**चुनाव को लेकर उत्पाद विभाग की कार्रवाई**

## 11 शराब भट्ठियां ध्वस्त, भारी मात्रा में शराब बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं एवं निर्माताओं के विरूद्ध छापेमार कार्रवाई जारी है। उत्पाद विभाग की टीम ने व्यापक छापेमारी करते हुए एमजीएम थानांतर्गत कालाझोर एवं छोटाबाँकी में तथा पोटका थानांतर्गत रानीकुदर व लोवाडीह के दुर्गम क्षेत्रों में संचालित अवैध महुआ चुलाई शराब की कुल 11 (ग्यारह) भट्ठियों को ध्वस्त किया। मौके से अवैध महुआ चुलाई शराब करीब 410 लीटर बरामद किया गया तथा महुआ शराब तैयार करने हेतु प्रयुक्त किण्वित जावा - महुआ करीब 30800 किलोग्राम विनष्ट हुआ । अवैध महुआ चुलाई शराब भट्ठी के संचालकों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।

## टाटा मोटर्स कस्टमर केयर महोत्सव का शुभारंभ, 24 दिसंबर तक चलेगा कार्यक्रम



**जमेशदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के सबसे बड़े कमर्शियल वाहनों के निर्माता, टाटा मोटर्स ने अपने कस्टमर केयर महोत्सव 2024 को लॉन्च कर दिया है। कमर्शियल वाहन के उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव बनाने वाला यह कार्यक्रम 24 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस अनूठे महोत्सव का आयोजन देशभर में 2500 से ज्यादा अधिकृत सेवा केंद्रों पर किया जाएगा। इसमें कमर्शियल वाहनों के मालिक और ड्राइवर एक मंच पर आकर महत्वपूर्ण चर्चाएं करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत, ग्राहक कई लाभ उठा सकते हैं। वह प्रशिक्षित तकनीशियन से गाड़ियों की पूरी जांच करा सकते हैं, और उन्हें कई अतिरिक्त सेवाओं तक पहुंच भी मिलेगी। ड्राइवरों को सुरक्षित और ईंधन बचाने वाले ड्राइविंग के तरीके सिखाने के लिए विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा, अपनी संपूर्ण सेवा 2.0 पहल के तहत कई विशेष रूप से तैयार पेशकशें भी मिलेंगी।

## अशफाक उल्ला खां की जयंती पर क्विज, भाषण व निबंध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वतंत्रता सेनानी अशफाक उल्ला खां की जयंती पर जुगसलाई में स्कूली बच्चों के लिए निःशुल्क क्विज, निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. अल राशिद पब्लिस स्कूल के सहयोग से आयोजित इस क्विज प्रतियोगिता में स्वतंत्रता आंदोलन व संविधान से संबंधित सवाल पूछे गये. इसके अलावा छोटे बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ. वहीं, देश भक्ति भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ. इस कार्यक्रम में 100 अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया. समाजसेवी राशिद सोनू व जरीना आलिया ने विजेताओं को पुरस्कृत किया. मौके बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद थे. विजेता सभी बच्चों को मेडल व ट्रॉफी प्रदान की गयी.

## भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू आज दाखिल करेंगी अपना नामांकन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में पूर्णिमा साहू गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। पूर्णिमा साहू के नामांकन समारोह को भव्य और ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए भाजपा ने व्यापक तैयारी की है। पूर्णिमा साहू के नामांकन समारोह में भाजपा के वरीय नेताओं के संग एनडीए के भी नेतागण मौजूद रहेंगे। वहीं, नामांकन से पूर्व एग्रिको स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में पुर्वी विधानसभा अंतर्गत सातों मंडलों से मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में हजारों भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक एकत्रित होंगे। एग्रिको स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में सुबह 9 बजे से वरीय नेताओं, युवा एवं महिला कार्यकर्ताओं का जुटना प्रारंभ हो जाएगा। एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान से कार्यकर्ताओं का हुजूम एग्रिको गोलचक्कर के रास्ते भालूबासा स्थित शीतला माता मंदिर पहुंचेगी। जहां सुबह 10 बजे शीतला माता का पूजन एवं आशीर्वाद लेने के पश्चात प्रत्याशी पूर्णिमा साहू शुभ विजय मुहूर्त में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।

## चक्रधरपुर से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दुर्गा चरण सोरेन ने खरीदा पर्चा



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड में पहले चरण का चुनाव आगामी 13 नवंबर को होगा। जिसे लेकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्ति डीएसपी दुर्गा चरण सोरेन ने पर्चा खरीदा। अपने समर्थकों के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुंचे और पर्चा खरीदा। इस मौके पर दुर्गा चरण सोरेन ने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर एवं चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में सर्वांगीण विकास तथा परिवर्तन को लेकर विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं और मुझे उम्मीद है यहां की जनता मुझे भारी बहुमत से जीत दर्ज करायेगी। इस मौके पर कृष्णा सिंह जमुदा, एमडी खलील ,शंकर रवानी, वीरेंद्र राय, नसीम अख्तर , सालगी सोरेन सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नेशनल हॉकर फेडरेशन, दीन बंधु ट्रस्ट ने जलवायु परिवर्तन एवं खाद्य संप्रभुता का किया प्रदर्शन



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम जिले के अलग अलग क्षेत्रों में नेशनल हॉकर फेडरेशन एवं दीन बंधु ट्रस्ट द्वारा जलवायु परिवर्तन न्याय के लिए रैली, मानव श्रृंखला एवं प्रदर्शन किया गया। नेशनल हॉकर फेडरेशन के सचिव उत्तम चक्रवर्ती के नेतृत्व में जमशेदपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों डिमना, गोलमुरी, काशीडीह, जवाहरनगर, भादुडीह , बामनी, बेलटॉड, कटीन, लायाडीह, गेरुवाला ,ओड़िया चिरूडीह, कांकु आदि स्थानों में जलवायु परिवर्तन जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान जलवायु परिवर्तन से होने वाली हानि को बताया गया। प्रदर्शन के दौरान उत्तम चक्रवर्ती ने कहा कि हम अपनी सरकार से आग्रह करते हैं कि वह हमारी खाद्य प्रणालियों की रक्षा करे और ग्लोबल नॉर्थ देशों से अपने जलवायु ऋण का भुगतान करने का आह्वान करें इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नेशनल हॉकर फेडरेशन के सचिव उत्तम चक्रवर्ती, नागेन्द्र कुमार,सुनीता पोयडा ,मिथिलेश तिवारी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहा ।

## गठबंधन के सभी दलों की हुई सामूहिक बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गठबंधन धर्म निभाते हुए इंडिया के सभी दलों के पदाधिकारियों ने कदमा में सयुंक्त बैठक की. प्रदेश कांग्रेस महासचिव विजय खां ने कहा कि सरयू राय पिछले पांच वर्षों में कई बार दल बदल चुके हैं. बार बार वे क्षेत्र बदल लेते हैं. इसका मतलब ना तो उनकी आस्था दल के साथ है और ना ही वे किसी क्षेत्र के हितैषी हैं. झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता फतेह चन्द्र टूडु ने हेमंत बिस्वा सरमा से प्रश्न किया कि सरयू राय तो वर्ष 2019 में भाजपा से 6 वर्ष के लिए निष्कासित हो चुके थे. क्या उनका निष्कासन रद्द किया जा चुका है? यदि नहीं, तो इसका अर्थ यह हुआ कि आज भी सरयू राय भाजपा से निष्कासित हैं. इसीलिए वे इस चुनाव की आड़ में भाजपाइयों को जदयू में शामिल करवा रहे हैं. राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष सुभाष यादव, झामुमो के कदमा प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत सोरेन, सीपीआई जिला सचिव अम्बुज ठाकुर, सीपीआईएम के वरीय नेता जे पी सिंह , सीपीआई माले के नेता ओम प्रकाश सिंह, कांग्रेस से जम्मी भास्कर, रामेश्वर पासवान, खगेन चन्द्र महतो, ब्रजेन्द्र जी, संजय आज़ाद एवं इंडिया गठबंधन के अन्य कई नेता बैठक में शामिल हुए. बन्ना गुप्ता ने अपील की कि सभी दलों के नेता एवं कार्यकर्त्ता अधिक से अधिक संख्या में नामांकन में भाग लें.

## झामुमो प्रत्याशी जगत माझी ने गाजे बाजे के साथ किया नामांकन, सांसद जोबा माझी रही मौजूद

**--- रांची से आये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हमशक्ल मुन्ना लोहार रहा आकर्षक का केंद्र**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चाईबासा :** मनोहरपुर से झामुमो प्रत्याशी जगत माझी ने बुधवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। चाईबासा समाहरणालय स्थित निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व जगत माझी अपने आवास स्थित दिवंगत पिता शहीद देवेंद्र माझी की समाधि स्थल पर माल्यार्पण एवं पोटका में जाहिर स्थल पर पूजा अर्चना की। चाईबासा के तांबों चौक से समर्थकों के साथ गाजे बाजे के साथ पदयात्रा करते हुए जगत माझी समाहरणालय पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सांसद जोबा माझी भी मौजूद रही। पदयात्रा में मझगांव के विधायक सह प्रत्याशी निरल पुरती भी शामिल हुए। वहीं जगत माझी के नामांकन कार्यक्रम में विशेष रूप से भाग लेने रांची से आये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हमशक्ल मुन्ना लोहार आकर्षक का केंद्र रहे। नामांकन से पूर्व प्रत्याशी जगत माझी ने कहा पार्टी नेतृत्व ने जिस आशा और विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी दी है उस पर शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कहा मनोहरपुर की जनता उनके अभिभावक हैं और उन्हें विश्वास है कि जिस तरह उनकी मां को लोगों ने स्नेह और आशीर्वाद दिया है उन्हें भी मिलेगा। वहीं सांसद जोबा माझी ने कहा मेरे द्वारा मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र में किये गये विकास कार्यों को जगत अब आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। नामांकन कार्यक्रम में मनोहरपुर के अलावा सोनुवा, गोइलकेरा, गुदड़ी, आनंदपुर समेत चक्रधरपुर के समर्थक भी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## खरसावां से झामुमो प्रत्याशी दशरथ गागराई ने किया नामांकन दाखिल, समर्थकों ने कहा हैट्रिक की तैयारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन सह झामुमो प्रत्याशी दशरथ गागराई ने सरायकेला खरसावां जिला कार्यालय में बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पूर्व दशरथ गागराई पत्नी बासंती गागराई ने अपने पैतृक गांव लोसोदिकी जाकर अपने माता-पिता का पैर छुकर आशीर्वाद लिया एवं खरसावां शहीद वेदी कैरसे मुंडा चौक पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। साथ ही मां आकर्षिणी के दरबार में पूजा अर्चना व माथा टेक कर सरायकेला रवाना हुए। जहां उनके समर्थक भी उनका हौसला बढ़ने और साथ देने काफी संख्या में पहुंचे। बता दें की खरसावां विधानसभा सीट की गिनती झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिये सुरक्षित गढ़ के रूप में होती है। पिछले 10 साल से इस सीट पर जेएमएम का कब्जा है। वर्ष 2014 और 2019 में भी दशरथ गागराई ने बीजेपी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और जवाहर लाल बानरा को हराकर इस सीट पर कब्जा बनाये रखा है। इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में है। सरायकेला में नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद श्री गागराई ने कहा कि खरसावां विधानसभा क्षेत्र के लोगों का स्नेह और प्यार मुझे तीसरी बार मिलेगा।

## सुवर्ण वणिक समाज के मिलन समारोह में सांसद विद्युत महतो ने प्रशांत पोद्दार को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सुवर्ण वणिक समाज जमशेदपुर जिला कमिटी के तत्वावधान में बाराद्वारी स्थित समाज के सामुदायिक विकास भवन में विजया मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुई. इस कार्यक्रम में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरन महतो बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे, समाज के प्रदेश कमिटी के वरीय पदाधिकारीयों के द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सांसद महोदय को सम्मानित किया गया। समाज के द्वारा सांसद को दो सूत्री मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन सौंपा गया। सांसद ने मांग जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। समाज के जिला कमिटी के उपाध्यक्ष प्रशांत पोद्दार की समाज के प्रति समर्पित भावना को देखते हुए सांसद के द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर उन्हें सम्मानित की गयी। इस अवसर पर उपस्थित सुवर्ण वणिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष संजय पोद्दार , पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ चंद्र जी, महासचिव दीपक दत्ता, महानगर के जिला अध्यक्ष रवि माझी जी, सचिव संजय दत्ता, कोषाध्यक्ष सनोज चंद्र, निर्मल चंद्र, विजय चंद्र, डाक्टर के एल पाल, निताई दत्ता, समीर दत्ता, रूही दास, धनंजय चंद्र,नेपाल माझी, रविंद्र दै, कंचन दत्ता, नारायण पोद्दार,दिलीप पोद्दार, राजु दास आदि उपस्थित थे।

## जादूगोड़ा से चोरी गई मोबाइल फोन व टैब समेत दो आरोपी को बंगाल पुलिस ने किया गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा/जादूगोड़ा :** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा से सटे पश्चिम बंगाल के पुरुलिया के बलरामपुर थाना की पुलिस ने अंतरराज्यीय मोबाइल फोन की तस्करी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम घनश्याम सिंह और सागर सिंह हैं जो बलरामपुर थाना क्षेत्र के चुटकिडी गांव निवासी हैं। गिरफ्तार लोगों के पास से पुलिस ने 61 मोबाइल और 1 टैब बरामद किया है। इस संबंध में एसपी अभिजीत बनर्जी ने बताया कि पुरुलिया जिला पुलिस को मंगलवार को सूचना मिली कि चोरों के एक समूह ने झारखंड राज्य के पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के राखा माइंस इलाके में एक मोबाइल दुकान से मोबाइल फोन की चोरी करने के बाद पुरुलिया की ओर निकल गए हैं। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी की और आरोपी को मोबाइल फोन समेत बलरामपुर के डाकबंगला इलाके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों को बुधवार को पुरुलिया जिला न्यायालय ले जाया गया तो न्यायाधीश ने 3 दिनों की पुलिस हिरासत का आदेश दिया है। गौरतलब हो कि जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के राखा माइंस रेलवे स्टेशन के समीप रमेश दास की सौमी इलेक्ट्रॉनिक्स मोबाइल दुकान में सोमवार की देर रात 90 नए मोबाइल समेत नगदी की चोरी कर ली गई थी। मामले की जानकारी मिलने पर मंगलवार की सुबह जादूगोड़ा सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश प्रसाद व थाना प्रभारी राजेश कुमार मंडल ने घटनास्थल का दौरा कर दुकान में लगी सीसीटीवी कैमरे को खंगाला और बाद में फोरेंसिक जांच भी की गई।

## जनसम्पर्क अभियान में डॉ. अजय को मिल रहा है लोगों का समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय कुमार ने बुधवार को भुईयाडीह,बर्मामाइन्स,जेम्को,बिरसानगर आदि क्षेत्रों में जनसम्पर्क अभियान चलाया. लोगों से मिले, उनकी समस्याओं के संबंध में बात की और उसके स्थायी समाधान पर भी लोगों से चर्चा की. लोगों ने डा. अजय पर भरोसा जताया और समर्थन करने का वादा किया. मौके पर डा. अजय कुमार ने कहा कि लोग 30 वर्षों की शासन से त्रस्त है. डरे सहमे हए है. पूर्वी की बस्तियों में नागरिक सुविधाओं की स्थिति बहुत ही खराब है. लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर है. दो दशक से क्षेत्र की जनता को गुमराह किया जाता रहा है. एक बार भी चेहर बदल कर वहीं काम करने का प्रयास जारी है. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है. मालिकाना हक केवल जमशेदपुर की समस्या नहीं बल्कि यह पूरे प्रदेश की एक बड़ी महत्वपूर्ण समस्या है. यदि लोगों ने समर्थन दिया तो मालिकाना हक के लिए एक आयोग गठित कर इस समस्या के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास किया जाएगा. जमशेदपुर पूर्वी में संगठित और असंगठित मजदूरों की एक बड़ी तादाद रहती है. उनके स्वास्थ्य सुविधा के लिए जमशेदपुर में एक ईएससीआई अस्पताल का निर्माण करना मेरी प्रतिबद्धता है. वहीं सरकारी स्कूलों को अपग्रेड कर मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल बनाना, जहां सीबीएससी की पढ़ाई होगी. उन्होंने कहा कि जनता को निर्णय लेना है कि उन्हें एक परिवार की आतंक से मुक्ति और सुरक्षित एवं विकसीत जमशेदपुर चाहिए या ?

## रामदास सोरेन के नामांकन में दिखी गठबंधन की ताकत सीएम हेमंत सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता रहें मौजूद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** घाटशिला विधानसभा से गठबंधन प्रत्याशी रामदास सोरेन के नामांकन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए. इंडिया गठबन्धन का यह शक्ति प्रदर्शन केवल नामांकन नहीं, बल्कि भाजपा के खिलाफ एक सशक्त राजनीतिक संदेश था. सभा को संबोधित करते हुए बन्ना गुप्ता ने भाजपा पर सीधा हमला करते हुए कहा कि भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है. उन्होंने परिवारवाद के मुद्दे पर भाजपा की आलोचना करते हुए कहा, जो पार्टी कल तक परिवारवाद का विरोध कर रही थी, वही आज अपने टिकट बंटवारे में पिता-पुत्र, पति-पत्नी, भाई - भाई को प्राथमिकता दे रही है। भाजपा अब खुद को और अपने कार्यकर्ताओं को भी धोखा दे रही है. गुप्ता ने जनता से भाजपा की दोहरी राजनीति से सावधान रहने की अपील की और रामदास सोरेन को जीत दिलाने के लिए समर्थन मांगा. इस मौके पर हेमंत सोरेन की मौजूदगी ने इंडिया गठबंधन की एकता और मजबूती को दर्शाते हुए चुनावी समर में नया जोश भर दिया.

## सोनारी की महिलाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बन्ना गुप्ता के विकास कार्यों से प्रभावित होकर महिलाएं जुड़ रहीं हैं. आज सोनारी खुटाडीह की हिना नायक, शोभा मुखी, लक्ष्मी मुखी, तारा मुखी, सुनीता मुखी के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने बन्ना गुप्ता के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की. सामाजिक कार्यकर्त्ता हिना नायक ने कहा कि बन्ना गुप्ता स्थानीय निवासियों की समस्याओं के निदान लिए सदैव सजग रहते हैं. प्रत्येक सप्ताह शनिवार और रविवार को वे जनता से मिलते हैं. बन्ना गुप्ता जमशेदपुर के बेटे हैं. वे लगभग सभी को पहचानते हैं. पिछले पांच वर्षों में उन्होंने सोनारी में कई सड़क व नाली का निर्माण करवाया है. विकास के कई कार्य किए हैं. इन सबको देखते हुए सोनारी खुटाडीह के निवासी बन्ना गुप्ता का खुले दिल से समर्थन करेंगे.

## मानगो के निवासियों ने बन्ना पर जताया विश्वास

गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता दाईगुट्टू के रोड नंबर 6 में पहुंचें. जहां स्थानीय निवासियों के साथ बैठक की. लोगों ने उनपर पूर्ण विश्वास जताते हुए जीत का आशीर्वाद दिया. बन्ना गुप्ता ने उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि कल दिनांक 24 अक्टूबर को नामांकन है, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और विकास की नई लकीर खींचने हेतु नामांकन में शामिल हों. वीआईपी आपार्टमेंट, डिमना रोड के लोगों ने बन्ना गुप्ता को समर्थन दिया.

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




विचार प्रवाह

संपादकीय

## फिर सैनी की ताजपोशी

भले ही यह अप्रत्याशित हो, लेकिन यह एक टकसाली हकीकत है कि हरियाणा में भाजपा को तीसरे कार्यकाल के लिये स्पष्ट जनादेश मिला है। हो सकता है पार्टी यह कहे कि यह निर्णायक जनादेश भाजपा के शासन मॉडल के प्रति विश्वास मत के रूप में अभिव्यक्त हुआ है, लेकिन इसके बावजूद जरूरत इस बात की है कि उन मुद्दों पर मंथन किया जाए जिनको लेकर चुनाव के दौरान जनता में असहजता थी। निस्संदेह, नायब सिंह सैनी, जिनको पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की छाया में गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था, लेकिन उनके नेतृत्व में पार्टी ने पिछली बार से अधिक सीटें लेकर पूर्ण बहुमत से सरकार बनायी है। मगर जिस चीज से नायब सिंह सैनी को सावधान रहने की जरूरत है, वह है अति-आत्मविश्वास। हाल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अति-आत्मविश्वास की कीमत चुकाई है। निस्संदेह, सैनी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार के पास हरियाणा में आधारभूत बदलाव से जनाकांक्षाओं को हकीकत में बदलने का सुनहरा मौका है। उन्हें पूर्ण बहुमत वाली सरकार के रूप में जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिये कृतसंकल्प होने की जरूरत है। दरअसल, चुनावी राजनीति में जनता के दरबार में उछले विपक्षी नेताओं के आरोप कई बार सत्तापक्ष को आत्मविश्लेषण का मौका भी देते हैं। चुनावी माहौल में जहां विपक्षी दल सत्ता पक्ष की रीतियों-नीतियों को लेकर मुखर होते हैं, वहीं ऐसे मौके पर जनता की अभिव्यक्ति का भी अहसास होता है। भाजपा जैसे कुशल संगठन वाली कैडर आधारित पार्टी से उम्मीद की जाती है कि जिस तरह उसने चुनावों में माइक्रो मैनेजमेंट किया, उसी तरह उसकी सरकार से भी उम्मीद की जाती है कि वह समस्याओं को भी बेहद करीब से सूक्ष्म स्तर पर महसूस करेगी। बहरहाल, भाजपा की इस जीत ने एक संदेश यह भी दिया है कि महज सत्ताविरोधी रुझान ही चुनाव परिणामों की दिशा-दशा तय नहीं करते। बदलाव की आकांक्षा को सुशासन व बेहतर प्रबंधन के मुद्दे भी गहरे तक प्रभावित करते हैं। निश्चित रूप से मुख्यमंत्री की दूसरी पारी में कार्यभार संभालने वाले नायाब सिंह सैनी की सरकार पर जनाकांक्षाओं का भारी दबाव होगा। उनका प्राथमिक उद्देश्य जनता से किये गए वायदों और उनके क्रियान्वयन होगा, जिससे जनता सुशासन की उपलब्धि महसूस कर सके। निश्चित रूप से किसी योजना की सार्थकता इस बात पर निर्भर करती है कि जनता उससे किस हद तक लाभान्वित महसूस करती है। कई बार व्यवस्था की विसंगति इस मार्ग में बाधक बन जाती हैं। इसके लिये आश्वासन व क्रियान्वयन में साम्य जरूरी हो जाता है। निस्संदेह, पिछले मार्च में जब सैनी ने अपने गुरु मनोहर लाल खट्टर की छत्रछाया में सरकार का दायित्व हासिल किया था तो उन्हें राजनीतिक हलकों में गंभीरता से नहीं लिया गया। लेकिन उन्होंने पिछले विधानसभा चुनावों में न केवल खुद को साबित किया बल्कि राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। निस्संदेह, हरियाणा के इस नये जनादेश के दूरगामी परिणाम होंगे। इतना ही नहीं इस जीत ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में भी एक नया उत्साह भर दिया। यह उत्साह महाराष्ट्र व झारखंड के चुनाव अभियान में भी नजर आ रहा है। निश्चित रूप से इन चुनावों ने मुख्यमंत्री के रूप में नायब सिंह सैनी का राजनीतिक कद बढ़ाया है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से भी उन्हें सकारात्मक प्रतिसाद व संबल मिला है। वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने हैं तो उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ गई हैं। उन्हें क्षेत्र व जाति की सीमाओं से परे 'सबका साथ, सबका विकास' का लक्ष्य हासिल करना है। उनके लिये यह सुखद है कि जहां राज्य में उन्हें पिछली बार के मुकाबले ज्यादा सीटें मिलने से पूर्ण बहुमत हासिल हुआ है, वहीं केंद्र से भी उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। निस्संदेह, उन्हें 'डबल इंजन की सरकार' के मुहावरे को साकार करने का अवसर मिला है। जरूरत इस बात की कि वे पूर्व सरकार के मुखिया की छाया से निकलकर शासन की नई सर्व स्वीकार्य दिशा तय करें। वे महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सक्षम नजर आएं, जिससे राज्य में सरकार की स्वीकार्यता बढ़ सके। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ विधायकों का अनुभव व कनिष्ठ विधायकों की ऊर्जा मददगार होगी।


निस्संदेह, नायब सिंह सैनी, जिनको पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की छाया में गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था, लेकिन उनके नेतृत्व में पार्टी ने पिछली बार से अधिक सीटें लेकर पूर्ण बहुमत से सरकार बनायी है। मगर जिस चीज से नायब सिंह सैनी को सावधान रहने की जरूरत है, वह है अति-आत्मविश्वास। हाल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अति-आत्मविश्वास की कीमत चुकाई है। निस्संदेह, सैनी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार के पास हरियाणा में आधारभूत बदलाव से जनाकांक्षाओं को हकीकत में बदलने का सुनहरा मौका है। उन्हें पूर्ण बहुमत वाली सरकार के रूप में जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिये कृतसंकल्प होने की जरूरत है। दरअसल, चुनावी राजनीति में जनता के दरबार में उछले विपक्षी नेताओं के आरोप कई बार सत्तापक्ष को आत्मविश्लेषण का मौका भी देते हैं।


नई सरकार को विकास की चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए आतंकमुक्त कश्मीर के संकल्प को मंजिल तक पहुंचाना होगा

## जम्मू-कश्मीर में महका लोकतंत्रः सरकार से बड़ी उम्मीदें

ललित गर्ग


जम्मू-कश्मीर को निर्वाचित सरकार मिल गयी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है, जो नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। उमर अब्दुल्ला पहले भी एक बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास है। नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अब्दुल्ला के सामने आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती भी है। जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है।


आखिरकार जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की धूप खिल ही गयी, पांच साल बाद केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर को निर्वाचित सरकार मिल गयी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है, जो नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। उमर अब्दुल्ला पहले भी एक बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास है। नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अब्दुल्ला के सामने आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती भी है। जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है। घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया। तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस भूमिका तक पहुंचाने में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना ऐसे ही प्रयासों की सार्थक निष्पत्ति है। नई सरकार को विकास की चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए आतंकमुक्त कश्मीर के संकल्प को मंजिल तक पहुंचाना होगा। जम्मू एवं कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार का गठन अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेगा बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। बहरहाल, ऐसे में नवनिर्वाचित सरकार



और केंद्र का दायित्व है कि घाटी के लोगों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की आकांक्षा जतायी है, उसे पूरा करने में भरपूर सहयोग करें। एक समय राज्य में मतदाता डर कर मतदान करने हेतु नहीं निकलते थे। मतदान का प्रतिशत बेहद कम रहता था। इस बार मतदाता निर्भीकता के साथ मतदान करने निकले। जनता ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संकल्प को सकारात्मक समर्थन दिया है। यद्यपि लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस को कामयाबी नहीं मिल पायी थी, लेकिन जनता ने उन्हें राज्य में सरकार चलाने का स्पष्ट जनादेश दिया है। वहीं दूसरी ओर, इस भारी मतदान व स्पष्ट बहुमत का एक निष्कर्ष यह भी है कि लोग घाटी में शांति और सुकून, अमन एवं विकास, सौहार्द एवं सद्भावना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर प्रयास करना होगा कि इस क्षेत्र में शांति कायम होने के साथ विकास की नई बयार चले। जिसमें आम नागरिक खुद को सुरक्षित अनुभव करते हुए राष्ट्रीय विकास की धारा के साथ-साथ कदमताल कर सके। निश्चित ही उमर के सामने चुनौतियां बड़ी हैं, आम लोगों को भी उनकी कठिनाइयों का अंदाजा है, वहीं खुद उमर ने भी व्यावहारिक नजरिया अपनाने का संकेत दिया है। चुनाव के दौरान अनुच्छेद 370 की वापसी की मांग पर कड़ा रुख अपनाने वाले उमर ने चुनाव नतीजे आने के बाद इस मसले पर अपना रुख नरम कर लिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात ऐसे नहीं हैं, जिनमें इस मुद्दे पर जोर देने का किसी को कुछ फायदा होगा। उम्मीद बढ़ाने वाली बात यह भी है कि चुनावी कड़वाहट को पीछे छोड़ते हुए सभी पक्षों ने सहयोग का रुख अपनाने का संकेत दिया है। न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई सरकार के साथ मिलकर काम करने का संकेत दिया है बल्कि खुद उमर ने भी उपराज्यपाल से टकराव की बजाय आपसी समझ एवं सकारात्मकता से शासन करने की मंशा जतायी है, जो जहां जम्मू-कश्मीर की जनता के हित में है वही उमर की राजनीतिक सूझबूझ, परिपक्वता एवं विवेक का परिचायक है। चाहे उपमुख्यमंत्री पद जम्मू संभाग से चुने गए विधायक सुरिंदर चौधरी को स्थान देने की बात हो या कांग्रेस के लिए कैबिनेट में स्थान खाली रखने की, उमर अब्दुल्ला यह संकेत दे रहे हैं कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। कांग्रेस ने फिलहाल सरकार को बाहर से समर्थन देने की बात कही है, लेकिन इसका कारण राज्य का दर्जा न मिलने को बताया है। उमर को हर कदम सावधानी से उठाने होंगे ताकि कोई भी स्थिति मंत्री पदों की संख्या का या इंडिया गठबंधन के घटक दलों में मतभेद एवं टकराव का न बन जाए। उमर के एक-एक फैसले पर कैबिनेट और उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र का मसला सामने आ सकता है। ऐसे में देखना होगा कि इन सबके बीच जम्मू-कश्मीर की नई सरकार उमर के नेतृत्व में कितने सधे कदमों से आगे बढ़ती है। क्योंकि सरकार को अपना दायित्व इस बात को ध्यान में रखकर निभाना होगा कि केंद्रशासित प्रदेश में उपराज्यपाल के पास व्यापक अधिकार हैं। केंद्र शासित प्रदेश में एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का खासा उत्साह लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूती दे रहा है। कहीं न कहीं जनता ने स्पष्ट संदेश भी दिया कि वे हिंसा, अस्थिरता, आतंकवाद व अलगाववाद से छुटकारा चाहते हैं। जाहिरा तौर पर नई सरकार के सामने व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने की चुनौती होगी। इसलिये जम्मू-कश्मीर में नई सरकार को व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए बदली हुई शासन व्यवस्था के साथ भी साम्य स्थापित करना है। इस बात का अहसास उमर अब्दुल्ला को भी है कि शासन चलाने में अब पहले जैसी स्वतंत्रता नहीं होगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि कम से कम सीमावर्ती घाटी की संवेदनशीलता को देखते हुए इस केंद्रशासित प्रदेश में वैसा टकराव देखने को नहीं मिलेगा, जैसा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार और एलजी के बीच देखने को मिलता रहा है। विश्वास करें कि नई सरकार को प्रशासनिक मामलों में नौकरशाही का पर्याप्त सहयोग मिलता रहेगा। नीति-नियंताओं को ध्यान रखना होगा कि सरकार चलाने में किसी भी तरह का अनावश्यक व्यवधान कालांतर अशांति का वाहक बनेगा। उम्मीद करें कि यथाशीघ्र पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर में प्रशासन की विसंगतियां दूर की जा सकेंगी।

दृष्टि कोण

## राजनीतिक असंवेदनशीलता से बढ़ता स्वास्थ्य जोखिम

दिल्ली में कूड़े के पहाड़ गंभीर समस्या बन चुके हैं, और इस पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी चिंता जताई है। प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए गठित विशेष कार्यबल की बैठक में कचरे के निपटान में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर कचरा निपटान के लिए मौजूदा कानूनों के सख्त अनुपालन और कचरे से बिजली बनाने की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही, सड़कों और निर्माण गतिविधियों में धूल नियंत्रण के उपायों को भी प्राथमिकता देने की बात की गई। वास्तव में स्वच्छ भारत मिशन का मुख्य उद्देश्य दिल्ली में वर्षों से जमा कूड़े के ढेरों को समाप्त करना था, जो अब पहाड़ की शक्ल ले चुके हैं। यह मिशन 2 अक्तूबर, 2014 को शुरू हुआ, और एक महत्वपूर्ण पड़ाव 1 अक्तूबर 2021 को आया जब एसबीएम-2.0 की शुरुआत हुई। इस योजना के तहत कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया, और यह सुनिश्चित किया गया कि भविष्य में ऐसी समस्याएं न उभरें। केंद्र सरकार ने कूड़े के ढेरों को समाप्त करने के लिए 3000 करोड़ रुपये से अधिक की योजना शुरू की थी, जिसमें राज्यों से सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा की गई थी। हालांकि, राजनीतिक दांवपेच के चलते इन कूड़े के पहाड़ों का निवारण अब तक नहीं हो सका है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में केवल 15 फीसदी कूड़े के पहाड़ कम हो पाए हैं, जिसकी आवास और शहरी विकास मंत्रालय द्वारा भी पुष्टि की गई है। यह स्थिति समस्या के समाधान में अनिच्छा और समन्वय की कमी को दर्शाती है। देश में 2,421 कूड़ाघर हैं, जहां 1,000 टन से अधिक ठोस कचरा जमा है। आवास और शहरी विकास मंत्रालय के अनुसार, कूड़े के पहाड़ों में लगभग 15,000 एकड़ जमीन पर 16 करोड़ टन से ज्यादा कचरा फंसा है, जिसका निस्तारण एक बड़ी चुनौती है। प्रयासों के बावजूद, केवल 470 स्थानों को पूरी तरह साफ किया जा सका है, जबकि 730 साइटें अभी तक निस्तारण की प्रक्रिया से बाहर हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि नगर निकायों के पास कचरे के निस्तारण की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं है। कुछ राज्यों की बात करें तो इस मामले में गुजरात शीर्ष पर है, जहां 202 लाख टन ठोस कचरे में से केवल 10.73 लाख टन कचरे का ही वहां निस्तारण होना बाकी है। जबकि देश की राजधानी दिल्ली में 203 लाख टन ठोस कचरे में से 126.02 लाख टन कचरे का निस्तारण अभी बाकी है। महाराष्ट्र में 388 लाख टन में से 242 लाख टन, पंजाब में 73.62 लाख टन में से 37.73 लाख टन, मध्य प्रदेश में 63.23 लाख टन में से 47.68 लाख टन, जम्मू-कश्मीर में 22.10 लाख टन में से 21.08 लाख टन, उत्तराखंड में 14.12 लाख टन में से 7.36 लाख टन और छत्तीसगढ़ में 6.54 लाख टन में से 0.52 लाख टन कचरे का निस्तारण अभी बाकी है। आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के अनुसार 1,250 डंप साइटों में कूड़ा निस्तारण का काम पिछले दिनों शुरू कर दिया गया है। राजधानी दिल्ली में लाख कोशिशों के बावजूद कूड़े के पहाड़ खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं। यहां चार बार तो समय सीमा भी बदली जा चुकी है। सरकार, नगर निगम के बीच दांवपेच के चलते अभी तय की गयी दिसम्बर, 2028 की समय सीमा में फिर बदलाव हो सकता है। दिल्ली में गाजीपुर, ओखला और भलस्वा ये तीन मुख्य लैंडफिल साइटें हैं। यहां ओखला और भलस्वा में कचरा निस्तारण का काम बंद पड़ा है। गाजीपुर लैंडफिल साइट पर निस्तारण प्रक्रिया की धीमी गति के कारण, वहां 30 लाख मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण होना चाहिए था, लेकिन अब तक केवल 12 लाख मीट्रिक टन कचरे का ही निस्तारण हो सका है।

कुछ अलग

## महंगाई की फिक्र

ऐसे वक्त में जब भारतीय बाजार त्योहार की रंगत में रंगने लगे हैं और कारोबारियों को बेहतर कारोबार की उम्मीद है, भारतीय रिजर्व बैंक महंगाई को लेकर फिक्रमंद है। उसे चिंता है कि महंगाई बढ़ी तो त्योहार की रौनक प्रभावित हो सकती है। तभी मौद्रिक नीति की घोषणा करते वक्त केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को यथावत बनाये रखा है। बहरहाल, ये आने वाला वक्त बताएगा कि रिजर्व बैंक किस हद तक महंगाई पर नियंत्रण रखने में सफल हो पाता है। दरअसल, केंद्रीय बैंक का लक्ष्य है कि महंगाई की दर को चार फीसदी से नीचे रखी जाए। चिंता जतायी जा रही है कि आने वाले दो वर्ष में यह दर चार फीसदी से ऊपर रह सकती है। जब दो साल पहले खुदरा महंगाई की दर सात फीसदी के करीब पहुंच गई थी तो केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक उपायों से महंगाई पर काबू पाने का प्रयास किया। बैंक ने धीरे-धीरे रेपो दर में वृद्धि की थी। फिलहाल छह बार की बढ़ोतरी से फिलहाल इस दर में करीब ढाई फीसदी की वृद्धि हो चुकी है। अब महंगाई बढ़ने की फिक्र में केंद्रीय बैंक ने दसवीं बार रेपो दर को यथावत रखा है। जो फिलहाल साढ़े छह फीसदी है। दरअसल, बैंक का आकलन है कि आने वाले दो वर्षों में महंगाई की दर चार फीसदी से ऊपर रह सकती है। केंद्रीय बैंक यदि उद्यमियों के दबाव के बावजूद बैंक दरों में कमी नहीं कर रहा है तो उसकी वजह महंगाई की फिक्र में थमे कदम हैं। बैंक का आकलन है कि यदि हम महंगाई की दर को अपने लक्ष्य चार फीसदी से कम लाने में कामयाब हो जाते हैं तो देश की विकास दर के ऊंचे लक्ष्य हासिल किये जा सकते हैं। इतना ही नहीं, विकास दर दो अंकों का आंकड़ा छू सकती है। वैसे जिस तरह कोविड संकट से उबरती दुनिया को रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिम एशिया के संकट से जूझना पड़ रहा है, भारत उससे अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने में कामयाब रहा है। यह एक हकीकत है कि जहां दुनिया के अन्य विकसित देश मंदी के संकट से जूझ रहे हैं, भारत मंदी के दुष्प्रभाव से अर्थव्यवस्था को बचा पाया है। निस्संदेह, हमारी मौद्रिक नीतियां आर्थिकी को स्थायित्व प्रदान करने में किसी हद तक सफल रही हैं। यही वजह है कि संवेदनशील आर्थिकी के वैश्विक परिदृश्य में केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीतियों में बदलाव से परहेज किया है। निस्संदेह, भारत इस समय दुनिया में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है। इस स्थिति को बनाए रखने के लिये खासी सावधानी भी जरूरी है। लेकिन ऊंची रेपो दर का नुकसान देश के उन उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है, जो घर-वाहन लोन की ईएमआई कम होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। हालांकि, देश के बुजुर्गों को बचत खाते में अधिक ब्याज मिलने से लाभ जरूर हो रहा है। लेकिन महंगाई का प्रभाव तो समाज के हर वर्ग पर पड़ रहा है। वहीं थोक व फुटकर की महंगाई के आंकड़े भले ही इसके कम होने की बात कर रहे हों, लेकिन व्यवहार में फल-सब्जी व खाद्य पदार्थों की महंगाई उपभोक्ताओं के बजट को प्रभावित कर रही है। दूसरी ओर कर्ज लेने वाले लोगों को बढ़ी किस्तें भी परेशान कर रही हैं। कारोबारी और कामकाजी लोग काफी समय से आस लगाए बैठे थे कि यदि रिजर्व बैंक रेपो दरों में कुछ कमी करता है तो ऋण सस्ते होने से उनके कर्ज की किस्त कुछ हल्की हो जाएगी। लेकिन महंगाई की चिंता कर रहा केंद्रीय बैंक ऐसे किसी कदम को उठाने से परहेज कर रहा है। लेकिन एक बात तो तय है कि महंगाई दर में कमी के दावों का अहसास आम आदमी को भी होना चाहिए। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि महंगाई के आंकड़ों पर काबू पाने का वास्तविक लाभ आम उपभोक्ता को कैसे और कब मिलेगा। कोशिश की जानी चाहिए कि त्योहार के मौसम में आम आदमी को दैनिक उपभोग की वस्तुएं मसलन खाद्यान्न, सब्जी-फल, डेरी उत्पाद व खाद्य तेल वाजिब दामों में मिले। तभी महंगाई पर नियंत्रण के सरकारी दावे सिरे चढ़ सकेंगे।

देश दुनीया से

## लोकतंत्र की कसौटी पर 'एक राष्ट्र, एक चुनाव'


गठबंधन सरकार के नेतृत्व के साथ– जल्द ही हरियाणा राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ। जिसके पिछले सप्ताह घोषित परिणामों ने राजनेताओं और चुनाव विशेषज्ञों, दोनों को चौंका दिया। हरियाणा में मोदी की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अप्रत्याशित जीत हासिल की, जहां पर उसकी हार की उम्मीद बताई जा रही थी। वहीं जम्मू-कश्मीर में विपक्षी कांग्रेस पार्टी ने अपने क्षेत्रीय सहयोगी नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर जीत पाई, जबकि वहां पर चुनावों में किसी भी पार्टी या गठबंधन को बहुमत न मिलने के कारण त्रिशंकु विधानसभा की भविष्यवाणी की गई थी।


भारतीय लोकतंत्र की गरिमा बचाने वाला एक अनुग्रह है- हालांकि कुछ लोगों के लिए यह भारत की सबसे अधिक परेशान करने वाली खामियों में एक होगा – कि व्यावहारिक रूप से यहां सदा कोई न कोई चुनाव चलता रहता है। इसलिए, पिछले आम चुनाव की गूंज जैसे ही खत्म हुई – जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पद पर तो बनाए रखा, लेकिन बहुमत के बिना और गठबंधन सरकार के नेतृत्व के साथ– जल्द ही हरियाणा राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ। जिसके पिछले सप्ताह घोषित परिणामों ने राजनेताओं और चुनाव विशेषज्ञों, दोनों को चौंका दिया। हरियाणा में मोदी की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अप्रत्याशित जीत हासिल की, जहां पर उसकी हार की उम्मीद बताई जा रही थी। वहीं जम्मू-कश्मीर में विपक्षी कांग्रेस पार्टी ने अपने क्षेत्रीय सहयोगी नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर जीत पाई, जबकि वहां पर चुनावों में किसी भी पार्टी या गठबंधन को बहुमत न मिलने के कारण त्रिशंकु विधानसभा की भविष्यवाणी की गई थी। जून के लोकसभा चुनाव में भी चुनाव पंडितों के कयास गलत निकले थे – उन्होंने भाजपा की तगड़ी जीत का अनुमान लगाया था – निश्चित रूप से भारत के मतदाता का अंदाज़ा पहले से नहीं लगाया जा सकता। अपेक्षाओं को धता बताने के और अधिक मौके भारतीय मतदाताओं को शीघ्र ही मिलने जा रहे हैं। साल खत्म होने से पहले और दो राज्यों -महाराष्ट्र और झारखंड – में चुनाव होने जा रहे हैं। उनके बाद नंबर दिल्ली का होगा, जिसके संकटग्रस्त मुख्यमंत्री ने हाल ही में इस्तीफा देकर समय से पहले चुनाव कराने की मांग की है (जो वैसे भी अगले मार्च तक होने हैं)। दूसरे शब्दों में, चुनाव एक साथ होने के बजाय – भारत के 28 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों में से हर कोई अपनी सरकारें चुनता है – भारत का यह चुनावी पंचांग अब बदलने की बात हो रही है। मोदी सरकार के लिए, यह सारी चुनाव से संबंधित अनिश्चितता बहुत दूर निकल चुकी है। वह चाहते हैं कि भारत एक निश्चित चुनावी कार्यक्रम स्थापित करे, जिसके अंतर्गत लोकसभा (संसद का निचला सदन), राज्यों की विधानसभाओं और स्थानीय निकायों, सभी के लिए हर पांच साल में एक ही तारीख को मतदान हो। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने हाल ही में इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए एक बृहद रिपोर्ट तैयार की, जिसे पीएम मोदी ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का नाम दिया है। चुनावों की बारम्बारता वास्तव में किसी राष्ट्रीय सरकार के लिए एक चुनौती है। मसलन, जहां राज्य व स्थानीय चुनावों में अधिकांशतः स्थानीय मुद्दे प्रभावी होते हैं और अक्सर इन्हें राष्ट्रीय सरकार पर एक प्रकार के जनमत संग्रह के रूप में देखा जाता है। दूसरी ओर, स्वतंत्र चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता के कारण चुनाव के दौरान शासन व्यवस्था ठप हो जाती है, ताकि कार्यकारी सरकार ऐसी नीतिगत घोषणाएं न करने पाए, जिससे कि मतदाता उनके पक्ष में मतदान करने के लिए प्रभावित हो। इसके अलावा, राष्ट्रीय नेता चुनाव वाले राज्यों में प्रचार करने में व्यस्त हो जाते हैं, जिनमें से प्रत्येक का अपना राजनीतिक इतिहास होता है और अक्सर, उनकी अपनी पार्टियां भी। पीएम मोदी और उनके गृह मंत्री अमित शाह अपने दस वर्षीय कार्यकाल के दौरान अंतहीन चुनावी अभियान में व्यस्त रहे, जिससे कि उनके अपने आधिकारिक कर्तव्यों के लिए बहुत कम समय बचा। प्रधानमंत्री मोदी की दलील है कि बार-बार चुनाव कराने से पैसा और समय दोनों बर्बाद होते हैं। हो सकता है उन्हें यह विचार भी आया होगा कि एक साथ चुनाव करवाने पर राष्ट्रीय पार्टियों और मुद्दों का फायदा राज्य चुनावों में मिल सकता है, ताकि राष्ट्र व्यापी चुनाव प्रचार में स्थानीय नेताओं और समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की संभावना कम ही रहे। विपक्ष इस प्रस्तावित सुधार को खारिज करता है, यह इंगित करते हुए कि सभी चुनाव एक साथ करवाने पर खर्च में जो भी मामूली बचत हो पाएगी, उसके बरक्स, चुनाव अभियानों में जिस प्रकार बड़े पैमाने पर पैसा लगाए जाने से आर्थिकी को प्रोत्साहन मिलता है, उससे वंचित होने का नुकसान होगा। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि यह प्रस्ताव भारत के संघीय स्वरूप और विविधता को कुचलने का मंसूबा दर्शाता है, जोकि मोदी के एकात्मकवाद के प्रति लगाव को कार्यकुशलता के रूप में पेश करता है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के साथ सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह अव्यावहारिक है, जिसको हम अपने अनुभवों से जानते हैं। स्वतंत्रता उपरांत, भारत ने एक ही तारीख पर चुनाव करवाने वाली व्यवस्था कायम की थी। लेकिन यह व्यवस्था 1952 से 1967 तक, केवल पंद्रह वर्षों तक चल पाई। इसकी वजह भारत की संसदीय प्रणाली के मूल में निहित हैः सरकारों के लिए विधायी बहुमत बनाए रखना जरूरी है। यदि कोई सरकार अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले बहुमत खो देती है, तो नए चुनाव होने चाहिए।

आप का नजरीया

## दुर्भाग्यपूर्ण विवाद

गत एक वर्ष से अधिक समय से भारत तथा कनाडा के बीच जारी कड़वे विवाद का जो चरम हाल ही में देखने में आया है, वह दोनों देशों के दीर्घकालीन संबंधों के हित में कदापि नहीं कहा जा सकता है। निश्चय ही यह दोनों देशों के रिश्तों में अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। अपने घरेलू राजनीतिक हितों को साधने के लिये जस्टिन ट्रूडो के हालिया तल्ख आरोपों के चलते ही भारत आलोचना- निंदा जैसे कदमों से कहीं और आगे निकल गया है। भारत की यह प्रतिक्रिया स्वाभाविक ही थी जब जून 2023 में कट्टरपंथी सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर, जिसे भारत ने आतंकवादी घोषित किया था, की हत्या में शीर्ष भारतीय राजनयिकों की संलिप्तता के आरोप कनाडा सरकार द्वारा लगाये गए। नई दिल्ली ने खुले तौर पर इस कटुता को पैदा करने में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की नकारात्मक भूमिका का आरोप लगाया है। जिसके मूल में उनका घरेलू राजनीतिक एजेंडा है। भारत सरकार ने उन पर आरोप लगाया है कि अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये तैयार घरेलू एजेंडे के तहत ही जस्टिन ट्रूडो भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैया अपना रहे हैं। निश्चित रूप से इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम की परिणति के चलते राजनयिकों के निष्कासन ने दोनों देशों के संबंधों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। यह निर्विवाद सत्य है कि पिछले एक साल से जारी इस विवाद को सुलझाने में कनाडा की तरफ से संयम दिखाने के प्रयास ना के बराबर ही हुए हैं। जिसकी जवाबदेही जस्टिन ट्रूडो को ही स्वीकारनी होगी। दरअसल, कनाडा में अल्पमत सरकार चला रहे जस्टिन ट्रूडो लगभग नौ वर्ष के कार्यकाल के दौरान अपने घर में लगातार अलोकप्रिय होते जा रहे हैं। यहां तक कि उनके अपने राजनीतिक दल लिबरल पार्टी में उनका मुखर विरोध हो रहा है। इसके चलते पार्टी के भीतर पद छोड़ने को लेकर लगातार दबाव बढ़ रहा है। जो उनकी अपरिपक्व राजनीति का ही पर्याय कहा जा सकता है। दरअसल, अपनी सत्ता को डांवाडोल होते देख, कनाडा के लोगों का ध्यान हटाने के लिये ट्रूडो इस तरह के अप्रिय विवादों को हवा दे रहे हैं। आरोप लगाया जा रहा है कि सत्ता पर कब्जा बनाये रखने के लिये ट्रूडो सिख चरमपंथी तत्वों का तुष्टीकरण करने हेतु इस तरह के आरोपों को हवा दे रहे हैं। निश्चय ही भारत पर इस तरह के आरोप, राजनीतिक आकांक्षाओं के चलते लगाने से भारत के साथ कनाडा के संबंधों को जो नुकसान होगा, उसकी भरपाई करना अगले कुछ वर्षों में संभव नहीं हो सकेगा। निस्संदेह इस घटनाक्रम ने राजनयिक संकट को और गहरा किया है। इसमें दो राय नहीं कि भारत कनाडा सरकार द्वारा लगातार अलगाववादियों को समर्थन देने पर चिंता व्यक्त करता रहा है। लेकिन अपनी सरकार बचाने में जुटे जस्टिन ट्रूडो ने भारत की मांग को कभी भी गंभीरता से नहीं लिया है। जो मामला अब लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। यह अजीब बात है कि कनाडा सरकार सिख अलगाववादियों को निशाना बनाने के लिये आपराधिक नेटवर्क चलाने का आरोप लगा रही है। हालांकि, भारत विगत में ओटावा से भारतीय मूल के गैंगस्टरों पर लगाम लगाने के लिये कहता रहा है। बहरहाल, आक्रामक राजनीति का यह रवैया भारत-कनाडा के संबंधों को लगातार खतरे में डाल रहा है।

## चतरा के थाना मैदान में राजद का नामांकन सभा का किया गया आयोजन

# सभा को राज्य सभा सांसद संजय झा, पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण यादव, मंत्री सत्यानंद भोगता, मनोज चंद्रा और रश्मि प्रकाश ने किया संबोधित






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा अ ज 27 विधान सभा से इंडिया महागठबंधन की राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश के नामांकन समारोह का आयोजन शहर स्थित थाना मैदान में आयोजित की गई थी।नामांकन दाखिल करने के उपरांत आयोजित समारोह की अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव ने किया जबकि संचालन राजद नेता अतीक मंसूरी और अब्दुल्लाह अंसारी ने किया।बतौर मुख्य अतिथि बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने संबोधन में विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि मेरे पुरे परिवार पर ईडी और सीबीआई लगा कर लालू यादव को जेल भेजने का काम किया गया वहीं आदिवासी के बेटे हेमंत सोरेन को भी जेल भेज कर सरकार को स्थिर करने का प्रयास किया गया लेकिन हम लोगों ने एकजुटता के साथ डटे रहे।उन्होंने कहा कि भाजपा नफरत फैला कर सत्ता पर काबिज होना चाहती है।इंडिया गठबंधन के लोग अमन शांति और भाईचारे का पैगाम समाज में देने का काम करती रही है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है। जबकि इंडिया गठबंधन संविधान को बचाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ रही है।इस लिए संविधान की रक्षा, गंगा जमुनी तहजीब और हिन्दू मुस्लिम एकता को बरकरार रखने के लिए चतरा की राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश को और सिमरिया के जेएमएम प्रत्याशी मनोज चंद्रा को भारी बहुमत से जिताकर विधान सभा भेजें और महागठबंधन के हाथों को मजबूत करने का काम करें। चतरा शुरू से ही राजद का गढ़ रहा है जब भाजपा सीट छोड़ दी तो लोजपा कहां टिकेगी। जबकि स्थानीय राजद विधायक सह सूबे के मंत्री सत्यानंद भोगता ने अपने संबोधन में कहा कि लोजपा प्रत्याशी पर दर्जनों हत्या का मुकदमा कोर्ट में चल रहा है।निचली अदालत में सजा हो चुकी है हाई कोर्ट में सुनवाई चल रही है जहां अभी स्टे लगा हुआ है कभी भी किसी समय भी जेल जा सकते हैं। जबकि राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने कहा कि अपने पिता के अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करूंगी।किसी को कभी भी कोई शिकायत का मौका नहीं दूंगी। सभा को राज्य सभा सांसद डा संजय झा, पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण, भोला यादव, राजद प्रवक्ता अनीता यादव कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे,जे एम एम जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति के अतिरिक्त दर्जनों नेताओं ने संबोधन किया।

## आदर्श आचार संहिता का टंडवा पुलिस के द्वारा किया जा रहा है सख्ती से पालन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विगत रात्रि में टंडवा पुलिस के द्वारा अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें टंडवा थाना क्षेत्र के कोयद गांव निवासी मूलन साव,किशोर साव तथा सराधू गांव निवासी सुनील प्रजापति व सहदेव राणा (ग्राम हेचा बलिया) के घर से कुल इकतीस लीटर अवैध देशी महुआ शराब, सोलह केन बीयर, सोलह बोतल बीयर तथा तीन क्वार्टर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। टंडवा पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल उरांव ने इस पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए अवैध शराब कारोबारियों के विरुध टंडवा थाना कांड संख्या 302/24 के तहत मामला दर्ज करते हुए सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में चतरा भेज दिया है। इधर पुलिस की इस तरह की कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारी के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

## बीडीओ ने किया कर्मियों के साथ बैठक, मतदाता जागरूक करने का दिया निर्देश



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक किया। जहां कर्मियों को विधानसभा चुनाव को लेकर सजक रहने के साथ-साथ मतदान केंद्र में बिजली पानी शौचालय व आवा गमन की व्यवस्था दुरुस्त रखने की बात कही है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक करने की भी बात कही है।बैठक में उपस्थित बिपीओ राम कुमार सिंह पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार सिंह प्रियंका प्रिया रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार निर्मल कुमार दांगी प्रदीप कुमार शालिनी भारती पार्वती कुमारी उपस्थित थे।

## लाभुकों द्वारा रिश्वत लेने की शिकायत पर एसीबी ने की बड़ी कारवाई



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया प्रखण्ड के पुंडरा पंचायत सह इचाक पंचायत सेवक खुशबू कुमारी को एसीबी ने रंगे हाथ धर दबोचा। जानकारी के अनुशार पंचायत सेवक के पद पर कार्यरत खुशबू कुमारी अबूआ आवास योजना में रिश्वत की मांग की थी। पूर्व में भी रिश्वत लेने का शिकायत बढ़ता जा रहा था। अंत में अबुआ आवास के लाभुक ने पंचायत सेवक खुशबू कुमारी द्वारा मांगा गया 5 हजार रुपए देने पर राजी हुआ। इसके पश्चात एसीबी ने इसकी शिकायत पर रेकी किया और रिश्वत मांग के आधार पर एसीबी ने जाल बिछा दिया । जहां एसीबी के जाल में पांच हजार रिश्वत लेते पंचायत सेवक खुशबू कुमार फंस गई और धर दबोचा । दबोचने के बाद महिला कांस्टेबल के माध्यम से उसे गिरफ्तार कर अपने साथ हजारीबाग एसीबी की टीम ने ले गई है अभी पूछ ताछ जारी है।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय झारखण्ड रांची से प्राप्त दो VR-LED SCREEN युक्त जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय झारखण्ड राँची से प्राप्त 02 VR-LED SCREEN युक्त प्रचार वाहन का आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। यह प्रचार रथ 27-चतरा (अ0जा0) एवं 26-सिमरिया (अ0जा0) क्षेत्रान्तर्गत विगत चुनावों में जिन मतदान केन्द्रों का मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से कम रहा है अथवा जिन मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम मतदान हुआ है उन सभी मतदान केन्द्रों के मतदाता जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें साथ ही उन क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार के साथ साथ सभी प्रखण्डों, सभी पंचायतों, ग्रामों, हाट बाजारों, शहरी क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार कर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य करेंगी।उक्त मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी पदाधिकारी, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर समेत स्वीप कोषांग के कर्मी उपस्थित थे।

# जिला विधिव सेवा प्राधिकार के तत्वधान में थाना परिसर में मुक्त कानूनी शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना में जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के तत्वधान में बुधबार को गिद्धौर थाना परिसर में मुक्त कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में घरेलू विवाद पति-पत्नी के बीच विवाद आदि मामले शामिल थे जिसका निष्पादन मेडिसिन के द्वारा किया गया साथ ही मुक्त कानूनी सहायता टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में बताया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता व पीएलवी पवन कुमार उपस्थित हुए। शिविर में थाना क्षेत्र से घरेलू मामाला आया। जिसमें घरेलू मामले में पति-पत्नी के बीच समझाऊता कराया गया। इस संबंध में पीएलवी पवन कुमार ने बताया की जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रत्येक रविवार-बुधवार को गिद्धौर थाना में मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में घरेलू विवाद, बाल विवाह समेत शोषित परिवार को कानूनी सहायता व जानकारी दिया जाएगा। थाना क्षेत्र पीड़ीत लोग मध्यस्थता व कानूनी जानकारी के लिए शिविर में उपस्थित होकर लाभ ले सकते है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अर्धवार्षिक परीक्षाफल पत्रक का किया गया वितरण



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलवे स्टेशन स्थित बाजकुम के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय परिसर में बुधवार को अर्धवार्षिक परीक्षा फल 2024-25 का प्रकाशन हेतु सरयु प्रसाद सिंह की उपस्थिति में एक उत्साहवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम दीप प्रज्वलन एवं वन्दना के पश्चात् कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मंच संचालन का कार्य भार धीरजन राम आचार्य के द्वारा एवं छायांकन अश्विनी एवं चन्दन (आचार्य द्वय) के द्वारा किया गया। परीक्षाफल पत्रक का वितरण कमशः सभी आचार्य एवं दीदी जी के माध्यम से मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्य के द्वारा प्रदान किया गया। सर्वप्रथम सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को परीक्षा फल पत्रक दिया गया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि का उद्‌बोधन हुआ, जिसमें भैया बहनों को अनुशासन, मेहनत एवं अच्छा संस्कार के सम्बन्ध में सम्बोधन करते हुए शिशु विद्या मंदिर की पावन धरा में ज्ञानवर्धक रुपी सरिता का प्रवाह किये।अन्त में विधालय के प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया साथ ही प्रधानाचार्य श्री शर्मा ने भैया-बहनों को अपनी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कड़ी मेहनत पर प्रकाश डालते हुए सदैव आगे बढ़ने के लिए उत्प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्यो, दीदी जी एवं सभी कर्मचारीयों की सहभागिता सराहनीय रहा।

## मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया गया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से क्लस्टर एवं मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुचारु रुप से होने से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारियों से पोलिंग पार्टी तथा सीआरपीएफ के जवानों के रुकने के लिए कलस्टरों एवं मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की क्रम वार तरीके से प्रखंडवार जानकारी ली गई। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित किया कि कलस्टरों पर आवश्यकता के अनुरुप पेयजल के लिए टैंकरों, पंखा, बिजली, लाईट आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए। संबंधित पदाधिकारियों एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को उक्त व्यवस्थाएं मतदान तिथि से पूर्व सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।समीक्षा के क्रम में (AMF) के तहत मूलभूत सुविधाओं को कलस्टर एवं बुथों पर पेयजल, बिजली, शौचालय, पेयजल, सहित उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की विस्तार से जानकारी लेते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं निश्चित रूप से उपलब्ध रहे इसे सुनिश्चित कर लें।बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित

# सपा प्रत्याशी रघुपाल सिंह 25 अक्टूबर को करेंगे नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका विधानसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी रघुपाल सिंह के आवास पर बुधवार को समाजवादी पार्टी के मनिका प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक उरांव की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में सैकड़ों की संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बली प्रसाद यादव एवं देवांश यादव के द्वारा बताया गया कि 25 अक्टूबर को हजारों की संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता के साथ महुआडांड़ अनुमंडलीय कार्यालय पहुंचकर समाजवादी पार्टी के टिकट पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रघुपाल सिंह नामांकन करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रघुपाल सिंह को सभी जाति सभी धर्म के लोगों का पूरा सहयोग मिल रहा है।मौके पर बंदुआ मुखिया पति भारदुल सिंह, आनंद कुमार राय, प्रमोद कुमार यादव, उमेश यादव, कुंदन कुमार, रासबिहारी प्रसाद यादव, दामोदर यादव, अनिल विश्वकर्मा, संजीत कुमार यादव, अरविंद कुमार यादव, समेत सैकड़ों की संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे।

## भट्कुआ में डूबने से 24 वर्षीय व्यक्ति की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छतरपुर थाना क्षेत्र के महुगाई गांव निवासी स्वर्गीय भोला भुइया के पुत्र चनारिक भुइयां की भटकुआ में डूबने से मौत हो गई।इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की सोमवार की शाम चनारिक भुइयां अपने घर से निकला उसके बाद वह अपने घर वापस नही लौटा।उसके घर नही लौटने पर परिजनों ने उसे सभी जगहों पर तलाश की परंतु इसका कुछ भी पता नहीं चल पाया।इसी बीच बुधवार की सुबह परिजनों को पता चला कि घर से कुछ दूरी पर भटकुआं में चानारिक भुइयां का शव पड़ा हुआ है।इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों की सैकड़ो भीड़ कुआं के पास उमड़ पड़ी।इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी छतरपुर थाना की पुलिस को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भी मृतक का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सको ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रेफर कर दिया है।वहीं इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## पांच लाख 20 हजार का अफीम बरामद, एक गिरफ्तार



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना क्षेत्र के बालूभाँग के बघमरी टोला निवासी महेंद्र गंझु पिता स्वर्गीय गुजर गंझु के घर पुलिस ने छापामारी कर, एक किलो 90 ग्राम अफीम जैसा मादक पदार्थ जप्त किया व महेंद्र गंझु पिता स्व गुजर गंझु को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में एसडीपीओ बिनोद रवानी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पुलिस अधीक्षक लातेहार को महेंद्र गंझु ग्राम बालूभाँग टोला बघमरी के घर मे अफीम होने की सूचना मिली थी। प्राप्त सुचना के आधार पर तत्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी के नेतृत्व में एक छापामारी दल ग़ठन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार पुअनि रितेश तिग्गा, सअनि सुरेश कुमार सिंह सशस्त्र बल शामिल थे। छापामारी दल द्वारा महेंद्र गंझु की घर विधिवत तलाशी ली गई जहाँ एक किलो 90 ग्राम अफीम जैसा पदार्थ, पोस्ता दाना 3 किलो 300 ग्राम जिसका बाजार मूल्य पांच लाख 20 हजार है। जिसको विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त कर महेंद्र गंझु को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार महेंद्र गंझु के द्वारा इस अवैध व्यपार में मो जाहीद उर्फ़ गुड्डू खान पिता सुलेमान मियाँ ग्राम सिबला थाना बारियातू जिला लातेहार के संलिप्तता के सम्बन्ध में भी बताया।इस सम्बन्ध में बारियातू थाना कांड संख्या 63/24 दिनांक 23/10/2024 धारा 17 (सी) 18 (बी) 22( सी ) एनडीएपीएस एक्ट दर्ज कर महेंद्र गंझु को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।अफीम के अवैध धंधे मे अन्य संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध अनुसंधान की जा रही है। वहीं प्रशासन के द्वारा क्षेत्र वासियों को अफीम जैसी मादक पदार्थ की खेती न करने की नसीहत दी गई,। ऐसा करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर इंस्पेक्टर दीपक बिरुआ मौजूद थे।

# विस चुनाव को सफ़लतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधानसभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तरीके से संपन्न हेतु बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में पीठासीन पदाधिकारी एवं प्रथम मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।आयोजित प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने चुनाव कार्य में लगे पीठासीन पदाधिकारियों और प्रथम मतदान पदाधिकारियों को चुनाव संबंधी तमाम प्रक्रिया विस्तार से समझाई। प्रशिक्षण में पीठासीन पदाधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों को मतगणना संबंधी प्रक्रिया समझाते हुए इसके तमाम प्रावधानों का पालन करने की बात कही गई। आगे उन्होंने कहा कि पीठासीन पदाधिकारी निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों से अच्छी तरह अवगत हो लें। साथ ही मतदान से पहले बरती जाने वाली सावधानी के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने मतपेटी की पूर्ण कार्यप्रणाली की जानकारी दी। सीलिंग, मतदान की प्रक्रिया, संबंधित कागजात संधारण से संबंधित सभी आवश्यक बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में नामांकन से लेकर सभी प्रपत्र के बारे में पीठासीन पदाधिकारियों एवं प्रथम मतदान पदाधिकारियों को ठीक से समझाया गया। मतपेटिका के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।प्रशिक्षण में 138 पीठासीन पदाधिकारियों एवं 165 प्रथम मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

# डीसी ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान को लेकर अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधानसभा आम चुनाव, 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी से सभी को अवगत कराया। साथ ही एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी अधिकारियों एवं कार्यालय प्रधानों को संबंधित आवश्यक प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इसके अलावा बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची पोस्टल बैलेट कोषांग को तय समय अनुसार उपलब्ध करने की बात कही। आगे उन्होंने जानकारी दी कि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा, जिसमें आवश्यक जानकारी भरकर डाक मतपत्र शाखा में जमा किया जायेगा। इसके आधार पर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए पात्र हो पाएंगे। बैठक में उपायुक्त ने एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी मे आने वाले कार्यालयों के कार्यालय प्रधानों से कहा कि वे अपने सभी कर्मचारियों का नाम मतदाता सूची में शामिल होना सुनिश्चित करें। अगर किसी का भी मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है तो फॉर्म 6 भरकर अपना नाम दर्ज करें। इस प्रक्रिया के लिए संबंधित बीएलओ के माध्यम से या ऑनलाईन वोटर हेल्पलाइन एप या वोटर्स सर्विस पोर्टल के माध्यम से या 1950 पर बात कर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं और अपना इपिक नंबर प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, संबंधित विभाग के अधिकारी व कोषांग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

# सांसद मनीष जायसवाल ने भाजपा प्रत्याशी प्रदीप के समर्थन में किया धुंआधार जनसंपर्क, नामांकन रैली में आने का दिया न्योता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांसद मनीष जायसवाल ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के समर्थन में उनके साथ बुधवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी और कटकमदाग प्रखंड के दर्जनों पंचायतों का तूफानी दौरा किया और 24 अक्टूबर यानी गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के नामांकन रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसे सफल और ऐतिहासिक बनाने का आग्रह किया ।

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और सदर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने सुबह कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के रेबार पंचायत स्थित हरिया गांव से अपने दौरे की शुरुआत की जो कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के होरिया, रेबर, डाटो खुर्द, बाझा, कटकमसांडी, बरगड्डा, डांड, लूपुंग, असधीर, ज़ैलमा, और गदोखर सहित कुल 8 पंचायतों के करीब 20 गांवों का दौरा करते हुए ग्राम सलगांवा, नावाडीह, पकरार, मेयातु, कटकमदाग, बानादाग, मसरातु, रेवाली, कूद, सिरसी, दामोडीह, ढ़ेंगुरा, नवादा, कुण्डलीबागी और खपरीयाँवा में समापन हुआ। इस दौरान नेताद्वय का कटकमसांडी और कटकमदाग प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों ने गाजे- बाजे के साथ फूल माला पहनाकर जबरदस्त स्वागत किया ।



सांसद मनीष जायसवाल ने अपने दौरे के दौरान लोगों से कहा कि उन्होंने बतौर विधायक हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए आजादी के बाद पहली बार सदर विधानसभा क्षेत्र में विकास की एक नई गाथा लिखी है। विकास की इसी कड़ी को आगे बढ़ाने के लिए आप सबों के बीच वर्षों से सुलभता से उपलब्ध रहने वाले भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद को आने वाले विधानसभा चुनाव में आपको अपना आशीर्वाद और समर्थन अवश्य देना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड को गठबंधन की सरकार से मुक्ति दिलाकर एक सशक्त डबल इंजन की सरकार बनाएं ताकि राज्य के साथ राज्यवासियों का भविष्य बेहतर हो सके। भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जिस प्रकार आपके हर एक सुख-दुख में आपके बीच रहा हूं आगे भी पूरी तन्मयता से आपके बीच रहकर हजारीबाग को आगे बढ़ाने का काम करूंगा बस आप सभी अपना आशीर्वाद और समर्थन दें ।

मौके पर विशेषरूप से भाजपा जिला मंत्री रीतलाल यादव, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष इन्द्रनारायण कुशवाहा, कटकमसांडी भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, प्रकाश कुशवाहा, भाजपा नेता किशोरी राणा, अजय साहू, जीवन मेहता, जिप सदस्य मंजू नंदिनी, जीतन राम, मुखिया अशोक राणा, नारायण साव, सुनीता यादव, राकेश सिंह, बीरेंद्र कुमार बीरू, दीपक मेहता, दिलीप रवि, अरविंद यादव, हलधर यादव, लीलो सिंह भोक्ता, सुमन राय, प्रेम प्रसाद, दुर्जय प्रसाद, रामू राम, अरुण राणा, विमल गुप्ता, अशोक यादव, जगन्नाथ प्रजापति, इन्द्रनारायण कुशवाहा, महेश प्रसाद, बीरेंद्र कुमार गुप्ता, लखन गोप, सुनील यादव, सुरेंद्र गुप्ता, बसंत यादव, मिथलेश यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## बुधवार को बरही अनुमंडल कार्यालय से उमाशंकर अकेला, अरुण साहू समेत 10 लोगों ने खरीदा नामांकन प्रपत्र





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** बुधवार को बरही अनुमंडल कार्यालय से दस लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। वहीं छः प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल किया। निर्वाचन पदाधिकारी सह बरही एसडीओ जोहान टुडू ने संध्या करीब 4 बजे बताया कि 20 बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से सरयू प्रसाद वर्मा, पिता- भुवनेश्वर महतो, बहुजन समाज पार्टी, बटेश्वर प्रसाद मेहता, पिता- स्व रामेश्वर महतो, निर्दलीय, सुजीत कुमार, पिता- स्व रामप्रकाश मेहता, निर्दलीय, रामचंद्र प्रसाद, पिता- गंदौरी महतो, गौतम कुमार, स्व दिगेश्वर प्रसाद, निर्दलीय, राजकुमार यादव, पिता- उदन यादव, निर्दलीय, मो इब्राहिम, पिता- इस्माइल मियां, भाकपा माले से नामांकन प्रपत्र खरीदा। वहीं 21 बरही विधानसभा क्षेत्र से उमाशंकर अकेला, पिता-केशव यादव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, अरुण साहू, पिता- तिलेश्वर साहू, दिलीप कुमार चंद्रवंशी, पिता- परमेश्वर राम, जयप्रकाश जनता दल से नामांकन प्रपत्र खरीदा। बरही विधानसभा से डॉ. बालेश्वर राम निर्दलीय, अर्जुन प्रसाद केसरी निर्दलीय, कृष्ण कुमार यादव झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा से अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं पर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से नीतिका कुमारी निर्दलीय, महेंद्र प्रसाद झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, कुमकुम देवी लोकहित अधिकार पार्टी से नामांकन दर्ज करवाया। बता दे की नामांकन प्रक्रिया को पूर्ण करवाने के लिए निर्वाचन प्राधिकारी समेत बरही प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है, प्रत्याशियों के आने जाने के लिए बेहतर सुविधा रखी गई है।

## यह चुनाव केवल एक राजनीतिक दायित्व नहीं है, बल्कि यह जनता के विश्वास और भरोसे की जीत होगी : हर्ष अजमेरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा के युवा नेता हर्ष अजमेरा 25 अक्टूबर को आगामी विधानसभा चुनाव 25 हजारीबाग के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उनके समर्थकों ने बुधवार को नामांकन पत्र लिया है,हर्ष अजमेरा ने हमेशा से समाज के हर वर्ग के लिए काम किया है और अब वे इस चुनाव में अपनी मजबूत दावेदारी पेश करने जा रहे हैं।

**समर्थकों का जोश और उमंग भरपूर :** हर्ष अजमेरा के समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में लोग उनके समर्थन में इकट्ठा हुए और नामांकन पत्र लेने पहुंचे। इस अवसर पर समर्थक अनीश सिंह ने हर्ष अजमेरा की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक सशक्त और योग्य नेता हैं, जो हमेशा क्षेत्र की जनता के हित में कार्य करते हैं। उनके नेतृत्व में क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा और वे आगामी चुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। हर्ष अजमेरा ने सभी समर्थकों और क्षेत्र की जनता का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा,यह चुनाव केवल एक राजनीतिक दायित्व नहीं है, बल्कि यह जनता के विश्वास और भरोसे की जीत होगी। आगे कहा की सदैव समाज के हर वर्ग के लिए समर्पित रहा



हूं और भविष्य में भी आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। हम सब मिलकर एक बेहतर और समृद्ध भविष्य का निर्माण करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के विकास और समाज के कमजोर वर्गो के उत्थान के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने का वादा किया। श्री अजमेरा ने विशेष रूप से शिक्षा,स्वास्थ्य,किसान युवाओं और महिलाओं के लिए अपनी योजनाओं का जिक्र किया, जिनसे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और सामाजिक सुरक्षा मजबूत होगी। हर्ष अजमेरा और उनकी टीम ने नामांकन दाखिल करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। नामांकन के दिन भी बड़ी संख्या में उनके समर्थकों के इकट्ठा होने के आसार है,इस अवसर पर वे एक बार फिर से जनता को अपनी योजनाओं और एजेंडे के बारे में बताएंगे और सभी से समर्थन की अपील करेंगे।

## विपक्षियों ने केवल आर्केस्ट्रा प्रोग्राम का उद्घाटन किया है : अंबा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर विकास कार्यों से बदलने का दावा किया है। उन्होंने सरकार के पांच साल के कार्यकाल में हुए कार्यों का ब्योरा बताते हुए कहा कि उनके क्षेत्र में एक हज़ार करोड़ रुपये से भी अधिक खर्च कर सड़को को जोड़ने का काम किया सरकार के माध्यम से मैंने सड़क बनाया, कई विद्यालयों को अपग्रेड कराया, हरली में डिग्री कॉलेज, केरेडारी में स्टेडियम सहित कई विकास कार्यो का आधारशिला रखी वहीं एनटीपीसी से पांच लाख मुआवजा बढ़वाया, विस्थापन आयोग का गठन हेतु लगातार प्रयासरत रही, पतरातु में रेलवे ओवर ब्रिज कैबिनेट से पास करवाया, बिजली



की समस्या को खत्म करने के लिए पावर ग्रीड की आधारशिला रखी जो आठ से नव महीने में बनने के बाद बड़कागांव केरेडारी में 24 घण्टा बिजली मिलेगी वहीं लोड शेडिंग का मामला खत्म हो जाएगा। बुढ़वा महादेव को पर्यटक स्थल बनाने का काम किया पानी की समस्या को दूर करने के लिए हर पंचायत में 15 चापानल लगवाया, कोरोना में अपने निजी खर्चे से बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 50 बेड का कोरोना सेंटर बनवाया, केरेडारी के बुंडू, कंडाबेर, कराली जैसे जगहों पर सड़क बनाया।

### 24 अक्टूबर को रामगढ़ में अंबा प्रसाद करेगी नामांकन



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद को पार्टी ने भरोसा जताया और दूसरी बार टिकट देकर प्रत्याशी के रूप में अंबा प्रसाद को चुना गया। कांग्रेस द्वारा प्रत्याशी घोषित करने के बाद क्षेत्र में मंगलवार को अंबा प्रसाद लौटी, और नागरिकों का भारी समर्थन प्राप्त हुआ, जो उनके प्रति जनता के गहरे विश्वास को दर्शाता है। चुनाव अभियान की शुरुआत करने से पहले, अंबा प्रसाद ने बंजारी माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद, उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में जाकर लोगों से मुलाकात की और अपने विकास कार्यों पर चर्चा की। वही बड़कागांव पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने भव्य तरीके से ढोल नगाड़े के साथ जोरदार स्वागत के साथ अभिनंदन किया। वही केरेडारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता के नेतृत्व में केरेडारी क्षेत्र का दौरा किया गया। मंगलवार को अंबा प्रसाद कंडाबेर स्थित मां अष्टभुजी मंदिर देर शाम पहुंची। पूजा अर्चना कर मां से लिया आशीर्वाद और आगामी विधानसभा चुनाव प्रचार का विधिवत शंखनाद किया। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में जाकर लोगों से मुलाकात की और अपने विकास कार्यों पर चर्चा की।

### झामुमो से जानकी प्रसाद यादव को टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं में खुशी



**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के झामुमो वरिष्ठ नेता प्रो. जानकी प्रसाद यादव को पार्टी के ओर से टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष देखा देखा गया। श्री यादव के खैरा चौक पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं और मौजूद ग्रामीणों ने फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया। विधायक प्रत्याशी ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होता है। संपूर्ण विधानसभा क्षेत्रवासियों के एक एक वोट आशीर्वाद रूपी वरदान होता है इसलिए सभी कार्यकर्ता संग मतदाताओं से आग्रह होगा कि मुझे पुनः क्षेत्र में विकास कार्य करने का मौका दे। उन्होंने आगे कहा की वे एक नेता नहीं अपितु आप सबों का सेवक के भांति कार्य करेंगे। मौके पर इब्राहिम अंसारी,जितेंद्र पासवान,राजेश कुमार,प्रबील प्रसाद कुशवाहा, धनेश्वर पासवान,रोहित,केदार,रवि,सरजू प्रसाद,सौरभ सिंह, अशोक कुमार कुशवाहा,मुकुंद देव,प्रदीप प्रसाद,तिलेश्वर राणा,गणेश माली,लक्ष्मीकांत सोनी,राजेश रंजन,सूरज राणा,लखन महतो,निर्मल महतो,संदीप पाण्डेय समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लक्ष्मी पूजा की तैयारी जोरों से, बेंगवरी में बन रहा है भव्य पूजा पंडाल



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड केरेडारी के बेंगवरी में लक्ष्मी पूजा को लेकर कई दिन पहले से ही महालक्ष्मी पूजा समिति बेंगवरी के सभी सदस्य तैयारी में जुट गए है। महालक्ष्मी पूजा समिति के कोषाध्यक्ष मनोज कुमार साव के द्वारा जानकारी दिया गया कि बेंगवरी में भव्य पूजा पंडाल बनाया जा रहा है । जो इस पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षत्रे में आकर्षण का केंद्र बना रहेगा। यहाँ झारखंड विधानसभा भवन के जैसा ही पंडाल का निमार्ण किया जा रहा है जिससे बेंगवरी में ही झारखंड विधानसभा भवन की एक झलक देखने को मिलेगा।जिसकी तैयारी में पूजा सिमिति के सभी सदस्य अपने मन तन से लग गए है। कैलाश साव बताते है कि बेंगवरी में 1988 से सुरु की गई है माँ लक्ष्मी की पूजा जो आजतक लगातार होते आ रही है।

## गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में इंटर कॉलेज वॉलीबॉल टूर्नामेंट शुरू

- **अपना मैच जीत रामगढ़ और गिरिडीह ने बनाई सेमीफाइनल में जगह, सात टीमों ने लिया भाग**
- **फाइनल मुकाबला 24 अक्तूबर को, अन्नदा कॉलेज का सेफा में सीधा प्रवेश**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के तत्वाधान में बुधवार से गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में इंटर कॉलेज वॉलीबॉल टूर्नामेंट शुरू हो गया। इसमें विभिन्न जगहों की सात टीमों ने भाग लिया। पहले दिन अपने-अपने मैच जीत रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ और गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह ने सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। समाचार लिखे जाने तक विनोबा भावे विश्वविद्यालय पीजी और जुबिली कॉलेज भुरकुंडा की टीमों के बीच मुकाबला चल रहा था। वहीं पिछली बार की चैंपियन अन्नदा कॉलेज की टीम सीधा सेमीफाइनल मुकाबला खेलेगी। 24 अक्तूबर को दो सेमीफाइनल और फिर फाइनल मुकाबला होगा। उद्घाटन मैच में रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ की टीम ने मेजबान गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय की टीम को सीधे 3-0 सेट और गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह ने संत कोलंबा कॉलेज की टीम को 3-1 सेट में पराजित कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। इससे पहले टूर्नामेंट का शुभारंभ मेजबान गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय के विशाल मैदान में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर अतिथि के रूप में हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट वॉलीबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यदेव सिंह, सचिव अनवर हुसैन, कैशियर रमेश सिंह बूटन, संयुक्त सचिव अजहा खान और अल्ताफ हुसैन मौजूद थे। गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या सह सहायक प्राध्यापिका डॉ पुष्पा कुमारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ कराया। मौके पर आईक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर डॉ बसुंधरा कुमारी, आयोजन समिति के सचिव एस.एस. मैती, सहायक प्राध्यापिका डॉ पुष्पा सिंह, कुमारी अंजलि डॉ मीरा कुमारी, स्नेहलता खलखो, सहायक प्राध्यापक डॉ गुलशन कुमार, संदीप खलखो, दिलीप सिंह, संदीप कुमार सिन्हा, डॉ अनुरंजन कुमार, शिक्षकेत्तरकर्मियों में अंजन कुमार, नंदकिशोर कुमार, पम्मी कुमारी, राजकुमार, ज्योति हेमा एक्का और सभी प्रशिक्षु मौजूद थे।

## विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने किया उच्च स्तरीय बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 के पूर्व शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव की तैयारियों के अंतर्गत प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग की अध्यक्षता में आज बुधवार को 203 कोबरा बटालियन, बरही, हजारीबाग के सभागार कक्ष में अंतरराज्यीय उच्च स्तरीय संयुक्त समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में विधानसभा चुनाव के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित मतदान केन्द्रों के संवेदीकरण एवं अंतरराज्यीय सीमा चेक पोस्ट का संचालन के विषय पर चर्चा की गई। साथ ही असंवैधानिक गतिविधियों पर विशेष निगरानी करते हुए रोक लगाकर कानून व्यवस्था बनाए रखने को कहा गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने हाल ही में जमानत पर छूटे नक्सलियों, अपराधियों तथा वारंटियों की जानकारी, अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों, सीमावर्ती क्षेत्र के उपद्रवियों एवं सीमावर्ती मार्गो की जानकारी साझा की तथा इस पर निगरानी रखने की बात कही। सीमावर्ती क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा करते हुए निगरानी व सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रबंध के बारे में बात रखते हुए विस्तार से जानकारियां साझा की गई। जिस पर सभी जिलों के डीसी, एसपी एवं उनके प्रतिनिधियों ने आवश्यक कार्रवाई हेतु सहमति जताते हुए अपनी-अपनी बातें रखीं। बैठक में अंतरराज्यीय एवं अंतर जिला सीमा पर कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं चुनाव को प्रभावित करने हेतु शराब, गांजा, अफीम, कोरेक्स सिरप, नगदी, ड्रग्स, उपहार की वस्तु आदि अवैध परिवहन पर रोकथाम हेतु कड़े कदम उठाने को कहा गया। साथ ही महुआ या अवैध शराब की तैयारी पर अंकुश लगाने के लिए अंतरराज्यीय



नदी किनारे गश्त करने को कहा गया। प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार ने विधानसभा निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करने के लिए सभी के आपसी समन्वय एवं सूचना तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पहले भी बेहतर समन्वय के साथ काम किया जाता रहा है, लेकिन अब निर्वाचन कार्य में समन्वय, आपसी तालमेल को ओर बेहतर कर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों, भड़काओ वीडियो या पोस्ट पर अंकुश लगाने के लिए संबंधित जिलों के साइबर सेल के बीच समन्वय स्थापित करने को कहा। बैठक में प्रमंडलीय आयुक्त मगध प्रमंडल एवं मुंगेर प्रमंडल, पुलिस महानिरीक्षक मगध प्रक्षेत्र, गया एवं उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र, बोकारो, पुलिस उपमहानिरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र, हजारीबाग जिला दण्डाधिकारी नवादा, जिला दण्डाधिकारी जमुई एवं गया के प्रतिनिधि, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हजारीबाग, कोडरमा, एवं गिरिडीह, जिला निर्वाचन पदाधिकारी चतरा के प्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक गया, नवादा, जमुई, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा एवं गिरिडीह, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मगध प्रमंडल, प्रमंडलीय आयुक्त के सचिव आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों को बताया गया मतदान का महत्व

**- उत्क्रमित उच्च विद्यालय कटकमदाग में स्वीप कार्यक्रम के तहत चला मतदाता जागरुकता अभियान**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** हजारीबाग जिला स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय कटकमदाग में बुधवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इसमें बच्चों को मतदान के महत्व से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि कैसे मतदाता से हमारे देश का लोकतंत्र मजबूत होता है। इसलिए हर मतदाता को वोट जरूर डालना चाहिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से जारी पत्र के आलोक में स्वीप कार्यक्रम के तहत यहां मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्रधानाध्यापिका अन्नु कुमारी की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सहायक शिक्षक वासिफ जहीर एहसान, चित्तरंजन कुमार, रामा कुमारी, काजल कुमारी, श्वेता सिन्हा, रूपेश कुमार दास, इंदू कुमारी, ममता सिंह, जय कुमार साव, मुकेश कुमार, अंजुली कुमारी, मूलो राम, सरिता कुमारी, सबिता कुमारी, शीला कुमारी और एनजीओ की प्रतिनिधि कामिनी कुमारी ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सहायक शिक्षक शंकर लाल चौरसिया ने अपने विचार के साथ धन्यवाद ज्ञापन किया।

## इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह आज करेंगे नामांकन, समर्थकों में भारी उत्साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता, समर्थक और कांग्रेस के वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहेंगे।

मुन्ना सिंह के नामांकन यात्रा की शुरुआत सुबह 10 बजे उनके आवास, चानो से होगी। नामांकन यात्रा हजारीबाग के महत्वपूर्ण स्थानों जैसे लाखे, मटवारी, डिस्ट्रिक्ट मोड़ होते हुए समाहरणालय पहुँच कर नामांकन दाखिल करेंगे। इसके बाद हजारीबाग कांग्रेस कार्यालय पहुंचेंगे। इस दौरान हजारों की संख्या में समर्थकों और कार्यकर्ताओं के जुटने की उम्मीद है, जो इस यात्रा को एक भव्य शोभायात्रा का रूप देंगे।



मुन्ना सिंह का नामांकन कार्यक्रम, पार्टी के लिए एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जब उन्हें कांग्रेस का आधिकारिक प्रत्याशी घोषित किया गया था, तो हजारीबाग में उनके समर्थकों द्वारा बड़े उत्साह के साथ उनका स्वागत किया गया था। पूरे हजारीबाग क्षेत्र में उनका स्वागत जिस गर्मजोशी और धूमधाम से हुआ, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि उनके प्रति जनता और कार्यकर्ताओं में गहरा विश्वास और समर्थन है।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर मुन्ना सिंह की की उम्मीदवारी से हजारीबाग में चुनावी माहौल और भी गरम हो गया है। इस नामांकन कार्यक्रम के साथ कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सभी को विश्वास है कि मुन्ना सिंह की मजबूत छवि और जनप्रियता के दम पर कांग्रेस पार्टी इस बार हजारीबाग में एक बड़ी जीत दर्ज करेगी।

नामांकन के बाद कांग्रेस पार्टी कार्यालय, हजारीबाग में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जहां पार्टी के वरिष्ठ अधिकारी और कार्यकर्ता एकत्रित होंगे।

## डीएवी स्कूल में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया गया जागरूकता अभियान



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी पब्लिक स्कूल पतरातू द्वारा नुक्कड़ नाटक कर बच्चों सहित लोगों को शिक्षा एवं खेल में अनुशासन और कानून के नियमों को पालन करने के संबंध में जागरूक किया गया। यह कार्यक्र पीवीयूएन द्वारा विजिलेंस अवेयर नेस वीक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों बच्चियों द्वारा नुक्कड़ नाटक स्पर्श नामक एनजीओ की मैम नम्रता द्वारा तैयार किया गया था । जिसे पीवीयूएन के सीईओ आर के सिंह द्वारा देख कर सराहा गया। इसके बाद इन्होंने कस्तूरबा गांधी स्कूल में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। इसके बाद डी ए वी स्कूल प्रांगण में स्कूली बच्चों और शिक्षकों के सामने प्रस्तुत किया गया। जिसे काफी सराह गया।इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिंहा ने कहा कि इस तरह के नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर किसी भी ज्वलंत मुद्दे को लोगो तक पहुंचा कर उन्हें समझाना बहुत आसान होता है। सीनियर मैनेजर संतोष कुमार ने कहा कि डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक का शानदार प्रदर्शन कर लोगो का दिल जीत लिया। इनके साथ स्पर्श वॉयस की नम्रता सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पंकज महतो ने बड़की पोना में चलाया जनसंपर्क अभियान



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह रामगढ विधानसभा प्रत्याशी पंकज महतो ने बड़की पोना में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों ने जन समस्याओं को रखा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की लचर बिजली व्यवस्था, बेरोजगारी, शिक्षा और सरकारी योजनाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को सरकारी कार्य में काम के लिए परेशान होना पड़ रहा है। बिचौलिया हर ऑफिर पर हावी हो गया हैं, बिना बिचौलिया पकड़के किसी भी तरह का कोई काम नहीं होता है। उन्होंने कहा कि लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।अभियान के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनी जाएगी और उसका समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। मोके पर उपस्थित प्रदीप कुशवाहा, सुशील ठाकुर विजय दुबे नीरज यादव दीपक कुशवाहा आकाश तिवारी राजुल अंसारी रोशन तिवारी आरिफ राजा अंकित पटेल कल्याण पांडे ए रोलेक्स कुमार सत्य आरिफ खान जिलानी खान दिलीप कुशवाहा ,संकेश्वर कुशवाहा ,लखविंदर राम दांगी, मरनी देवी,बिंदा देवी आदि उपस्थित थे।

## सभी थाना/ओपी में अवैध शराब के विरूद्ध किया गया सघन अभियान संचालित

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु अजय कुमार (भा0पु0से0), पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के आदेश पर रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी थाना/ओ0पी0 में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। संचालित सघन अभियान के दौरान रामगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत काकेबार एवं गोसाईटोला में विभिन्न जगहो पर निर्मित अवैध जावा महुआ करीब 100 किलो, देशी महुआ शराब कुल 32 लीटर एवं भदानीनगर ओ0पी0 क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम-चोरधारा मांझी टोला में निर्मित अवैध जावा महुआ करीब 90 कि0ग्रा0 बरामद किया गया। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। अवैध जावा महुआ करीब 190 कि0ग्रा0 जो संग्रहरण के दौरान विनष्ट हो गया, जिसका अनुमानित मूल्य कुल 13,300/- रूपया तथा बरामद 32 लीटर अवैध देशी शराब का अनुमानित मूल्य 3840/- रूपया है। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना एवं भदानीनगर ओ0पी0 अंतर्गत सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा नशे के अवैध करोबारियों के विरूद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## पुराने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को G. R cases 450/2022 के वारंटी अभियुक्त अशोक प्रसाद केसरी उम्र करीब 45 वर्ष पिता सुखलाल साव पता अरगड्डा रोलर चौक थाना व जिला रामगढ़ , G. R cases - 2684/2013 के वारंटी अभियुक्त अशोक मुंडा उम्र करीब 40 वर्ष, पिता स्वर्गीय सोहन मुंडा,पता कांकेबार मंदिर के नीचे टोला, थाना व जिला- रामगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

## पतरातू में कांग्रेस की बैठक, विधानसभा प्रभारी आभा सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को आसान विधानसभा चुनाव को लेकर पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के संचालन में संपन्न हुई । बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त बड़कागांव विधानसभा प्रभारी आभा सिन्हा उपस्थित हुई।बैठक में उपस्थित विभिन्न पंचायतो से आए कार्यकर्ताओं ने विधानसभा प्रभारी को चुनाव में आ रही समस्याओं से अवगत कराया और सभी ने एक स्वर में पार्टी के प्रत्याशी अंबा प्रसाद को पुनः विधायक बनाने का संकल्प लिया । बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी आभा सिंहा ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को उचितमान सम्मान मिलेगा और आप सभी कार्यकर्ता कमर कसकर अपने-अपने बुथ पर लग जाए और बुथ जीतो और चुनाव जीतो के सिद्धांत पर काम करें।वही प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में हम बड़कागांव विधानसभा चुनाव भारी मतों से जीतेंगे और हर हाल में राज्य में पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएंगे ।बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी चमनलाल , बबीता सिंह अनिल सिंह अमर यादव असगर अली लखन राम अनिल कुमार संजीव सिंह मो मुस्तफा संजय यादव हरिदास साव कमलेश राम लखन मुंडा प्रदीप महतो वीरू सिंह उपेंद्र यादव मो . सज्जाद नूरी तारीक राजा अलीमाम ,रामकिशोर महतो राजरानी मो महताब सुनील महतो संजय सिंह उपेंद्र यादव मिथिलेश सिंह रामयज्ञ सिंह रामजी चौधरी अखिलेश सिंह कविता शर्मा अमलेश कुमार बालदेव राम मुनंद दास सोमेश्वर बेदियां मुनेश्वर बेदिया दिनेश दास प्रदीप साव राजु राम संजू देवी कलावती तिवारी सुमित्रा देवी उर्मिला देवी पूजा सिंह चंपा देवी राज किशोर राम सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।

# रामगढ़ विधानसभा की इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ममता देवी का रामगढ़ में हुआ जोरदार स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर रामगढ़ विधानसभा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ममता देवी का दिल्ली से रामगढ़ आने के क्रम में रामगढ़ के जगह-जगह वह उनका भव्य स्वागत हुआ। रामगढ़ के पटेल चौक ब्लॉक चौक सुभाष चौक थाना चौक चट्टी बाजार चितरपुर गोला कई जगह जगह पर रामगढ़ विधानसभा से ममता देवी का प्रत्याशी बनाने को लेकर उनका भव्य स्वागत ए ढोल नगाडो एवं पटाखा फोड़कर खुशियां मनाएं । इसको लेकर ममता देवी ने कहा कि सबसे पहले मैं अपने शीर्ष नेताओ का धन्यवाद देना चाहती है जो उन्होंने मुझे रामगढ़ का पुनः प्रत्याशी बनाया एवं अपनी जनता एवं अपने रामगढ विधानसभा के सभी बहनों भाइयों का धन्यवाद देना चाहती हूं तथा साथ में यह भी कहना चाहती हूं कि मैं उनके भरोसे पर पूरी तरह खरे उतरुंगी। इस मौके पर रामगढ़ के कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान , पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बजरंग महतो , सी पी संतान , खगेंद्र साहू , मुकेश यादव , संजय साव बन्नी गांधी , पंकज तिवारी सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बडकागांव विधानसभा चुनाव में हुआ गैंगस्टर की एंट्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड विधानसभा 2024 चुनाव में रामगढ़ के बड़का गांव विधानसभा क्षेत्र में गैंगस्टर अमन साहू के नाम से बुधवार को नामांकन पत्र बड़कागांव विधानसभा के लिए खरीदा गया। जानकारी के अनुसार अमन साहु की माता किरण देवी ने एवं जीजा ने बुधवार को अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ से अमन कुमार पिता निरंजन प्रसाद साहू के नाम से नामांकन फार्म खरीदा । इसको लेकर बड़कागांव विधानसभा में काफी चर्चा चल रही है। इसको लेकर लोगों में चर्चा का विषय है कि विधानसभा चुनाव में गैंगस्टर की एंट्री से चुनाव किस ओर जाएगी । चुनाव में प्रत्याशी सभी किस प्रकार से चुनाव प्रचार करेंगे एवं जिला प्रशासन किस प्रकार चुनाव कराएगी। आपको बता दे की बड़कागांव विधानसभा से कांग्रेस ने अंबा प्रसाद को प्रत्याशी बनाया वहीं भाजपा ने रोशन लाल चौधरी को प्रत्याशी बनाया है अब देखना यह है कि गैंगस्टर अमन साहू की एंट्री से यह चुनाव किस ओर जाती है। और क्या न्यायालय अमन साहू को चुनाव लड़ने का परमिशन देती है।

### वार्ड नंबर 2 के अध्यक्ष इंदर मुंडा कार्यकारी अध्यक्ष बने विक्की पासवान

## वोट केवल अधिकार ही नहीं बल्कि एक पवित्र कर्तव्य है जो हमारे भविष्य की दिशा निर्धारित करता है : पियूष चौधरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आजसू पार्टी जिला प्रधान कार्यालय में युवा आजसू की महत्वपूर्ण बैठक रखी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा आजसू के मुख्य संरक्षक युवा समाजसेवी पियूष चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा आजसू के जिला सह प्रभारी एवं छावनी के प्रभारी रोहित सोनी एवं संचालन नगर संयोजक अजित गुप्ता के द्वारा किया गया। आजसू पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों से प्रभावित होकर वार्ड नंबर 8 के सौरभ गुप्ता ,गोलू गुप्ता, अनुराग गुप्ता ,राजा गुप्ता, निखिल गुप्ता ,सुमित गुप्ता ,रोहित कुमार ,सुरेंद्र अग्रवाल ,अशोक सोनी ,अमन मिश्रा ,रोहित मंडल ,गौरव कुमार ,गणेश कुमार युवा आजसू का दामन थामा। वही वार्ड नंबर 2 के युवाओं के साथ पियूष चौधरी ने बैठक की और वर्तमान सरकार के झूठा वादा खिलाफी एवं युवाओं के ठगने की बातों को लेकर युवा एकजुट होकर चुनाव में प्रवेश करेंगे । साथी साथ उन्होंने कहा की हर सपने को आकार तब मिलेगा जब हर युवा को शिक्षा और रोजगार का पूरा अवसर मिलेगा आज के समय में शिक्षा सिर्फ ज्ञान प्राप्ति नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता का आधार है और रोजगार हर परिवार के लिए समृद्धि का द्वार खोलता है। धन्यवाद ज्ञापन नीतीश दांगी ने किया।मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित झुनूर करमाली, अजय पांडे,सतीश कुशवाहा आनंद मुंडा जयप्रकाश मानकी शंकर पासवान,अंकित अग्रवाल उपस्थित थे।

**वार्ड नंबर 2 के कमेटी गठन**

अध्यक्ष इंदर मुंडा , कार्यकारी अध्यक्ष विक्की पासवान , सचिव सुमित कुमार , उपाध्यक्ष दीपक मुंडा, अभिनव गुप्ता, देवेंद्र मुंडा, आर्यन कुमार, आनंद मालाकार ,मनीष राणा, रोहित सोनकर , प्रवक्ता सिंटू मोदी रोहित वट्स कोषाध्यक्ष अजीत कुमार ,अमित पासवान , मीडिया प्रभारी आशीष पासवान, सोनू पासवान , सह सचिव आदर्श राय ,पवन ठाकुर ,मनीष ठाकुर, विकास राज ,अनिकेत मालाकार सभी नए नियुक्त पदाधिकारी एवं नए सदस्यों को मुख्य अतिथि के द्वारा माल्यार्पण कर बुके देकर स्वागत किया गया।

### अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान

## अवैध शराब बिक्री के आरोप में गिरफ्तार दुकानदार को पुलिस आज भेजेगी जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रजरप्पा थाना पुलिस द्वारा लगातार अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को भी अहले सुबह चितरपुर प्रखंड के लारीकला क्षेत्र में चल रहे अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय के निर्देश पर थाना के अवर अखिलेश सिंह के नेतृत्व में छापेमारी किया गया। इस दौरान लारी कला क्षेत्र में चल रहे अवैध देशी महुआ शराब के कई भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। साथ ही 20 लीटर अवैध देशी महुआ शराब को जप्त करते हुए लगभग 300 केजी जावा महुवा नष्ट किया गया। इसके अलावे शराब बनाने में प्रयुक्त होनेवाला उपकरण और छोटे छोटे ड्राम सहित अन्य सामान को भी ध्वस्त किया गया। वही अवैध शराब बेचने के आरोप में लारी कला निवासी बंधु साव पिता स्व. मिठन साव को गिरफ्तार भी किया गया। उसपर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। अवर निरीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापामारी कर लारी कला में अवैध महुआ देशी शराब निर्माण भट्ठी को ध्वस्त किया गया। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में इस तरह के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस

## बचरा से कई कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल रोशन लाल चौधरी ने किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पीटीपीपीएस रोड नंबर 4 बड़कागांव विधानसभा एनडीए प्रत्याशी माननीय रोशन लाल चौधरी के कार्यालय में बचरा के उमेश सिंह के नेतृत्व में बड़कागांव विधानसभा अंतर्गत बचरा कॉलोनी के दर्जनों कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी को छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए।तथा भाजपा के उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी की उपस्थित में लोग शामिल हुए मौके पर रोशन लाल चौधरी ने कहा जिस तरह से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा पार्टी की ओर आस्था दिखा रहे हैं।और भाजपा में शामिल हो रहे है। यह दर्शाता है,कि इस बार जनता परिवर्तन चाहती है। वही बचरा के उमेश सिंह ने कहा कांग्रेस पार्टी एक परिवार के पार्टी बन के रह गई है। और 15 वर्षो से एक ही परिवार के विधायक बन रहे हैं और बड़कागांव विधानसभा में किसी तरह की कोई विकास का काम ना होना जनता अपने आप में ठगा महसूस कर रही है।भाजपा पार्टी में पुनीत कुमार,उमेश सिंह,कमल उर्फ भोला,फारुख अंसारी,मोनू सिंह,एजाज अंसारी,राशिद कादरी, रोशन गोस्वामी, ललन महतो, अमन कुमार पांडे, राजकुमार सिंह, गोलू सिंह, अनिल कुमार, हबीब खान, मंसूर आलम, शमी हबीब अंसारी, विनोद प्रसाद, मुखिया अनिल यादव, सत्येंद्र सिंह इत्यादि के दर्जनों लोग शामिल हुए।

## रामगढ़ विधानसभा से 6 और बड़का गांव विधानसभा 6 नामांकन पत्र खरीदा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** बुधवार को बड़कागांव नामांकन फॉर्म बिक्री 06 हुआ।बडकागांव से अब तक नामांकन फॉर्म बिक्री की कुल संख्या 22 हो चुकी हैं बुधवार को नामांकन 04 लोगों ने किया । अब तक बडकागांव से नामांकन करने वाले कुल प्रत्याशी की संख्या 05 है। नामांकन फॉर्म खरीदने वाले प्रत्याशी का नाम अमन कुमार, पिता निरंजन प्रसाद साहू , राजकिशोर चौधरी पिता नागेश्वर महतो , बिट्टू कुमार सिंह पिता नारायण सिंह , गोविंद बेदिया पिता बिरसा बेदिया , प्रभावती देवी पति लालकेश्वर महतो , अनिरुद्ध कुमार पिता रामकृष्ण दयाल ने नामांकन खरीदा। बडकागांव से नामांकन करने वाले प्रत्याशी दुर्गा चरण प्रसाद, पिता रामकेश्वर प्रसाद , मुख्तार अंसारी, पिता आफताब आलम , भोलानाथ प्रसाद, पिता स्वर्गीय शुक्र साव , संजय प्रसाद मेहता, पिता महादेव मेहता ने नामांकन भरा। साथ ही रामगढ़ विधानसभा से बुधवार को नामांकन फॉर्म बिक्री संख्या 06 हुई। अब तक नामांकन फॉर्म बिक्री की कुल संख्या 14 हुई है अभी तक रामगढ विधानसभा से एक भी नही नामांकन पत्र जमा किया गया। नामांकन फॉर्म खरीदने वाले प्रत्याशी का नाम गौतम कुमार पंडा पिता रामेश्वर पंडा , बिनु कुमार महतो पिता भरत महतो , ललिता देवी पति लक्ष्मण प्रसाद , पनेश्वर कुमार पिता सोमनाथ महतो , फारूक अंसारी पिता कासिम अंसारी , चतुर्भुज कश्यप पिता धनेश्वर महतो ने नामांकन फार्म खरीदा है।

## आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के तहत उपायुक्त द्वारा किया गया हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के द्वारा समाहरणालय स्थित ब्लॉक ए में मतदाता जागरूकता हेतु बनाए गए प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु हस्ताक्षर अभियान का शुरूआत किया।इसकी पहल सर्वप्रथम उपायुक्त ने समाहरणालय ब्लॉक ए में लगाए गए हस्ताक्षर पट पर हस्ताक्षर कर जिले में आने जाने वाले मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया ।इस दौरान उपायुक्त ने जिलें के सभी मतदाताओं से अपील किया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 ,ष्ट -22 बड़कागांव, 13 नवंबर 2024 एवं,ष्ट - 23 रामगढ़, 20 नवंबर 2024 को मतदान होना है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों आयोजनों के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने हेतु जागरूक की जा रही है आप सभी मतदाताओं से भी अपील होगा कि अपने अपने घरों आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु जरूर प्रेरित करें।हस्ताक्षर अभियान में अभियान में मुख्य रूप से निर्वाची पदाधिकारी, रामगढ़ सह अनुमंडल पदाधिकारी, निर्वाची पदाधिकारी बड़कागांव, भूमि उपसमाहर्ता रामगढ़, वरीय पदाधिकारी सह उपसमाहर्ता रामगढ़, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## बड़कागांव को और भी ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पुरी मेहनत व निष्ठा से कार्य करूंगी : अंबा प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी मे महागठबंधन कि प्रत्याशी अंबा प्रसाद को टिकट मिलने पर हजारीबाग जिला कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष सह आरसीएमयू के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थकों के साथ विधायक अंबा प्रसाद का उरीमारी चेकपोस्ट पर जोरदार व भव्य स्वागत किया गया। वहीं प्रत्याशी घोषित होने के बाद विधायक अंबा प्रसाद ने सर्व प्रथम उरीमारी चेक पोस्ट स्थित भगवान सिद्धो-कान्हो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी कार्यालय में शहिद स्वर्गीय निर्मल यादव मुखिया जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे एक बार फिर से आपके बीच में काम करने मौका मिला है। बड़कागांव विधानसभा कि जनता ने चाहा तो बड़कागांव विधानसभा को और भी ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पुरी मेहनत व निष्ठा से कार्य करूंगी। वहीं स्वागत करने के पश्चात कांग्रेस पार्टी उपाध्यक्ष सह आरसीएमयू क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा सीट पर विधायक अंबा प्रसाद को टिकट मिलने पर पुरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों के प्यार और आशीर्वाद देखकर यह सिद्ध होता है कि आगामी चुनाव में विधायक अंबा प्रसाद रिकॉर्ड तोड मतों से विजई होंगी। वहीं इस मौके पर महादेव बेसरा, सीताराम किस्कू, गीता देवी,कानू मरांडी, सुरेश दांगी, गणेश राम, कुमार जयंत, जतरू बेसरा, चंदू जायसवाल, बाल्मिकी यादव, लालदेव सोरेन,सिगू हेम्ब्रोम,सीतामुनी देवी, शांति देवी, तेतरी देवी, फुलमनी देवी, रवि पावरीया, संजय यादव,दिपक विश्वकर्मा आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## स्वीप के तहत जिले के विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो को विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों आदि के माध्यम से मतदाताओ को जागरूक करने हेतु कई दिशा निर्देश दिया गया ।इसी क्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा के आदेशानुसार बुधवार को जिले के विभिन्न विद्यालय व महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में सत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपस्थित सभी युवा मतदाताओं को अपने घर व आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का अपील किया गया। वहीं उपस्थित सभी युवा मतदाताओं को मतदाता जागरूकता शपथ का भी दिलाई गई । इस दौरान उपस्थित सभी युवाओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर पोस्टर के माध्यम से मतदान की पूरी प्रक्रिया को समझाते हुए आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 जो के निर्धारित तिथि बड़कागांव,ष्ट- 22, 13 नवंबर 2024 एवं रामगढ़,ष्ट -23, 20 नवंबर 2024 को अपने-अपने मतदान केंद्रों में जाकर आवश्यक रूप से मतदान करने का अपील किया गया।

## स्वीप के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सहिया/सेविका ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो को विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों आदि के माध्यम से मतदाताओ को जागरूक करने हेतु कई दिशा निर्देश दिया गया ।इसी क्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको के निर्देशानुसार बुधवार को जिले के सभी प्रखंडों में आंगनबाड़ी सहिया/ सेविका द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में सत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रखंड स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता शपथ के साथ रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन कर मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 को अपने-अपने बूथों में जाकर आवश्यक रूप से मतदान करने का अपील भी किया गया।इस दौरान सहिया/ सेविका ने पारंपरिक ढोल मांदर बजा कर मतदाताओं पोस्टर के माध्यम से मतदान की पूरी प्रक्रिया को समझाते हुए आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 जो के निर्धारित तिथि बड़कागांव,ष्ट- 22, 13 नवंबर 2024 एवं रामगढ़,ष्ट - 23, 20 नवंबर 2024 को अपने-अपने मतदान केंद्रों में जाकर आवश्यक रूप से मतदान करने का अपील किया गया।

## रॉयल एनफील्ड ने झारखंड में बुलेट 350 'बटालियन ब्लैक' एडिशन को किया लॉन्च



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिड-साइज मोटरसाइकिल सेगमेंट (250cc-750cc) में ग्लोबल लीडर रॉयल एनफील्ड ने अपनी प्रतिष्ठित बुलेट 350 का बटालियन ब्लैक संस्करण लॉन्च कर दिया है। बुलेट की मशहूर मजबूती और ऐतिहासिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इस नए मॉडल को बुलेट समुदाय के प्रति एक विशेष उपहार के रूप में पेश किया गया है। स्थायी सुंदरता और बेहतरीन डिजाइन के साथ, यह मॉडल रॉयल एनफील्ड के वफादार प्रशंसकों से गहरा जुड़ाव स्थापित करता है। इस त्योहारी सीजन में बुलेट बटालियन ब्लैक एडिशन मोटरसाइकिल प्रेमियों के बीच एक नया जोश भरने के लिए तैयार है। टेस्ट राइड और बुकिंग आज से झारखंड के 51 अधिकृत रॉयल एनफील्ड स्टोर्स पर शुरू हो चुकी है, जहां बुलेट की समृद्ध विरासत कायम है।90 सालों से ज्यादा समय से लगातार बन रही रॉयल एनफील्ड बुलेट आज भी अपनी पहचान बनाए हुए है। नई बुलेट बटालियन ब्लैक एडिशन का डिजाइन उन लोगों के लिए खास है जो अपनी पसंदीदा बाइक में पुराना स्टाइल चाहते हैं। रॉयल एनफील्ड ने इस मॉडल में कुछ पुराने डिज़ाइन वापस लाकर यादों को ताजा किया है, जैसे बेंच सीट, विंटेज स्टाइल टेल लाइट, हाथों से पेंट की गई सोने की पिनस्ट्रिप्स, टैंक और साइड पैनल बैज, स्पोक व्हील्स के साथ क्रोम रिम और ब्लैक मिरर। इसमें 300 द्भद्ध फ्रंट डिस्क और 153 द्भद्ध रियर ड्रम ब्रेक के साथ सिंगल चैनल एबीएस भी है। बुलेट 350 बटालियन ब्लैक के लॉन्च पर बात करते हुए रॉयल एनफील्ड के चीफ कमर्शियल ऑफिसर यादविंदर सिंह गुलेरिया ने कहा, बुलेट एक ऐसी मोटरसाइकिल है जो पीढ़ियों से हमारे जीवन का अहम हिस्सा रही है। नई बटालियन ब्लैक एडिशन, हमारी कम्युनिटी और उन सवारों के लिए एक तोहफा है जिन्होंने बुलेट की पहचान को बनाए रखा है। साथ ही, यह बुलेट की कभी न खत्म होने वाली विरासत का भी जश्न है। इसमें पुराने डिजाइन और बेहतरीन राइडिंग अनुभव का ध्यान रखा गया है, जो इसे और खास बनाता है, साथ ही इसकी मजबूती और यूनिक कैरेक्टर को भी बनाए रखता है।

## डिलीवरी बॉय के साथ 10 से 15 लोग ने मारपीट कर की लूटपाट, घायल

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के पूर्वी फाटक के पास बड़ी गणेश मंदिर के पास बीते मंगलवार की रात 10 से 15 युवक ने एक डिलीवरी बॉय के साथ घेर कर मारपीट कर लूट-पाट किया। वहीं मारपीट में डिलीवरी बॉय गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। आसपास के लोगो की मदद से घायल डिलेवरी बॉय को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल डिलीवरी बॉय कुलीपाड़ा के रहने वाला रौशन कुमार(23) है। घायल रौशन ने बताया कि वे एक कंपनी में ऑनलाइन डिलेवरी बॉय का काम करता है। वे समाहरणालय स्थित पार्सल देकर लौट रहा था। इसी दौरान 10 से 15 युवक अचानक सामने आ गया। उसका हाथ से मोबाइल छीन लिया। इसका विरोध करने पर सभी लोग लाठी-डंडा से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। जबकि उसके पास से मोबाइल व सोने चैन भी छिनने का आरोप लगाया है। इधर, मुहल्लेवासियों को सूचना मिलने दर्जनों की संख्या में लोग अस्पताल पहुचे। देररात रात थाना में लिखित शिकायत नही की गई है।

## अभिनंदन समारोह में पहुंचे नवनीत हेमब्रम, कहा महेशपुर से भाजपा की जीत पक्की

**महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित लक्ष्मी मार्केट में बुधवार को भाजपा के तरफ से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अभिनंदन समारोह में महेशपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी नवनीत हेम्ब्रम को पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा बारी-बारी से फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पाकुड़ जिला के क्लस्टर प्रभारी व मालदा (नॉर्थ) के सांसद खगेन मुर्मू उपस्थित है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एसडीपीओ ने कहा कि उनके मन में हमेशा सेवा की भावना थी।इसलिए उन्होंने पुलिस विभाग में रहकर हमेशा पीड़ित लोगों को न्याय दिलाया है। उन्होंने बताया कि महेशपुर क्षेत्र में दो साल तक एसडीपीओ के पद पर रहने के बाद देखा कि क्षेत्र में शिक्षा,पेयजल,बिजली के अलावे अन्य मूलभूत सुविधाओं की काफी कमी है। जिस तरह की विकास यहां होनी चाहिए थी। उस तरह की विकास क्षेत्र की लोगों को नहीं मिल पाई है। इसलिए उन्होंने पुलिस की नौकरी त्याग कर जनता का सेवा करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नीति के कारण उन्होंने भाजपा में जाने का निर्णय बनाया था। पार्टी के आलाकमान ने भी उनके निर्णय पर मोहर लगाया है। वही कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए खगेने मुर्मू ने कहा कि महेशपुर विधानसभा से इस बार लोकप्रिय, शिक्षित एवं सेवा के भावना से जुड़े प्रत्याशी को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। इस विधानसभा में भाजपा का कमल खिलना निश्चित है। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को कहा की सभी जमीन से जुड़े हुए हैं। इसीलिए अभी बैठने का समय नहीं है। सभी लोग अपने-अपने बूथ को पूर्ण रूप से मजबूत करें। उन्होंने बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र देते हुए कार्यकर्ताओं को चुनाव में मेहनत करने को कहा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय, बलराम दुबे, मदन रविदास, तुहीन शुक्ला, नरेन साहा, साधन झा, सुखेन घोष, देवराज तिवारी, जुनास टुडू के अलावे अन्य मौजूद थे।

## भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित

**हिरणपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह बुधवार को हिरणपुर स्थित जया विवाह भवन में आयोजित हुई। जिसमें लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी बाबूधन मुर्मू का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मालदा बंगाल के सांसद खगेन मुर्मू , विधानसभा प्रभारी दुर्गा मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा फूलमाला पहनाकर पार्टी प्रत्याशी का अभिनंदन किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि झारखंड के हेमंत सोरेन की सरकार भ्र्ष्टाचार में लिप्त है। जो राज्य की जनता को लूटने का कार्य किया है। इस लूट की सरकार को राज्य से हटाकर भाजपा की सरकार बनाएंगे। लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र आदिवासी पहाड़िया बाहुल्य क्षेत्र है। पर राज्य सरकार ने आदिवासियों के हित में कोई कार्य नहीं किया। क्षेत्र में विकास का लाभ लोगों को अभी तक नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि झामूमो का नारा चुनाव चिन्ह तीर धनुष अबूआ, इसी नारा के साथ झामूमो आदिवासियों को वर्षो से ठगने का कार्य करते आ रहा है। अभी तक झामूमो ने आदिवासियों को कोई सम्मान नहीं दिया। पर भाजपा ने देश के सर्वोच्च राष्ट्पति पद पर आदिवासी द्रोपदी मुर्मू को बैठाकर सम्मानित करने का कार्य किया है। केंद्र के नरेंद्र मोदी की सरकार देश में विकास कार्य को धरातल में लाकर विश्व पटल में भारत को अहम मुकाम दिलाया है।

## एसडीपीआई के महिला सम्मेलन में चुनाव में आधी आबादी की भूमिका पर चर्चा

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) का बुधवार को विधानसभा चुनाव को लेकर महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीपीआई के नेशनल सेक्रेटरी रुना लैला तथा एनडब्ल्यूसी लीडर डॉ महबूब आबाद शरीफ शामिल हुए। डॉ मेहबूब आबाद शरीफ ने अपने संबोधन में महिलाओं की सामाजिक तथा राजनैतिक जिम्मेदारी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के वोट ही निर्णायक वोट है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेशनल सेक्रेटरी रुना लैला ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में महिलाओं की आधी आबादी है।

# तीनों विधानसभा से दूसरे दिन भी नहीं हुआ एक भी नामांकन, चार प्रत्याशी ने कटाया नाजिर रसीद

- **आज हेमंत सोरेन, अनंत ओझा, एमटी राजा, धनंजय सोरेन व निर्दलीय प्रत्याशी सुनील करेंगे नामांकन**
- **नामांकन के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिले के तीनों विधानसभा में संबोधित करेंगे जनसभा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** दूसरे व अंतिम चरण के विधानसभा चुनाव के तहत नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन बुधवार को राजमहल, बोरियो व बरहेट विधानसभा क्षेत्र से एक भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन प्रपत्र जमा नहीं किया। वहीं राजमहल विधानसभा क्षेत्र से तीन प्रत्याशी बीजेपी के अनंत कुमार ओझा, तृणमूल कांग्रेस के मो जाकिर हुसैन, नईम शेख और बोरियो विधानसभा क्षेत्र से इनोसेंट सोरेन ने नाजिर रसीद कटाकर नामांकन प्रपत्र क्रय किया।

**तीनों विस से कई दिग्गज आज करेंगे नामांकन, तैयारी पूरी**



ज़िला के राजमहल, बोरियो व बरहेट विस क्षेत्र से गुरुवार को कई दिग्गज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार राजमहल के पूर्व बीजेपी प्रत्याशी अनंत ओझा सुबह 11 बजे राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी सह राजमहल विधानसभा निर्वाची पदाधिकारी कपिल कुमार के समक्ष अपना नामांकन करेंगे। वहीं नामांकन के बाद नामांकन जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जिसमें केंद्रीय कृषि मंत्री सह भाजपा के झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। वहीं बरहेट से झामुमो प्रत्याशी हेमंत सोरेन अपना नामांकन समाहरणालय स्थित अपर समाहर्ता सह निर्वाची पदाधिकारी गौतम कुमार भगत के कार्यालय कक्ष में करेंगे। इसके पूर्व हेमंत सोरेन अपने पतना स्थित आवास से भोगनाडीह सिदो कान्हु पार्क पहुंचकर सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। सुबह 11:25 बजे पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। 11:45 बजे समाहरणालय स्थित अपर समाहर्ता सह निर्वाची पदाधिकारी कक्ष पहुंचकर अपना नामांकन करेंगे। उसके बाद 12:50 बजे राजमहल स्थित चरवाहा विद्यालय स्थित मैदान में सभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 2:10 बजे बोरियो में सभा को संबोधित करते हुए 3:20 बजे बरहेट में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद रांची के लिए रवाना होंगे। वहीं राजमहल विधानसभा क्षेत्र से जेएमएम प्रत्याशी मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा, बोरियो विधानसभा क्षेत्र से जेएमएम प्रत्याशी धनंजय सोरेन भी आज नामांकन करेंगे। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं कई निर्दलीय प्रत्याशी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी भी आज अपना नामांकन कर सकते हैं।

## झामुमो का बूथ कमेटी गठन को लेकर बैठक संपन्न

**पाकुडिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा के बुथ मजबूती को लेकर बुधवार को प्रखंड व पंचायत कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा की अध्यक्षता में हुई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महेशपुर विधायक सह झामुमो प्रत्याशी प्रो. स्टीफन मरांडी शामिल हुए। बैठक में पर्यवेक्षक नियुक्त कर निर्देश? दिया गया कि महिला मोर्चा का बूथ कमिटी का गठन जल्द से जल्द करे। पंचायत अध्यक्ष व सचिव को कहा गया कि बुथ कमेटी के सदस्य और बीएलए को पहले से ज्यादा सशक्त और मजबूत करें और इन सब की सूचना प्रखंड कमेटी को जरूर दें।विधायक ने कहा कि हमें एक बड़ा निर्णय लेने की जरूरत है। इंडिया गठबंधन की लहर पुरे राज्य में चल रहा है। बीजेपी वालों का चेहरा मुरझाया हुआ है। झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार कम समय यानि की दो साल कोरोना के चलते कोई काम नहीं हो पाया और योजनाओं को धरातल पर नहीं उतार पाए। लेकिन तीन साल के अल्प अवधि में यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य हित एवं आम जनता के लिए रफ्तार के साथ बेहतररीन काम किया है। महिलाओं तथा सभी वर्गों के लिए सोच समझ कर एक से एक जनहित की योजनाओं को धरातल पा उतरा है। ताकि सभी लोगों को लाभ मिल सके। जैसे मंईयां सम्मान योजना, बिजली बिल माफी योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री योजना, कृषि ऋष्ण माफी योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, ग्रीन राशन कार्ड, सार्वजन पेंशन योजना, इन सब योजनाओं के बारे में आप सब घर घर गांव-गांव जाकर कर आम जान को समझाएं और झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील करें। ताकि 2024 में दोबारा गरीब वंचित के बारे में सोचने वाली हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड की सत्ता पर आ सके और झारखंड को देश के अग्रणी राज्यों के कतार में खड़ा कर सके। आपके लिए सफल निर्णय लेने का समय है। आप सब झामुमो के बेहतरीन सिपाही है। आप सब आज से ही डोर-टू-डोर संपर्क कर महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी को भारी से भारी मतों से जिताने के लिए लग जाए। बैठक में केंद्रीय कमेटी सदस्य हरिवंश चौबे व देबीलाल हांसदा, प्रखंड सचिव माईनुद्दीन अंसारी, शिबधन हेंब्रम, महेंद्र टुडू, अशोक भगत, निवारण मरांडी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुबाषिनी मुर्मू, अल्पसंख्यक अध्यक्ष नजरुल इस्लाम, कलम मुर्मू, कोषाध्यक्ष कालीदास टुडू, झायुमो अध्यक्ष मुनीराम मरांडी, मुखिया सुशीला मरांडी, मुखिया अनीता हेंब्रम, मुखिया अरविंद टुडू, छोटू भगत, कुबराज मरांडी, शिबलाल टुडू, परमेश्वर मरांडी, दिनेश जायसवाल, मेतलाल टुडू, रिमा रविदास, सूरज रविदास, रिफाइल मुर्मू, बिश्वजीत दास, लालबाबु शेख, मंटू भगत, लालबाबू अंसारी, आबेद अंसारी, परवेज आलम, मुसारफ हुसैन, तोहिदुल शेख, सलीम शेख, मोइन आलम, ऐनोस मुर्मू, सिकंदर आलम, मंजुर अंसारी, नरेश हांसदा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुजू ओ पी क्षेत्र में अपराधियों ने जमकर किया लूटपाट

**कुज्जु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुजु ओपी क्षेत्र अंतर्गत ओरला में हथियार से लैश नकाबपोश अपराधियों ने बुधवार को दोपहर 2 बजे राशन दुकानदार के घर में घुसकर लाखों रुपए मूल्य के जेवरात और नगदी लूट ली और फरार हो गए। लूटपाट के दौरान विरोध करने पर परिजनों की पिटाई भी कर दी। इस दौरान घर की एक महिला और उसका विकलांग पुत्र घायल हो गया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जानकारी के अनुसार एक घंटे तक अपराधियों ने घटना को दिया अंजाम , पुलिस मौके पर पहुंचकर कर जांच में जुटी हुई है। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है मांडू इंस्पेक्टर और कुजु के थाना प्रभारी भी पहुंचे हुए हैं।



## तनवीर आलम के प्रत्याशी बनने की खबर से कांग्रेसियों में खुशी, जमकर हुई आतिशबाजी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बेचैनी और इंतजार दोनों खत्म होता नजर आ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की मीडिया के सामने तनवीर आलम के नाम के जिक्र के बाद सोशल मीडिया में पाकुड़ विधानसभा से तनवीर आलम को प्रत्याशी घोषित किए जाने की खबर जमकर वायरल हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के बयानों से स्पष्ट है कि पूर्व मंत्री सह विधायक आलमगीर आलम के सुपुत्र तनवीर आलम पहली बार पाकुड़ विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे। आलमगीर आलम मनी लांड्रिंग के केस में जेल में है। उनके जेल में होने की वजह से टिकट को लेकर माथापच्ची चल रही थी। जिसे पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ने मंगलवार को खत्म कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मीडिया के सामने कैमरे पर पाकुड़ विधानसभा सीट से बतौर प्रत्याशी तनवीर आलम का नाम सार्वजनिक रूप से लिया है। मंत्री की जगह उनके सुपुत्र तनवीर आलम को टिकट मिलने का बयान



दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ता टिकट और प्रत्याशी की घोषणा को लेकर बेचैनी थी। कार्यकर्ताओं को इस दिन का बेसब्री से इंतजार था। अब वह इंतजार लगभग खत्म होता दिख रहा है। हालांकि आधिकारिक रूप से सूची जारी नहीं हुआ है। माना जा रहा है जल्द ही आधिकारिक घोषणा भी हो जाएगी। बता दें कि तनवीर आलम कांग्रेस पार्टी में प्रदेश महासचिव के पद पर काबिज है। लंबे समय से पार्टी में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। पार्टी ने अब तक उन्हें कई जिम्मेदारियां सौंप चुकी है। जिसे बखूबी निभाने में सफल भी रहे हैं। अब आगे उन्हें जो प्रत्याशी के रूप में बड़ी जिम्मेदारी मिलने जा रही है, उस पर कितना खड़ा उतार पाएंगे, यह देखने वाली बात होगी। इधर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता तनवीर आलम को प्रत्याशी बनाए जाने की खबर से बेहद खुश नजर आ रहे हैं। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सोशल मीडिया के जरिए तनवीर आलम को पार्टी प्रत्याशी घोषित किए जाने की सूचना के बाद से ही खुश नजर आ रहे हैं।

## भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद, आरोपी को भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उधवा :** राधानगर थाना पुलिस में भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। जानकारी देते हुए बताया गया कि मंगलवार करीब 07.00 बजे संध्या में गुप्त सूचना मिली थी कि अमानत हाई मदरसा के पास गाँजा का खरीद - बिक्री हो रहा है। इस सम्बंध में वरीय पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी उधवा को सुचना देकर ग्राम अमानत स्थित हाई मदरसा के पास आने का अनुरोध किया। पुलिस अधीक्षक साहेबगंज के द्वारा इस कार्य में संलिप्त अपराधकर्मियों को पकड़ने एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। थाना प्रभारी राधानगर, थाना के अन्य सहयोगी बल को लेकर ग्राम अमानत स्थित हाई मदरसा के समीप पहुँचे। कुछ देर के बाद अंचलाधिकारी, उधवा भी अमानत स्थित हाई मदरसा के पास पहुँचे। प्राप्त सूचना के अनुसार एक वृद्ध व्यक्ति जिसका नाम सोलेमान शेख पिता स्व0 करीम शेख सा0 अमानत (नजर टोला) थाना राधानगर, जिला साहेबगंज का विधिवत तलाशी लिया गया। उक्त व्यक्ति के पास एक प्लास्टिक के थैले में गाँजा छिपाकर ले जाया जा रहा था, जिसे तौलने पर कुल एक किलो एक सौ चौवालिस ग्राम (1.144 कि0ग्रा0) पाया



गया। प्राप्त गाँजे का पकड़ाये व्यक्ति के पास से कोई कागजात नहीं मिलने पर उक्त गाँजा को विधिवत जप्त करते हुए गाँजा की तस्करी करने के आरोप में अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इस सम्बंध में राधानगर थाना काण्ड सं0 192/24 धारा 20 (b) (ii) (B)/22 NDPS act के तहत दर्ज कर अन्य बिन्दुओं पर अनुसंधान किया जा रहा है। बुधवार को गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में गया।छापामारी दल में जयंत तिवारी, अंचलाधिकारी उधवा, पुअनि नितेश कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी राधानगर, पुअनि फुलेश्वर अकेला, सअनि हाकिम मुरमू, सोनाराम सोरेन राधानगर थाना रिजर्व गार्ड , प्रशांत मराण्डी राधानगर थाना रिजर्व गार्ड सहित अन्य शामिल थे।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा**
**(जिला निर्वाचन)**

**आदेश**

विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड राँची का पत्रांक 691 (MD) दिनांक 22.10.2024 एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड राँची का पत्रांक 3010 दिनांक 08.05.2024 के आलोक में लोहरदगा जिला के सभी मतदान केन्द्र "तम्बाकू मुक्त क्षेत्र" घोषित किये जाते हैं।

अतः जिलान्तर्गत 72–लोहरदगा (अ.ज.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 69–विशुनपुर (अ.ज.जा.) (अंश) के सभी मतदान केन्द्र परिसर में किसी प्रकार का तम्बाकू पदार्थ यथा– सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मशाला, जर्दा इत्यादि का उपयोग पूर्ण रुप से प्रतिबंधित रहेगा।

सभी संबंधित उक्त आदेश का अनुपालन कड़ाई से कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–
उपायुक्त, लोहरदगा

PR 339439 Lohardaga(24-25).D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**( निर्वाचन कोषांग )**

**आदेश**

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या 6980 दिनांक 21–10–2024 द्वारा निगोशिएबल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट, 1881 की धारा 25 के तहत विधान सभा चुनाव 2024 के निमित सभी सरकारी कार्यालय/सार्वजनिक प्रतिष्ठान में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

कोडरमा जिला अन्तर्गत 19 कोडरमा विधान सभा क्षेत्र, 20 बरकटठा विधान सभा क्षेत्र (अंश) एवं 21 बरही विधान सभा क्षेत्र (अंश) में मतदान 13 नवम्बर 2024 (बुधवार) को निर्धारित है।

अतः विधान सभा आम चुनाव 2024 के निमित 13 नवम्बर 2024 (बुधवार) को कोडरमा जिला अन्तर्गत सभी सरकारी कार्यालय/सार्वजनिक प्रतिष्ठान में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-उपायुक्त, कोडरमा।

PR 339456 (Election) 24-25 (D)



**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, राँची**
**(प्रेक्षक कोषांग)**

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**प्रेस विज्ञप्ति**

झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव, 2024 हेतु व्यय प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है, जिनका आगमन राँची जिले में हो चुका है। एतद् द्वारा सभी सर्वसाधारण यथा प्रत्याशी, राजनीतिक दलों एवं आमजनों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव, 2024 के व्यय प्रेक्षक का नाम, दूरभाष संख्या, ई–मेल, एवं उनके आवासन तथा मिलने का समय आदि से संबंधित जानकारियाँ निम्नवत् हैं :–

| क्र. सं. | व्यय प्रेक्षक का नाम | सम्बद्ध विधान सभा क्षेत्र का नाम | आवासन | टेलीफोन/ मोबाईल सं० | ई–मेल | मिलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Shri M.M. Chate, I.R.S. | 63–रांची<br>64–हटिया<br>65–काँके<br>66–माण्डर | राजकीय अतिथिशाला, सर्कुलर रोड़, रांची। Room No. 207 | 9969235663 | 0651-2913124<br>0651-2913391<br>e-mail-<br>observercellranchi2024@gmail.com | 10:00 AM to 06:00 PM |
| 02. | Shri H. Ananda, I.R.S. | 58–तमाड़ | राजकीय अतिथिशाला, सर्कुलर रोड़, रांची। Room No. 208 | 7259521302 | | 10:00 AM to 06:00 PM |
| 03. | SHRI AJEY KUMAR OJHA, I.R.S. | 61–सिल्ली<br>62–खिजरी | राजकीय अतिथिशाला, सर्कुलर रोड़, रांची। Room No. 209 | 8828311777 | | 10:00 AM to 06:00 PM |

अतएव उक्त के आलोक में सभी अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्त्ता/राजनैतिक दल के प्रतिनिधि एवं आम मतदाताओं को संसूचित किया जाता है कि यदि उन्हें झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव, 2024 से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई शिकायत अथवा मामले परिलक्षित हो तो व्यक्तिगत रूप से अथवा उक्त दूरभाष/ई–मेल पर व्यय प्रेक्षक से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, राँची।

PR 339468 Ranchi(24-25)D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



**आज नामांकन करेंगे एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत : हसन अंसारी**

# लोहरदगा में फल और झारखंड में खिलेगा कमल : नीरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत अपरिहार्य कारणों से 22 अक्टूबर को नामांकन नहीं कर पायी ।अब यह नामांकन 24 अक्टूबर दिन बृहस्पतिवार को 11ः00 बजे दिन में आजसू बीजेपी एवं एल जी पी(आर) के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर किया जाएगा।आज आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं एनडीए के घटक दलों के साथ विचार विमर्श के बाद इस आशय की घोषणा करते हुए कहा कि इस बार लोहरदगा फिर से अंगड़ाई ले रही है और परिवर्तन चाहती है। कार्यकर्ता कमर कसकर गांव-गांव तक जाएं ।आजसू निश्चित रूप से विजयी हो रही है,और प्रदेश में भी एनडीए की सरकार बन रही है। आज ये समय की मांग है। राज्य का प्रत्येक व्यक्ति हताश है। यह सरकार सिर्फ ठगने का कार्य किया है। युवा नौकरी के लिए मारा मारा फिर रहा है। महिलाएं महंगाई से बेहाल हैं। स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई हुई है। हर कोई अपने जगह परेशान है ।और इसका जिम्मेवार यह बेपरवाह सरकार है। इसलिए आजसू के कार्यकर्ताओं को सिर्फ क्षेत्र में जाने की आवश्यकता है। विजय निश्चित है ।सभा को संबोधित करते हुए नीरू शांति भगत ने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड अलग राज्य के लिए बहुत से कुर्बानी दी है ।इनके कुर्बानियों के बल पर ही झारखंड अलग राज्य बना है, और जो राज्य या घर बनाता है वही उसको सजना और संवारना भी जानता है। हम जीत कर जब आएंगे तो निश्चित रूप से लोहरदगा को सजाएंगे ,सवारेंगे और झारखंड को भी एक नई दशा और दिशा प्रदान करेंगे। सभी लोगों से आग्रह होगा 24 के नामांकन में हमारे साथ चलें इस चुनावी बिगुल के साथ क्षेत्र में लग जाए जीत केलिए कमर कस लें ,जीत निश्चित होगी और सरकार भी हमारी बनेगी। एक-एक कार्यकर्ता जो मेहनत आज तक किए हैं आगे हम उन कार्यकर्ताओं के लिए और क्षेत्र के लिए बहुत कुछ करने की सोच कर रखे हैं ।आज के बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव, रांची युवा आजसू नेता बंटी यादव, एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष नजीर खान, केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, जिला मुख्य संयोजक कमलजीत सिंह, बुद्धेश्वर उरांव, युवा मोर्चा जिला संयोजक पवन प्रजापति, रामनंदन साहू, अमानत अंसारी, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय उरांव आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने विधानसभा चुनाव हेतु वीआर एलईडी स्क्रीन युक्त प्रचार वाहनों को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज बुधवार को विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 हेतु सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, रांची, झारखण्ड द्वारा संचालित 02 वीआर-एलईडी स्क्रीन युक्त प्रचार वाहनों को समाहरणालय परिसर, लोहरदगा से रवाना किया गया। उक्त वाहनों द्वारा 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र और 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र के उन क्षेत्रों के मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा जिन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से कम रहा हो या जिन मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मतदान हुआ हो। उक्त वाहनों में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के स्तर से उपलब्ध कराये गये मतदाता जागरूकता से संबंधित कंटेंट प्रसारित किये जाएंगे। आज इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला जनसर्म्पक पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

## दिल्ली में के सी वेणुगोपाल एवं सांसद सुखदेव भगत ने आपस में किये गुफ्तगू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह संगठन प्रभारी के सी वेणुगोपाल आज नई दिल्ली में लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को अपने आवास में बुलाया। दोनों नेताओं ने झारखंड सहित लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में पार्टी एवं गठबंधन के उम्मीदवार की जीत कैसे सुनिश्चित हो उसके संदर्भ में विचार विमर्श किये। सांसद ने अपने क्षेत्र एवं राज्य में संगठन की क्या स्थिति है। साथ-साथ जनप्रतिनिधियों का जनता एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कैसा व्यवहार रहा है उन बातो से भी अवगत कराये। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सांसद सुखदेव भगत से कहा कि आप झारखंड के कद्दावर नेता हैं। आपने विकट परिस्थिति में अपने दम पर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से ऐतिहासिक वोट से जीत हासिल किए थे। झारखंड में पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार बने इसके लिए आपकी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है ।आप संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि पार्टी एवं गठबंधन उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करना उनका नैतिक जिम्मेदारी है और इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ वे काम करेंगे। झारखंड की इंडिया गठबंधन की सरकार एक संवेदनशील सरकार है। यह सरकार सभी वर्गो का विशेष ध्यान दिया है। पुनः झारखंड में इस बार भी इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। जिसमें कांग्रेसी एवं सहयोगी दल के कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने की जरूरत है।

## बीजेपी, आजसू की हुई संयुक्त प्रेस वार्ता




**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जिला कार्यालय में बीजेपी और आजसू पार्टी का संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक और आजसू जिलाध्यक्ष धुपेंद्र पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि झारखंड में चुनाव का बिगुल बज चुका है। एनडीए गठबंधन के हमारे सहयोगी दल आजसू पार्टी के सहयोग से सिमडेगा जिला के दोनों विधानसभा सिमडेगा और कोलेबिरा में भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाएंगे। आजसू जिलाध्यक्ष धुपेंद्र पांडे ने कहा कि सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा से भाजपा के दोनों प्रत्याशी को जीत दिलाने में आजसू पार्टी का साथ रहेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, भाजपा मीडिया सह प्रभारी रंजन शाह, अशोक जायसवाल, आजसू जिला सचिव विकास बड़ाईक, आजसू जिला उपाध्यक्ष अनिल मेहर सहित प्रेस-मीडिया के ब्यूरो चीफ, संवाददाता उपस्थित थें।

## जिला स्तरीय सोशल इमोशनल लर्निंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा में जिला स्तरीय सोशल इमोशनल लर्निंग (SEL) कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के तीनों एसओई स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार दोरायबरु थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा और जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उप विकास आयुक्त ने आयोजन को संबोधित करते हुए आज की शिक्षा में समग्र विकास के महत्व पर जोर दिया और अपने विद्यालय के समय से लेकर आज के विकास की सराहना की। साथ ही, जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्कूलों में चलाए जा रहे प्रोजेक्ट संपूर्णा - हर्ष जोहार के माध्यम से बच्चों में हो रहे भावनात्मक विकास की सराहना की और बताया कि यह परियोजना बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कैसे काम कर रही है। उन्होंने इससे जुड़े सभी शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ धन्यवाद व्यक्त किया। जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम ने भी आने वाले दिनों में स्कूल और बच्चों द्वारा बेहतर परिणाम देने की शुभकामनाएं दीं और बताया कि होल चाइल्ड डेवलपमेंट बच्चों के लिए कितना आवश्यक है, और प्रोजेक्ट संपूर्णा इसके विकास में कैसे योगदान दे रही है, इसकी भी प्रशंसा की। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, नृत्य और अपने विचारों को व्यक्त कर सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा को विभिन्न माध्यमों से समझाया। विभिन्न स्कूलों से आई छात्राओं ने झारखंड की संस्कृति को दर्शाते हुए विशेष वेशभूषा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मौके पर विशेष रूप से बच्चों द्वारा तैयार किया गया स्श्वरु स्टॉल भी लगाया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के पदाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अब्राहम केरकेट्टा, शिक्षक सत्यजीत कुमार, प्रोजेक्ट संपूर्णा कंसोर्शियम के प्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य और हर्ष जोहार के नोडल शिक्षक समेत 100 से अधिक अभिभावक उपस्थित रहे।

## संगठनात्मक मजबूती हेतु जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में हुई बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झामुमो जिला समिति के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में पार्टी की मजबूती हेतु रणनीति बैठक संपन्न हुआ। मौके पर जिला कार्यालय में आयोजित संगठनात्मक बैठक में जिला समिति एवं प्रखंड के पदाधिकारी के साथ बैठक कर संगठन के मजबूती को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया गया। इधर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन करने में अग्रणी भूमिका निभाने का कार्य कर दिखाएं। उन्होंने कहा कि राज्य के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरे झारखंड प्रदेश में विकास की लहर दौड़ा रखी है। जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि कुछ दिन बाद पूरे झारखंड प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाला है इस चुनाव में पूरे राज्य से भाजपा का सफाया होगा उन्होंने कहा कि पार्टी के नीति सिद्वांत को जन-जन तक पहुंचाएं और जिम्मेदारियों के प्रति सक्रिय भूमिका निभाने का कार्य कर दिखाएं। मौके पर केंद्रीयसदस्य समीद अंसारी, जिला सचिव अनिल उरांव, महिला जिला अध्यक्ष सरिता भगत, युवा जिला अध्यक्ष अजय उरांव, छात्र जिला अध्यक्ष सोमी उरांव, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष आतिम टोप्पो, बुद्ध जी मोर्चा जिला अध्यक्ष सायमन्द लोहारा, जिला उपाध्यक्ष मुकेश साहू मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## आज डॉक्टर रामेश्वर उरांव करेंगे नामांकन पत्र दाखिल



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को लोहरदगा 72 विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन दल के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उराँव जी 11:00 बजे पूर्वाह्न अनुमंडल कार्यालय लोहरदगा में नामांकन करेंगे जिसमें मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित हैं। नॉमिनेशन कार्यक्रम समाहरणालय मैदान से प्रारंभ होकर अनुमंडल कार्यालय लोहरदगा होते हुए राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में समाप्त होगा। अतः इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण, बीस सूत्री अध्यक्ष गण, प्रखंड प्रमुख प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण, जन प्रतिनिधि गण,प्रखंड के सभी मुखियागण सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं बूथ स्तर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तागण इंडिया गठबंधन दल के सभी नेतागण उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य पधारें।

## मिशन बदलाव समर्थित उम्मीदवार कोलेबीरा विधानसभा में ताकत दिखाएगी : जयंती देवी बड़ाईक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** मिशन बदलाव समर्थित उम्मीदवार सिमडेगा जिला अध्यक्ष सह बड़ाईक समाज प्रखण्ड उपाध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य जयंती देवी बड़ाईक के द्वारा विधानसभा चुनाव में नामांकन पत्र खरीदा गया है उन्होंने आम लोगों से अपील की है कोलेबिरा में विकास और बदलाव के लिए सभी युवाओं को आगे आने की जरूरत है कोलेबिरा के कई गांव का दौरा करने के बाद कोलेबिरा विधानसभा में ना बिजली, न पानी, न शिक्षा, न हॉपिटल में डॉक्टर और मूलभूत सुविधा, नारी शोषण से महरूम है आज आमजन लोग प्रखंड कार्यालय से लेकर भ्रष्टाचार से जूझ रहे हैं राशन कार्ड बनाने से लेकर आधार कार्ड बनाने, जमीन रजिस्ट्री कराने में, लगान रसीद सुधार, पंजी 2 सुधार में भी ग्रामीण जूझ रहे हैं.अगर जनता मूझे अवसर देती है तो सभी समस्याओ का समाधान का निष्पक्ष तरीके से कार्य करुँगी. मैं कोलेबिरा बिधानसभा की बेटी हूँ और सभी लोगों से वादा करती हूँ आदिवासी मुलवासी समाज के सभी लोगों का समस्याओ का ईमानदारी पूर्वक काम करूँगा।

# बच्चों का बचाव एवं पुनर्वास को लेकर चलाया जागरुकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बुधवार को लोहरदगा में रेलवे स्टेशन, मैना बगीचा एवं लोहरदगा बस स्टैंड और उसके आस-पास सड़क पर रहने वाले बच्चों के बचाव एवं पुनर्वास (CISS) स्ट्रीट चिल्ड्रन हेतु विशेष अभियान चलाया गया। परवेज आलम, संरक्षण पदाधिकारी गैर संस्थानिक देखरेख, लोहरदगा के द्वारा संबंधित अभियान का नेत्तृत्व करते हुए कहा कि आज हमारे समाज में बाल सुरक्षा अति महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने समाज में आज विकृति की स्थिति में कहा कि बाल विवाह ,चाइल्ड ट्रैफिकिंग/ बाल श्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। हमें सामाजिक एकजुट से गांव एवं पंचायत स्तर में जागरूक होना होगा जिससे हम समाज के बच्चों को सुरक्षित करने में अहम भूमिका निभा सके। शून्य से 18 वर्ष के बालकों के लिए जिला स्तरीय जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं विशेष पुलिस किशोरी इकाई स्थापित है जिसके माध्यम से जिला में संस्थागत देखभाल एवं गैर संस्थागत देखभाल के लिए सेवा उपलब्ध है। बाल संरक्षण के अंतर्गत रेस्क्यू/ पुनर्वास एवं पुनर्समेकन हेतु स्पॉन्सरशिप / एडॉप्शन/ फोस्टर केयर/ स्ट्रीट चिल्ड्रन/ बालगृह/विशेष दत्त ग्रहण अभिकरण बाल सुधार इत्यादि की सेवाएं दो श्रेणी के बच्चों CNCP और CCL बच्चों के लिए उपलब्ध कराई जाती है। इस कार्यक्रम में समाजसेवी अखिलेश्वर पांडे, आउटरिच वोर्केर सानु भुइंया, आंकड़ा विश्लेषक इम्तियाज़ खान, संरक्षण पदाधिकारी अमित तिवारी, मनोरमा मिंज, सदस्य, बाल कल्याण समिति, सुशीला कुमारी, सदस्य, बाल कल्याण समिति एवं CHL समन्वयक रवि कुमार उपस्थित थे।

# झारखंड आंदोलनकारियों की मांगों पर सहानुभूति नहीं दिखाई हेमंत सरकार : कयूम खान

➲ अपने हक अधिकार के लिए एकजुट हों आंदोलनकारी : प्रो. विनोद भगत

➲ अमर पुरोधाओं की सुविकसित राज्य का निर्माण के सपने अब भी अधूरे : सुखदेव उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की मासिक बैठक कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय मैदान हुई। जिसमें मुख्य रूप से केन्द्रीय प्रधान महासचिव कयूम खान, जिला संयोजक सह केन्द्रीय सलाहकार प्रो. विनोद भगत, जिला सचिव विशेषण भगत, सुखदेव उरांव आदि उपस्थित थे। बैठक में सर्व प्रथम कार्यकारी अध्यक्ष श्री किन्डो द्वारा सभी आंदोलनकारियों का स्वागत किया गया। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी महासभा केन्द्रीय प्रधान महासचिव श्री खान ने कहा कि आंदोलनकारियों द्वारा अपने मान-सम्मान पहचान नियोजन पेंशन के मामले को लेकर पिछले कई वर्षों से 11 सूत्री मांगों की लड़ाई लड़ी जा रही है, पर सरकार की ओर से सहानुभूति नहीं दिखाई गई। लगातार आंदोलित झारखंड आंदोलनकारियों का सब्र का बांध अब टूट चुका है। अपने सर्वस्व न्यौछावर करने वाले आंदोलनकारी काल के गाल में समाते जा रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में झारखंड आंदोलनकारियों के समक्ष करो या मरो के अलावे दूसरा कोई विकल्प नहीं रह जाता है। प्रो. विनोद भगत ने अपने संबोधन में कहा कि अपने हक अधिकार के लिए आंदोलनकारी एकजुट होकर आंदोलन करें। उन्होंने कहा कि जिस शोषण विहीन झारखंडी समाज एवं सुविकसित राज्य का निर्माण करना था,जो अभी अधूरे हैं। उन्होंने भाषा संस्कृति लागू करने के साथ-साथ जल जंगल जमीन की सुरक्षा एवं वन उत्पाद,कृषि उत्पाद आधारित उद्योगों की स्थापना करने की वकालत की। सुखदेव उरांव ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों एवं शहीदों के सपनों के अनुसार राज्य सरकार योजना बनाकर झारखंडी समाज का सुविकसित करने का कार्य नहीं किया गया। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी महासभा के सचिव विशेषण भगत ने कहा कि सरकारें आती हैं और चली जाती है। लेकिन आंदोलनकारियों की समस्याओं को नजर अंदाज की जा रही है। संबोधित करने वालों में अजीत खाखा, उषा लकड़ा, तारामनी खलखो, नगर सचिव दिनेश साहू, सुरज मोहन लकड़ा, जगदीश उरांव, विजय खाखा आदि शामिल थे। बैठक में दशरथ उरांव, गंगा उरांव, मनोज उरांव, ललिता भगत, आनंद कुमार, लक्ष्मी भगत, उषा रानी लकड़ा, मंगरा उरांव, सोमरा उरांव, शंकर पहान, आनंद भगत,अजय लोहरा, संजय ठाकुर, हाबिल कुजूर, चमरा उरांव, सुशीला लकड़ा, सबिता लकड़ा, समेत बड़ी संख्या में आंदोलनकारी शामिल थे। आगामी बैठक 27 नवंबर बुधवार को रखी गई है।

# दिनदहाड़े घर के बाहर फायरिंग करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, हथियार भी बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में बुधवार को पुलिस ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए मामले का खुलासा किया है जिसमे बताया कि दिनांक-12.10.2024 की सुबह करीब 11.15 बजे आकाश कुमार साहु उम्र करीब-28 वर्ष पिता-मोहन प्रसाद साहू सा0-अशोक नगर पतरा टोली थाना व जिला-लोहरदगा थाना आये और एक लिखित आवेदन दिये थे जिसके आधार पर लोहरदगा थाना कांड सं0-201/2024, दिनांक-12.10.2024 धारा-109/3(5) बी0एन0एस0 एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था। जिसके अनुसंधान में दिनांक-22.10.2024 को छापेमारी करते हुए दो अज्ञात व्यक्ति लाल रोशन नाथ साहदेव उम्र करीब 24 वर्ष पिता-लाल अशोक नाथ साहदेव सा0-कुरसे थाना जिला-लोहरदगा, दूसरा पियुष कुमार उम्र करीब 22 वर्ष, पिता-राकेश कुमार प्रजापति सा0-अरेया थाना-बगड़ू, जिला-लोहरदगा को प्रारंभिक साक्ष्य के आधार पर पुछताछ हेतु थाना लाया गया था। इन लोगों को बारी-बारी से पुछताछ के क्रम में इन लोगों ने कबुल किया की हमलोग तथा राजेश कुमार ने ही दिनांक-12.10.2024 की सुबह करीब 10.30 बजे पतरा टोली में अकाश कुमार साहू के घर के बाहर गोली चलायी थी। पुछताछ में इन लोगों के निशान देही पर इनके द्वारा बताया गया कि आग्नेयास्त्र राजेश कुमार उम्र करीब-29 वर्ष पिता-काशी राम सा0-कुरसे थाना व जिला-लोहरदगा के घर में रखा हुआ था जिसे छापामारी दल के साथ जब राजेश कुमार के घर पहुँचा तो आग्नेयाख एक 3.15 बोर का एक देशी कट्टा तथा एक छ्ः चक्रीय रिवालवर और तीन गोली जिसमें एक मिस फायर गोली राजेश कुमार के घर से बरामद किया गया। इस क्रम में तीनों अभियुक्त लाल रोशन नाथ साहदेव, पियुष कुमार, राजेश कुमार को गिरफ्तार कर तथा बरामद अग्नाशय को जप्ती सूची बनाकर जप्त कर थाना लाया गया।इन लोगों के पास से पुलिस ने एक 3.15 बोर का एक देशी कट्टा, एक छः चक्रीय रिवालवर, तीन गोली जिसमें एक मिस फायर गोली बरामद किया है।इस छापेमारी दल में शामिल पु0अ0नि0-आदर्श कुमार लोहरदगा थाना, पु0अ0नि0-संजय कुमार लोहरदगा थाना, पु0 अ0नि0-रविकांत प्रसाद, लोहरदगा थाना, पु0अ0नि0-सारिक खान, लोहरदगा थाना, पु0अ0नि0-रमेश सिंह, लोहरदगा थाना, स0अ0नि0-चन्द्रदीप मेहता लोहरदगा थाना, चालक आरबी-256-सत्य किशोर कुमार लोहरदगा थाना तथा चालक आरक्षी-713-मुकेश कुमार शर्मा, लोहरदगा थाना के साथ पुलिस बल के अन्य जवान शामिल थे।

चलते चलते एक नजर

## गढ़वा से सत्येंद्र तिवारी की जीत तय : अविनाश वर्मा



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में उनके समर्थक उपस्थित थे। नामांकन कार्यक्रम के दौरान एक जनसभा का भी आयोजन किया गया। जनसभा में उपस्थित सभी वक्ताओं ने कहा कि झारखंड के हेमंत सरकार से यहां की जनता पूरी तरह से त्रस्त हो चुकी है। राज्य में भय, भूख,भ्रष्टाचार और बेरोजगारी चरम पर है। वर्तमान सरकार ने इन सभी समस्याओं को दूर करने में कोई रुचि नहीं दिखाई। यही कारण है कि इस सरकार से यहां के लोग पूरी तरह से मोह भंग हो चुका है। नामांकन से पूर्व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सह लातेहार जिला के चुनाव प्रभारी अविनाश वर्मा ने भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी के आवास पर जाकर इनसे मुलाकात की। श्री वर्मा ने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से सत्येंद्र नाथ तिवारी की जीत हर हाल में तय है। 5 वर्षों में यहां के तत्कालीन विधायक और प्रदेश के मंत्री ने कोई कार्य नहीं किया। गढ़वा में जन समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। यहां की जनता कराह रही है। गढ़वा विधानसभा में विकास के कोई कार्य नहीं किए गए। अविनाश वर्मा ने कहा कि यहां से इस बार सतेंद्र तिवारी की जीत होगी। अगले 5 वर्षों में पूरे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी।

## मतदान के दिन कामगारों और मजदूरों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा आम चुनाव-2024 के मतदान की तिथि के दिन कारबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित व्यक्ति को, जो लोकसभा या विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए हकदार है उनके लिए सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जायेगा। कार्मिक विभाग ने बुधवार को इस संबंध में निर्धारित प्रावधानों का अनुपालन कराने का निर्देश संबंधित प्राधिकारों को निर्देश दिया है। अवकाश मंजूर किए जाने के कारण किसी भी व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती नहीं की जायेगी या उसमें कोई कमी नहीं की जायेगी। साथ ही ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यता किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होत हुए भी तो ऐसे दिन के लिए मजदूरी दी जायेगी। कार्मिक विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि इस निर्देश के बाद भी यदि कोई नियोजक प्रावधानों का उल्लंघन किया है तो उनसे पांच सौ रुपये जुर्माना व दंडनीय भी होगा। हालांकि, यह धारा ऐसे निर्वाचक पर लागू नहीं होगी, जिसकी अनुपस्थिति से नियोजन के संबंध में, जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा उत्पन्न होगा।

### मनिका विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी हरे कृष्ण सिंह ने किया नामांकन

# झारखंड के सभी सीटों पर लहरेगा भाजपा का परचम : तोखन साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह (लातेहार) :** मनिका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हरे कृष्णा सिंह ने बुधवार को महुआडाड में अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। हरे कृष्णा सिंह के नामांकन में मनिका विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने से भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी यहां पहुंचे थे। यहां तक की पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले से भी वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित थे। नामांकन कार्यक्रम के दौरान राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय के समीप एक विशाल सभा का आयोजन किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय आवास एवं शहरी राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने 5 वर्षों में लूट का तांडव मचा कर रख दिया। राज्य में चारों तरफ भ्रष्टाचार को लेकर हाहाकार मच गया। यहां ट्रांसफर और पोस्टिंग का उद्योग बड़ी तेजी से फला-फूला। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में एक भी बेरोजगारों को झारखंड की सरकार ने रोजगार नहीं दिया। यही कारण है कि 5 वर्षों में झारखंड में बेरोजगारों की एक बहुत बड़ी फौज खड़ा हो गया। साथ ही किसी भी योजनाओं को धरातल पर नहीं उतारा गया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि राज्य में महिलाएं सुरक्षित नहीं रही। हेमंत सोरेन सरकार में हर महीने महिलाओं पर अत्याचार किया गया। साथ ही वृद्धावस्था पेंशन योजना को बंद करके वृद्ध लोगों को कष्ट में डाल दिया गया। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि झारखंड में विधानसभा चुनाव का शंखनाद हो गया है। सभी



दल चुनावी जीत को लेकर अपने-अपने वादे कर रहे हैं। लेकिन सच्चाई यही है कि झारखंड के सभी विधानसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का परचम हर हाल में लहरेगा। क्योंकि वर्तमान सरकार के भ्रष्ट कारनामों से यहां की जनता पूरी तरह से त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने सभा में उपस्थित लोगों से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने केंद्र के मोदी सरकार की जमकर तारीफ की। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत का डंका विश्व के कोने-कोने में बज रहा है। लोगों के कल्याण के लिए मोदी सरकार ने सैकड़ो योजनाओं की शुरुआत की है। जिसका लाभ जन-जन को मिल रहा है। सभा में अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अविनाश वर्मा ने कहा कि लातेहार के दोनों सीटों पर मनिका और लातेहार विधानसभा पर भाजपा का परचम हर हाल में लहरेगा। लोगों के पास भाजपा छोड़कर दूसरा कोई भी दल विकल्प के रूप में भी नहीं है। मनिका विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी हरे कृष्णा सिंह ने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र में गरीबी, बेरोजगारी और अशिक्षा चरम पर है। स्वास्थ्य सेवाओं का यहां घोर अभाव है। इन 5 वर्षों के दौरान मनिका विधानसभा क्षेत्र में विकास के कोई कार्य नहीं किए गए। यही कारण है कि यहां की जनता भाजपा की ओर देख रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा प्रत्याशी हरे कृष्णा सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम सिंह, मुकेश निरंजन सिन्हा, लातेहार भाजपा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, उपाध्यक्ष राकेश दुबे, नीलम देवी, राजधानी यादव, मुनेश्वर सिंह, प्रशांत सिंह, छोटे राजा बंसी यादव सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

## स्कूल में योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**रांची:** नामकुम रोड स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में बुधवार को एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ स्कूल के निदेशक मदन सिंह, उप निदेशक अमन सिंह, स्कूल के प्रचार्य डॉ सुनील कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। योग गुरु आर्य प्रहलाद भगत ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के आसान और प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस योग प्रशिक्षण शिविर में उत्तनपाद, वृक्षासन, गरुड़ आसान, योगनिंद्रासन, पद्मासन अनुलोम विलोम, कपूत सहित कई तरह के योगा अभ्यास विद्यार्थियों को कराए गए। मौके पर प्रचार्य डॉ सुनील कुमार ने कहा कि हमारे पूरे जीवन के लिए योग बहुत जरूरी है। हमें योग को जीवन का मुख्य अंग बनाना चाहिए। स्वास्थ्य के बिना जीवन कुछ भी नहीं है। योग से हम शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि योग के साथ संतुलित आहार, शारीरिक और मानसिक शुद्धि, नियमित आराम आवश्यक है। इस दौरान मुख्य रूप से स्कूल के खेल शिक्षक अतिथि जैना, योग शिक्षक देवा शीश उपस्थित थे।

## 24 को नामांकन दाखिल करेंगे पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड के पूर्व मंत्री और डाल्टनगंज विधानसभा के पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी 24 अक्टूबर को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उन्होंने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि आप सभी डाल्टनगंज-भण्डरिया विधानसभा के देवतुल्य माताएं बहनें,भाई,नवयुवक सभी से करबद्ध निवेदन है कि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री श्री केएन त्रिपाठी विधानसभा चुनाव-2024 का नामांकन दिनांक 24 अक्टूबर दिन वृहस्पतिवार को आईटीआई मैदान रेड़मा डाल्टनगंज से समय सुबह 10 बजे दिन में सभा को संबोधित करने के बाद कचहरी स्थित निर्वाचन कार्यालय में उपस्थित होकर विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन करेंगे। अतः सभी से करबद्ध अनुरोध है कि उक्त तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

# बारामती में फिर रोचक मुकाबले की तैयारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है. पिछले 2 साल में महाराष्ट्र की राजनीति में कई बदलाव आए हैं. शिवसेना और एनसीपी में बड़ी टूट हुई. दोनों ही गठबंधन की तरफ से तमाम दांव पेंच जारी है. इस बीच शरद पवार और अजित पवार का गढ़ माने जाने वाले बारामती में एक बार फिर रोचक लड़ाई की तैयारी है. शरद पवार की पार्टी की तरफ से अभी उम्मीदवारों के नाम का ऐलान नहीं किया गया है लेकिन चर्चा है कि इस सीट से एनसीपी शरद चंद्र पवार की पार्टी चुनाव लड़ेगी. शरद पवार के पोते और अजित पवार के भाई श्रीनिवास पवार के बेटे युगेंद्र पवार यहां से चुनाव



लड़ सकते हैं.शरद पवार के पोते युगेंद्र पवार अमेरिका में बोस्टन स्थित नॉर्थ-ईस्टर्न विश्वविद्यालय से 'बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक हैं. हाल के दिनों में वो बारामती में लगातार सक्रिय रहे हैं. हाल ही में उन्होंने बारामती स्वाभिमान यात्रा की शुरुआत की थी. युगेंद्र पवार को दादा शरद पवार का पूरा साथ मिल रहा है. ऐसे में ये चर्चा है कि महाविकास अधाड़ी की तरफ से युगेंद्र पवार अजित पवार के सामने मैदान में हो सकते हैं. बारामती सीट को पवार परिवार का गढ़ माना जाता है. हाल के लोकसभा चुनावों में अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार और उनकी ननद सुप्रिया सुले के बीच इस सीट पर मुकाबला हुआ था. इस मुकाबले में अजित पवार को झटका लगा था अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार चुनाव हार गयी थी. उन्हें सुप्रिया सुले ने चुनाव हरा दिया था. सुप्रिया सुले ने 6 विधानसभा सीटों में से 5 सीटों पर बढ़त हासिल की थी. सुप्रिया सुले ने 1.50 लाख से अधिक मतों से जीत हासिल की थी. उन्हें 7,32,312 वोट मिले थे.

# रिकार्ड मतों से जीताने के लिए संकल्पित है गढ़वा की जनता : मंत्री मिथिलेश

*** दो दर्जन पंचायत प्रतिनिधियों सहित 300 से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के दो दर्जन से अधिक पंचायत समिति सदस्य सहित अन्य प्रखंडों के विभिन्न गावों के 300 से अधिक महिला, पुरूष व युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। बुधवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से गढ़वा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के पंचायत समिति सदस्य अजय राम, अनिल भारती, नंदकिशोर मेहता, मजहर हुसैन, मो. कुदुश अंसारी, आशिक अंसारी, सुनील कुमार, फुल कुमारी देवी, ओम सिंह, श्रीराम बैठा, पुष्पा देवी, संजय कुमार दास, प्रेम दीवाना, जोगेंद्र राम, मिथिलेश चौधरी, मो. गुड्डु खान, मो. नूर आलम, अमित कुमार, रूस्तम अंसारी, उस्मान अंसारी, मो. फैजुल अंसारी, संयय सिंह, सिकंदर राम सहित मेराल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से अली रजा अंसारी, सिकंदर अंसारी, शोएब खां, इश्हाक खान, रविरंजन गुप्ता, विकास प्रजापति, अरंगी पंचायत के ग्राम बौराहा से सोनू कुशवाहा, रजनीकांत यादव, नवादा बिंद टोला से दिलीप कुमार, नितेश कुमार, मेराल प्रखंड के पंचायत दुलदुलवा से भाजपा छोड़कर गिरिजा देवी के नेतृत्व में रंभा देवी, अंजु देवी, रहीना खातुन, सबीला खातुन, माया कुमारी, सुनील शाह आदि सहित 300 से अधिक लोगां का नाम शामिल है। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि इन सभी लोगां के आने से पार्टी और मजबूत बन रही है। प्रतिदिन झामुमो का परिवार बढ़ रहा है। इस विधानसभा चुनाव में गढ़वा की जनता उन्हें रिकार्ड मतों को जीताने के लिए संकल्पित है। राज्य की जनता के आशीर्वाद से पुनः झारखंड में महागठबंधन की सरकार बनेगी। साथ ही झारखंड की विकास की गाड़ी और तेजी से दौड़ेगी। उन्होंने सभी से कहा कि आज ही से अपने-अपने क्षेत्र में जाकर लोगों से गढ़वा के विकास के लिए तीर धनुष छाप पर वोट देकर रिकार्ड मतों से जीताने की अपील करें। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## महाकुंभ-2025 के दौरान 50 ट्रेनों को अस्थायी ठहराव

**नई दिल्ली :** रेल यात्रियों की सुविधा के लिए महाकुंभ-2025 के दौरान 10 से 28 फरवरी तक विभिन्न स्टेशनों पर 50 ट्रेनों को दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया जाएगा। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि इस दौरान संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस राजेंद्र नगर टर्मिनल-नई दिल्ली और विक्रमशिला एक्सप्रेस भागलपुर-आनंद विहार टर्मिनल को दोनों दिशाओं में प्रयागराज जं पर अस्थायी ठहराव प्रदान किया जाएगा। गोदान एक्सप्रेस मुंबई एलटीटी-गोरखपुर जंक्शन और छपरा एक्सप्रेस मुंबई एलटीटी-छपरा जंक्शन को दोनों दिशाओं में नैनी पर अस्थायी ठहराव दिया जाएगा। तुलसी एक्सप्रेस मुंबई एलटीटी-अयोध्या कैंट को दोनों दिशाओ में भरत कूप, शिवरामपुर और नैनी स्टेशनों पर अस्थायी ठहराव दिया जाएगा।

# स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़ 27 अक्टूबर को तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आएंगे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़ अपनी पत्नी बेगोना गोमेज़ के साथ 27 से 29 अक्टूबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने आज यहां दी। विदेश मंत्रालय के अनुसार स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़ की यह पहली भारत यात्रा होगी। स्पेन के राष्ट्रपति की यह यात्रा 18 साल बाद हो रही है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति सांचेज़ कई बार बहुपक्षीय बैठकों के दौरान मिल चुके हैं। यात्रा के दौरान राष्ट्रपति सांचेज़ प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। दोनों नेता वडोदरा में सी295 विमान के फाइनल असेंबली लाइन प्लांट का उद्घाटन करेंगे, जो विमानन क्षेत्र में एक प्रमुख ÷मेक इन इंडिया÷ पहल है, जिसे टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स द्वारा एयरबस स्पेन के सहयोग से स्थापित किया जा रहा है।



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर उनकी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति सांचेज़ से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति सांचेज़ मुंबई भी जाएंगे, जहां आधिकारिक कार्यक्रमों के अलावा वे व्यापार और उद्योग जगत के नेताओं, थिंक टैंक और फिल्म उद्योग से बातचीत करेंगे।

इस यात्रा के दौरान कई समझौता ज्ञापनों व समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है, जिससे द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। भारत और स्पेन के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2017 में स्पेन की यात्रा के बाद द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिली। राष्ट्रपति सांचेज़ की यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा करने और व्यापार और निवेश, आईटी, नवाचार, बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा, फार्मा, एग्रो-टेक और बायो-टेक, संस्कृति और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को और गहरा करने का अवसर होगा।

# वैश्विक चाणक्य डिफेंस डायलॉग के दूसरे संस्करण की मेजबानी करेगी भारतीय सेना




**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय सेमिनार चाणक्य डिफेंस डायलॉग का दूसरा संस्करण राजधानी के मानेकशॉ सेंटर में 24 और 25 अक्टूबर को होगा, जिसकी मेजबानी भारतीय सेना करेगी। इस बार की थीम %राष्ट्र निर्माण में प्रेरक~ व्यापक सुरक्षा के माध्यम से विकास को बढ़ावा देना% रखी गई है। इस हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नीतियों के मद्देनजर महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी, जिनका उद्देश्य टिकाऊ और समावेशी विकास के लिए दूरदर्शी रणनीति तैयार करना है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार दो दिवसीय कार्यक्रम में भारत और विदेशों से नीति निर्माताओं, रणनीतिक विचारकों, शिक्षाविदों, रक्षा कर्मियों, दिग्गजों, वैज्ञानिकों और एसएमई के समूहों को एक साथ लाया जाएगा, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, इजराइल और श्रीलंका के प्रमुख वक्ता शामिल होंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। वह 'विकास और सुरक्षा के लिए भारत के दृष्टिकोण' पर मुख्य भाषण देंगे, जिसमें 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में व्यापक सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया जाएगा। थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी श्रोताओं को संबोधित करेंगे, जिसमें राष्ट्र निर्माण में भारतीय सेना के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। चाणक्य डिफेंस डायलॉग में विशेषज्ञों के नेतृत्व में छह सत्र होंगे, जिनमें से प्रत्येक व्यापक सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित होगा। पहले सत्र में बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य पर गहन चर्चा होगी, जिसमें भारत की रणनीतिक स्थिति पर विकसित हो रही वैश्विक शक्ति का पता लगाया जाएगा। दूसरे सत्र में इस बात की जांच की जाएगी कि आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा किस तरह से एक दूसरे से जुड़े हुए हैं तथा मजबूत रक्षा स्थिति बनाए रखने के लिए एक लचीली अर्थव्यवस्था के महत्व पर विचार किया जाएगा। जलवायु परिवर्तन पर बढ़ते वैश्विक अध्ययन के साथ तीसरे सत्र में आर्थिक विकास को पर्यावरणीय स्थिरता के साथ संतुलित करने की आवश्यकता पर चर्चा की जाएगी।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के आरोपित अनमोल बिश्नोई के सीधे संपर्क में थे : पुलिस

**मुंबई :** पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में सभी आरोपित गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के साथ स्नैपचैट के माध्यम से सीधे संपर्क में थे। जांच में यह भी पता चला है कि अनमोल बिश्नोई कनाडा और अमेरिका से सभी शूटरों को हैंडल कर रहा था। इस मामले की अब तक की छानबीन में यह महत्वपूर्ण खुलासा हुआ है। मुंबई पुलिस अब कई स्नैपचैट एकाउंट की जांच कर रही है। इस मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपित स्नैपचैट के जरिए एक दूसरे से संपर्क में थे और मैसेज के माध्यम से बातचीत के बाद उसे तुरंत डिलीट कर देते थे। इनमें से कुछ अकाउंट अनमोल बिश्नोई से जुड़े हैं। अधिकारी ने बताया कि हम इन अकाउंट के विवरण की जांच कर रहे हैं, लेकिन हमें यकीन है कि उनमें से एक अकाउंट बिश्नोई से जुड़ा है।

# रांची लोकसभा की सभी विधानसभा सीटों पर जीतेगा एनडीए : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची सांसद और केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने दावा करते हुए है कि वर्तमान राज्य सरकार से त्रस्त यहां की जनता विधानसभा चुनाव में बदलाव को तैयार है। उन्हें पूरा भरोसा है कि रांची लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी सीटों पर एनडीए उम्मीदवार जीतेंगे। रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि रांची हटिया और कांके विधानसभा क्षेत्र का नामांकन कल 24 अक्टूबर को किया जाएगा। रांची विधानसभा सुबह 10ः00 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय मूर्ति के समक्ष, हटिया विधानसभा 11 बजे हरमू मैदान कांके विधानसभा एवं मांडर विधानसभा में 11ः00 बजे मोराबादी मैदान में एकत्रित होकर रांची समाहरणालय में नामांकन के लिए जाएंगे। इस अवसर पर भारत सरकार के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। जबकि खिजरी विधानसभा क्षेत्र का



नामांकन 28 अक्टूबर को किया जाएगा। 28 अक्टूबर को दिन के 12ः00 बजे मोराबादी मैदान में सभी एकत्रित होकर रांची समाहरणालय में नामांकन किया जायेगा। सेठ बुधवार को अरगोड़ा चौक स्थित कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता में भी उत्साह है। हर तरफ परिवर्तन की लहर है। पिछले पांच साल में झामुमो और कांग्रेस की सरकार ने जो भ्रष्टाचार किए हैं, बेरोजगारों पर जो अत्याचार किए हैं, महिला उत्पीड़न और प्रताड़ना पर जो चुप्पी साधी है। इन सबका जवाब इस चुनाव में देने के लिए जनता तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सिर्फ कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं। मंत्री, विधायक, सांसद यह सब कुछ भाजपा में सिर्फ दायित्व है। यह कोई पद नहीं है। हम सब भाजपा कार्यकर्ता के रूप में ही पूरी मजबूती के साथ इस चुनाव में काम करेंगे और राज्य में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण करने वाली सरकार बनाएंगे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड को हमेशा से विशेष स्नेह दिया है। पांच साल हेमंत सोरेन की सरकार के बावजूद प्रधानमंत्री ने झोलियां भर भर के झारखंड के विकास के लिए योजनाएं दी लेकिन दुर्भाग्य है कि इस भ्रष्ट सरकार ने जानबूझकर मोदी सरकार की योजनाओं को राज्य में सफल नहीं होने दिया। मोदी सरकार की योजनाएं राज्य में सफल हो, उसके लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी है ताकि झारखंड के विकास को और बेहतर गति मिल सके। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति हो, युवाओं को रोजगार मिले, भाजपा इसके लिए दृढ़ संकल्पित है और भाजपा के साथ पूरे राज्य की जनता खड़ी है।इन दोनों के बीच भाजपा के कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ हर विधानसभा क्षेत्र में कमल खिलाने के लिए काम कर रहे हैं। रांची, हटिया, कांके, खिजरी इन चारों विधानसभा क्षेत्र में दुगुने उत्साह से भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है।